
किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक
# समाज जागरण
राष्ट्रीय संस्करण
RNI: UPHIN/2021/84200
नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित
वर्षः 4 अंकः 58 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 07 दिसम्बर 2025 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया

## 2027 में सपा किसके साथ लड़ेगी चुनाव?

लखनऊः बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे सामने आने के



बाद से इंडिया गठबंधन को लेकर लगातार अलग-अलग तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं. इस बीच समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने गठबंधन को लेकर बड़ा बयान दिया है. अखिलेश यादव ने कहा कि यूपी में 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव जिसके साथ गठबंधन है उन्हीं के साथ लड़ा जाएगा. इससे पहले कांग्रेस पार्टी खुद को एमएलसी और पंचायत चुनाव के लिए इंडिया गठबंधन से अलग कर चुकी है. ये दोनों चुनाव कांग्रेस पार्टी ने अकेले ही चुनाव लड़ने का फैसला किया हुआ है.

# केंद्र ने इंडिगो को दिए सख्त निर्देश, रविवार रात 8 बजे तक रिफंड पूरा करना अनिवार्य




नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने शनिवार को इंडिगो एयरलाइंस को सभी पेंडिंग पैसेंजर रिफंड बिना किसी देरी के जारी करने का निर्देश दिया है। उड्डयन मंत्रालय ने कहा कि सभी रद्द और बाधित उड़ानों के लिए रिफंड प्रक्रिया रविवार रात 8 बजे तक पूरी करना अनिवार्य है। इसके अलावा, एयरलाइन को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि जिन यात्रियों का ट्रैवल प्लान रद्द या प्रभावित हुआ है, उनसे कोई रिशेड्यूलिंग चार्जेस न लिए जाएं। मंत्रालय ने साफ किया कि रिफंड प्रक्रिया में किसी भी तरह की देरी या नियमों का पालन न करने पर तुरंत नियामक कार्रवाई की जाएगी।

मंत्रालय ने यह भी निर्देश दिया कि इंडिगो द्वारा रद्द या देरी की गई उड़ानों के यात्रियों के सामान को ट्रेस किया जाए और इसे 48 घंटों के भीतर उनके पते पर भेजा जाए। एयरलाइन को ट्रैकिंग और डिलीवरी टाइमलाइन के बारे में यात्रियों के साथ स्पष्ट और समय पर संवाद बनाए रखने के लिए कहा गया है। साथ ही, जरूरत पड़ने पर मौजूदा यात्री अधिकार नियमों के तहत मुआवजा देने की भी जिम्मेदारी सौंपी गई है।

यात्रियों की सुविधा और शिकायत निवारण को सुनिश्चित करने के लिए मंत्रालय ने इंडिगो को निर्देश दिया कि वह डेडिकेटेड पैसेंजर सपोर्ट और रिफंड फैसिलिटेशन सेल्स स्थापित करे। इन सेल्स का काम होगा प्रभावित यात्रियों से संपर्क करना और यह सुनिश्चित करना कि वे रिफंड और अन्य ट्रैवल अरेंजमेंट्स के लिए बार-बार फॉलो-अप करने की जरूरत न महसूस करें। मंत्रालय ने कहा कि परिचालन पूरी तरह से स्थिर होने तक ऑटोमेटिक रिफंड सिस्टम सक्रिय रहेगा।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने बताया कि इस व्यवधान के दौरान यात्रियों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए एयरलाइन, हवाई अड्डों, सुरक्षा एजेंसियों और सभी परिचालन हितधारकों के साथ लगातार समन्वय बनाए रखा जा रहा है।

## दिल्ली में प्रदूषण नियंत्रण को लेकर सरकार हर मोर्चे पर सक्रिय : सीएम रेखा गुप्ता

समाज जागरण



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राजधानीवासियों को आश्वस्त किया कि सरकार प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए हर स्तर पर सक्रिय है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई लगातार मिशन मोड में जारी है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि बिजली के खंभों पर मिस्ट लगाने का काम जारी है, जो वायु में प्रदूषण को कम करने में मदद करेगा। उन्होंने बताया, "धुआं, धूल, वाहन उत्सर्जन, खुले में कचरा जलाना और लकड़ी जलान ये सभी मिलकर हवा में प्रदूषण की परत बनाते हैं। दिल्ली सरकार प्रत्येक तत्व पर काम कर रही है जो प्रदूषण को बढ़ाता है। मिस्ट लगाने का काम जारी है। सरकार हर मोर्चे पर सक्रिय है।"
उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर भी पोस्ट करते हुए बताया कि शहर के रिंग रोड की सफाई के लिए सैकड़ों स्प्रिंकलर वाहन काम कर रहे हैं। यह सफाई नियमित अंतराल पर हो रही है, जिससे धूल और प्रदूषण कम करने में मदद मिल रही है। उन्होंने लिखा, "दिल्ली में पहली बार सैकड़ों स्प्रिंकलर वाहन रिंग रोड की सफाई कर रहे हैं। हमारा मिशन सभी के लिए है- प्रदूषण नियंत्रण। हमारी सरकार हर स्तर पर पूरी सतर्क और प्रतिबद्ध है। यह पहल वायु गुणवत्ता सुधारने और नागरिकों को स्वच्छ वातावरण प्रदान करने की सरकार की मजबूत प्रतिबद्धता को दशार्ती है।"

# यूपी एसटीएफ का बड़ा खुलासाः 100 करोड़ का हाई-प्रोफाइल फर्जी लोन रैकेट पकड़ाया, 8 अभियुक्त गिरफ्तार

लखनऊ, 06 दिसंबर 2025। उत्तर प्रदेश स्पेशल टास्क फोर्स ने एक तकनीकी रूप से सक्षम और संगठित गिरोह का पदार्फाश किया है, जो फर्जी होम लोन और पर्सनल लोन जारी करके देश के वित्तीय क्षेत्र में बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी कर रहा था।
एसटीएफ ने 8 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध सामान और दस्तावेज बरामद हुए हैं:




220 बैंक खाते फ्रीज, 126 चेकबुक/पासबुक, 170 एटीएम कार्ड, 45 आधार कार्ड, 27 पैन कार्ड, 26 मोबाइल फोन, 3 चार पहिया वाहन, रजिस्ट्री/एग्रीमेंट से संबंधित 10 दस्तावेज
एसटीएफ के अधिकारियों के अनुसार, गिरोह ने 100 करोड़ से अधिक की धोखाधड़ी को अंजाम दिया है।

### गिरोह की कार्यप्रणाली

शेल फर्मों का इस्तेमालः 20 से अधिक शेल कंपनियों का संचालन मनी लॉन्ड्रिंग और फर्जी लोन प्रोफाइल तैयार करने के लिए किया गया।
फर्जी लोन जारी करनाः नोएडा, लखनऊ, वाराणसी, हरिद्वार, चंडीगढ़, दिल्ली और गुरुग्राम के बिल्डरों की मिलीभगत से फर्जी नामों पर होम और पर्सनल लोन जारी करवाए गए।
फर्जी डायरेक्टर और कंपनियाँः फर्जी कंपनियाँ बनाकर असली व्यक्तियों के नाम डायरेक्टर दिखाए गए।
बैंक खातों का दुरुपयोगः बैंक कर्मियों की मदद से फर्जी बैंक खाते खोले गए और उसमें फर्जी सैलरी ट्रांसफर कर मजबूत प्रोफाइल तैयार की गई।
ग्लोबल नेटवर्कः बिहार और अन्य राज्यों के ऐसे लोगों की तलाश की गई, जो गल्फ देशों में कार्यरत थे, और उनकी प्रोफाइल पर संपत्ति खरीदकर लोन राशि का बंटवारा किया गया।
एसटीएफ ने बताया कि यह गिरोह अत्यंत संगठित और तकनीकी रूप से मजबूत था। उनकी यह कार्रवाई राष्ट्रीय स्तर पर हाई-प्रोफाइल साइबर और वित्तीय फ्रॉड रैकेट पर बड़ी पकड़ है। STF का कहना है कि जांच जारी है और अन्य अपराधियों के नाम भी सामने आने की संभावना है। इस गिरफ्तारी से देश में फर्जी लोन और मनी लॉन्ड्रिंग की गतिविधियों पर बड़ा प्रभाव पड़ेगा।
STF ने आम जनता और बैंकिंग संस्थानों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस या STF को दें।

# इंडिगो की बड़े पैमाने पर उड़ानें रद्द : हजारों यात्री एयरपोर्ट पर फंसे

समाज जागरण

इंडिगो एयरलाइंस के संचालन में आज शनिवार को भी भारी अव्यवस्था रही, जिसके कारण देशभर में हजारों यात्री एयरपोर्ट पर फंसे रहे। मुंबई, गुवाहाटी, हैदराबाद और दिल्ली सहित कई बड़े हवाईअड्डों पर लंबी कतारें, भीड़ और अव्यवस्थित हालात देखने को मिले। इंडिगो ने शनिवार सुबह तक पूरे देश में 109 उड़ानें रद्द कीं, जिसमें 51 आगमन और 58 प्रस्थान शामिल हैं जिससे यात्रियों की मुश्किलें और बढ़ गईं। दिल्ली एयरपोर्ट पर सबसे ज्यादा प्रभाव पड़ा, जहां 54 प्रस्थान और 52 आगमन सहित कुल 106 उड़ानें रद्द की गईं। हैदराबाद एयरपोर्ट के अनुसार, इंडिगो ने शनिवार के लिए कुल 69 उड़ानें रद्द की हैं, जिनमें 26 आगमन और 43 प्रस्थान शामिल हैं।
पूर्वोत्तर क्षेत्र में हालात सबसे अधिक चुनौतीपूर्ण रहे। गुवाहाटी के लोकप्रिय गोपीनाथ



बोरदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर यात्रियों को घंटों इंतजार करना पड़ा। एक भारतीय सेना के जवान ने बताया कि उन्हें उड़ान रद्द होने की जानकारी समय पर नहीं मिली और परिवार के साथ वे एयरपोर्ट पर फंस गए। एक अन्य यात्री सुखचैन ने कहा कि उसकी 5 दिसंबर की शाम 6:30 बजे वाली उड़ान रद्द हुई, फिर उसे 6 दिसंबर को 11 बजे के लिए रीशेड्यूल किया गया, लेकिन वह उड़ान भी रद्द कर दी गई।
मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर भी दूरी-दूरी तक कतारें लगी रहीं। अंतरराष्ट्रीय उड़ान से मुंबई पहुँचे दीपेश श्रीवास्तव ने बताया कि उनकी नागपुर की कनेक्टिंग फ्लाइट बिना सूचना रद्द कर दी गई। यात्री हृदयेश ने भीड़ के बीच लोगों से शांति बनाए रखने और सहयोग करने की अपील की।

# भारत से लौटते ही पुतिन के साथ ट्रंप ने किया बड़ा खेल, सीने पर छोड़ दिए 'सूंघने वाले विमान'

मॉस्कोः राष्ट्रपति पुतिन का भारत दौरा ट्रंप को भयंकर **FOMO** दे चुका है. वहीं, पुतिन जब रूस लौटे तो आते ही उनका सामना ट्रंप की एक खतरनाक चालबाजी से हुआ है. अमेरिका ने रूस के सीने पर अपने 'सूंघने वाले विमान' छोड़ दिए हैं. जिनके जरिए रूस की सबसे बड़ा सीक्रेट निकलवाने की कोशिश की जा रही है. ये 'सूंघने वाले विमान' असल में 'न्यूक स्निफर' हैं, जो रूस के आसमान में मंडराते हुए पकड़े गए हैं. इसके बाद दोनों देशों के बीच टेंशन बढ़ने के आसार दिखाई दे रहे हैं. आगे जानें इन विमानों को भेजने के पीछे ट्रंप की चाल आखिर क्या है और ये उड़ते हुए जासूस काम कैसे करते हैं?

### क्या है Trump की चाल?

दरअसल, चीन से तनातनी के बीच अमेरिका ने जापान में विशेष सैन्य विमान तैनात किए हैं. इन्हीं में से एक विमान रूस के पैसिफिक कोस्ट पर उड़ता हुआ पकड़ा गया है. जिसके बाद क्रेमलिन तक हलचल मच गई है. ये कोई आम विमान नहीं है



बल्कि उड़ता हुआ जासूस है जो सूंघकर न्यूक्लियर ताकत का पता लगा लेता है. इन विमानों को 'न्यूक स्निफर' कहा जाता है. ये ऐसे समय में अमेरिका से भेजा गया है जब दोनों सुपरपावर्स एक-दूसरे की ताकत की रेकी करने की कोशिश कर रही हैं.
रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने पिछले महीने ही परमाणु परीक्षणों की तैयारी करने का आदेश दिया था, जिसके बाद जवाब देते हुए ट्रंप ने भी अपनी सेना को न्यूक्लियर टेस्टिंग करने के लिए कह दिया था. ये सारा ड्रामा तब चल रहा है दोनों देशों के बीच 1963 की सीमित परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि है जिसके तहत जो वायुमंडल, अंतरिक्ष या पानी के नीचे सभी प्रकार के परमाणु विस्फोटों पर पूरी तरह रोक लगी हुई है.

# दिल्ली एनसीआर में सर्दी को लेकर मौसम विभाग की चेतावनी, तेज हवाएं बढ़ा देगी ठिठुरन

समाज जागरण

नई दिल्लीः राजधानी दिल्ली समेत एनसीआर में सर्दी ने अब अपने असली तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं. अब दिन में धूप निकलने के बावजूद लोग ठंड से कांप रहे हैं. दिन तो ठंडा हो ही रहा है, साथ ही में रातें कड़ाके की सर्दी वाली हो रही हैं. तापमान लगातार गिर रहा है. हालांकि दिल्ली एनसीआर के लोगों के लिए एक अच्छी और एक बुरी खबर है. अच्छी खबर यह है कि दिल्ली एनसीआर में आज से यानी आज रविवार से हवाएं तेजी पकड़ने और लगभग 15 से 20 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती हैं. हवाएं जैसे ही चलेंगी तो ठंडी बढ़ेगी और लोगों



को ज्यादा ठंड का सामना करना पड़ेगा.

### प्रदूषण कम होने की संभावना

वहीं, हवाओं के तेज चलने की वजह से प्रदूषण कम होने की संभावना बनेगी . क्योंकि जैसे ही हवाएं तेज होंगी वैसे ही प्रदूषण जो अभी चादर बनकर दिल्ली एनसीआर पर लिपटी हुई है हटने लगेगी. बता दें कि पिछले दो महीने से दिल्ली एनसीआर में सिर्फ 8 से 12 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही थी, जिससे प्रदूषण पर कोई असर नहीं हो रहा था. लेकिन अब जब 20 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी तो प्रदूषण हटने की पूरी संभावना है. ऐसे में तेज हवाएं ठंड तो बढ़ाएंगी लेकिन प्रदूषण को कम करने में मदद कर सकती हैं.

## राहुल गांधी के साथ मीटिंग के बाद पंचायत चुनाव पर हुआ था फैसला

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा, ह्यसंगठन सृजन और आने वाले दिनों में जो चुनावी चुनौतियां हमारे सामने हैं, उन पर चर्चा हुई. हमें विधानसभा की सभी सीटों पर संगठन को मजबूती के साथ तैयार करना है. साथ ही पंचायती चुनाव में कांग्रेस स्वतंत्र रूप से उतरेगी और भाग लेगी. आगे जैसी भी परिस्थितियां होंगी. सपा के साथ गठबंधन बनाए रखने को लेकर अभी शंका!
मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि राहुल गांधी ने कांग्रेस नेताओं को अगले 6 महीने में संगठन को मजबूत करने और लोगों को मुद्दों को उठाने की नसीहत दी

# पतंजलि और रूस सरकार के बीच ऐतिहासिक समझौता



नई दिल्ली/मॉस्को, 06 दिसंबर 2025। पतंजलि समूह और रूस सरकार के बीच योग, आयुर्वेद एवं वेलनेस सेक्टर में सहयोग को लेकर एक महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर योग गुरु बाबा रामदेव और मॉस्को सरकार के मंत्री एवं रूस-भारत व्यापार परिषद के चेयरमैन सेर्गेई चेरेमिन उपस्थित रहे।
समझौते के तहत रूस में योग और आयुर्वेद आधारित प्रशिक्षण, अनुसंधान, स्वास्थ्य सेवाओं एवं कौशल विकास कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया जाएगा। पतंजलि समूह रूस में योग केंद्र एवं आयुर्वेदिक वेलनेस यूनिट स्थापित करने की दिशा में काम करेगा। साथ ही आयुर्वेद-आधारित उत्पादों के लिए व्यापारिक अवसरों पर भी सहमति बनी है।
बाबा रामदेव ने कहा कि योग और आयुर्वेद मानवता के लिए लाभकारी हैं और रूस के साथ यह सहयोग वैश्विक स्वास्थ्य कल्याण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। विशेषज्ञों के अनुसार यह समझौता दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों को नई मजबूती प्रदान करेगा।

# पुतिन के भारत दौरे का भारत को क्या लाभ?

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का 4-5 दिसंबर 2025 को भारत दौरा (23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के तहत) दोनों देशों के बीच विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने वाला साबित हुआ। यह दौरा यूक्रेन युद्ध के बाद पुतिन का पहला भारत दौरा था, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने व्यक्तिगत रूप से उनका स्वागत किया। इस दौरान 19 समझौते हुए, जो ऊर्जा, रक्षा, व्यापार, निवेश और सांस्कृतिक सहयोग पर केंद्रित थे। नीचे मुख्य लाभों का विवरण दिया गया है, जो भारत की आर्थिक वृद्धि, राष्ट्रीय सुरक्षा और वैश्विक स्थिति को मजबूत करेंगे।

**1. ऊर्जा सुरक्षा और सस्ता ईंधन आपूर्ति**

रूस ने भारत को कच्चे तेल, गैस, कोयला और अन्य ऊर्जा संसाधनों की बिना रुकावट आपूर्ति का आश्वासन दिया। यह भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक है। पुतिन ने स्पष्ट कहा कि रूस भारत को "भरोसेमंद सप्लायर" बने रहेगा।
लाभः पश्चिमी प्रतिबंधों के बावजूद सस्ता रूसी तेल मिलने से भारत की विदेशी मुद्रा की बचत होगी (2022 से अब तक अरबों डॉलर की बचत हो चुकी है)। अमेरिकी टैरिफ दबाव के बीच यह ऊर्जा विविधीकरण सुनिश्चित करता है।

**2. रक्षा सहयोग में नई ऊंचाइयां**

Su-57 स्टेल्थ फाइटर जेट, S-500 एयर डिफेंस सिस्टम और अतिरिक्त S-400 मिसाइलों पर सहयोग बढ़ेगा। RELOS (रक्षा लॉजिस्टिक्स समझौता) पर फोकस से भारत की सेना को आधुनिक हथियार और तकनीक मिलेगी।
लाभः भारत की वायु रक्षा, नौसेना और वायुसेना को मजबूती मिलेगी, खासकर पाकिस्तान-चीन सीमा पर। रूस ने पिछले 50 वर्षों से भारत की सेना को आधुनिक बनाने में मदद की है, जो आत्मनिर्भर भारत (आत्मानिर्भर भारत) को बढ़ावा देगा।

**3. व्यापार और आर्थिक वृद्धि**

द्विपक्षीय व्यापार को 2030 तक 100 अरब डॉलर का लक्ष्य निर्धारित किया गया (वर्तमान में 60 अरब डॉलर, जिसमें 12% की वृद्धि हुई है)। "प्रोग्राम 2030" के तहत कृषि, फार्मास्यूटिकल्स, आईटी, इंजीनियरिंग गुड्स, दुर्लभ मिट्टी और समुद्री उत्पादों में सहयोग बढ़ेगा।
ईरियन इकोनॉमिक यूनियन (EAEU) के साथ प्राथमिक व्यापार समझौता जल्द साइन होगा, जो माल, सेवाओं और पूंजी के प्रवाह को आसान



बनाएगा।
लाभः भारत को रूस में बाजार पहुंच मिलेगी, जिससे निर्यात बढ़ेगा और व्यापार असंतुलन (जो फिलहाल रूस के पक्ष में है) सुधरेगा। निवेश संरक्षण समझौते से भारतीय कंपनियों को रूस में सुरक्षित निवेश का मौका मिलेगा।
4. निवेश, रोजगार और तकनीकी सहयोग
भारतीय नागरिकों के लिए रूस में काम करने की सुविधा बढ़ेगी, जिससे युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।
परमाणु ऊर्जा (छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर), अंतरिक्ष (गगनयान मिशन के लिए तकनीक हस्तांतरण), स्वास्थ्य, खनन और परिवहन में सहयोग।
लाभः भारत की 'मेक इन इंडिया' पहल को रूसी कंपनियों का साथ मिलेगा, जिससे नौकरियां सृजित होंगी और तकनीकी आत्मनिर्भरता बढ़ेगी।

**5. रणनीतिक और कूटनीतिक लाभ**

आतंकवाद के खिलाफ 'शून्य सहनशीलता' पर सहमति (पहलगाम और मॉस्को हमलों का जिक्र), यूक्रेन शांति प्रयासों में भारत की भूमिका की सराहना।
लाभः वैश्विक मंचों पर भारत की स्वतंत्र विदेश नीति मजबूत होगी। अमेरिकी दबाव (ट्रंप के टैरिफ) के बीच रूस के साथ साझेदारी भारत को बहुपक्षीय विकल्प देती है, जिससे चीन और अमेरिका के बीच संतुलन बनाए रखना आसान होगा। यह दौरा रूस की अलगाव की धारणा को तोड़ता है और भारत को वैश्विक ध्यान दिलाता है।

**कुल मिलाकर मूल्यांकन**

यह दौरा भारत के लिए 'शक्ति संतुलन' का एक महत्वपूर्ण कदम है, जो आर्थिक स्थिरता, सैन्य शक्ति और कूटनीतिक स्वायत्तता को बढ़ावा देगा।
सांस्कृतिक आदान-प्रदान (जैसे भगवद्गीता की रूसी प्रति भेंट) ने लोगों के बीच बंधन को मजबूत किया। हालांकि, व्यापार असंतुलन और पश्चिमी दबाव चुनौतियां बनी रहेंगी, लेकिन ये समझौते लंबे समय तक लाभ देंगे।

# इंडिगो संकट से उभरे व्यवस्था के बुनियादी प्रश्न

**– महेन्द्र तिवारी**

इंडिगो में हालिया बड़े पैमाने पर हुई फ्लाइट रद्दीकरण की घटना ने देश की विमानन व्यवस्था की गहरी परतें उजागर कर दी हैं। यह संकट केवल एक एयरलाइन की विफलता नहीं, बल्कि उस सोच और मॉडल की नाकामी है जिसने भारतीय विमानन को लंबे समय तक “लीन और एफि-शिएंटह्व रणनीति के नाम पर अनिश्चितता और अस्थिरता की ओर धकेला। इंडिगो जैसी विशाल एयरलाइन, जो अपने समय पर उड़ान भरने और व्यापक नेटवर्क के लिए जानी जाती रही है, आज इतने व्यापक परिचालन संकट में घिर जाए यह स्वाभाविक रूप से एक बड़े सिस्टम की चेतावनी का संकेत है।

संकट की जड़ में नए FDTL (फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन) नियमों का प्रभावी क्रियान्वयन रहा, जो 1 नवंबर 2025 से लागू हुए। इन नियमों ने पायलटों और केबिन क्रू के कार्य-घंटों पर कड़े प्रावधान लगाए। साप्ताहिक आराम 36 से बढ़ाकर 48 घंटे करना और नाइट लैंडिंग्स को 6 से घटाकर 2 कर देना। यह बदलाव पायलटों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और थकान प्रबंधन के लिए अनिवार्य था और वैश्विक मानकों के अनुरूप भी। परंतु इंडिगो ने इन बदलावों के प्रभाव को समय रहते न तो ठीक से समझा और न ही इसके लिए आवश्यक स्टाफिंग तैयार की। DGCA ने नियम लागू होने से नौ महीने पहले एयरलाइंस को तैयारी का समय दिया था, लेकिन इंडिगो के भीतर “लीन मैनपावर” रणनीति ने इस लचीलापन को नजरअंदाज कर दिया। यही वह बिंदु था, जहां से संकट की नींव पड़ी।

इंडिगो का पायलट रोस्टर पहले ही अपनी क्षमता की सीमा पर संचालित हो रहा था। जब नए FDTL नियम लागू हुए, तो पायलटों की आवश्यकता अक्टूबर में 2,186 से बढ़कर नवंबर में 2,422 हो गई, जबकि उपलब्ध संख्या 2,357 पर ही अटकी रही। यह महज संख्या का अंतर नहीं था बल्कि एक ऐसे ऑपरेशन का चित्र था, जो हर दिन किनारे पर डगमगाते हुए चल रहा था। फर्स्ट ऑफिसर्स की कमी ने स्थिति को और कमजोर किया। खासकर विंटर शेड्यूल, रेड-आई फ्लाइट्स और हाई-ट्रैफिक हब्स जैसे दिल्ली और मुंबई पर इस कमी के कारण रोस्टरिंग लगभग असंभव हो गई। परिणामस्वरूप मामूली देरी भी पूरे नेटवर्क में “कैस्केडिंग कैंसिलेशन” में बदल गई, जैसा कि दिसंबर के पहले सप्ताह में देखने को मिला।

यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि इंडिगो ने पिछले महीनों में हायरिंग फ्रीज, सैलरी फ्रीज और अन्य एयरलाइंस के साथ नॉन-पोचिंग एग्रीमेंट जैसे निर्णय लिए, जिनका सीधा असर उसकी क्रू उपलब्धता पर पड़ा। यह रणनीति लागत नियंत्रण के लिहाज से आकर्षक लग सकती है, लेकिन विमानन जैसे जटिल और सुरक्षा-उन्मुख क्षेत्र में स्टाफ को ह्लीन संसाधनह्व मानकर चलना जोखिमभरा कदम है। ऐसा मॉडल अनिश्चित मौसम, एयर ट्रैफिक कंजेशन, तकनीकी समस्याओं या स्टेशन-स्तर की गड़बड़ियों को सहन नहीं कर सकता। और यही हुआ–दिल्ली एयरपोर्ट जैसी जगहों पर चेक-इन और डिपार्चर कंट्रोल सिस्टम में आई तकनीकी दिक्कतें और कोहरे ने उस रोस्टर को चरमराकर गिरा दिया, जिसमें बफर क्रू का लगभग अभाव था।

दिल्ली इस संकट का केंद्र बना। 5 दिसंबर को इंडिगो की 235 सभी घरेलू उड़ानें रद्द हो गईं, एक ऐसा दृश्य जो भारतीय विमानन इतिहास में दुर्लभ है। दिल्ली इंडिगो का प्रमुख हब है, जहाँ रेड-आई फ्लाइट्स और रात के ऑपरेशनल दबाव अधिक होते हैं। नए ऋङ्कळछ नियमों की मार भी सबसे पहले और सबसे ज्यादा इसी बेस पर पड़ी। जब दिल्ली चरमराया, तो उसके बाद मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद और पुणे जैसे अन्य हब्स में भी कैंसिलेशन फैल गए। यह मानना गलत नहीं होगा कि इंडिगो का नेटवर्क एक अच्छी तरह निर्मित मशीन भले हो, लेकिन इस संकट ने दिखा दिया कि मशीन का हर पुर्जा पहले से ही अपनी अधिकतम क्षमता पर चल रहा था–और किसी भी दिक्कत में पूरी व्यवस्था ध्वस्त हो सकती है। DGCA की भूमिका यहां निर्णायक रही।

नियामक ने न केवल एयरलाइन से हर 15 दिन में प्रोग्रेस रिपोर्ट की मांग की, बल्कि उससे 30 दिनों में पूर्ण ऋङ्कळछ अनुपालन का विस्तृत रोडमैप जमा करने को भी कहा। ऊक्कअ ने अ320 विमानों के लिए कुछ अस्थायी छूट दी जैसे लगातार फ्लाइंग घंटे 12 से बढ़ाकर 14 करना या क्रू लीव को वीकली रेस्ट के रूप में स्वीकार करना लेकिन यह स्पष्ट संदेश दिया कि पूर्ण अनुपालन की अंतिम सीमा 10 फरवरी 2026 ही है। यह डेडलाइन इस राजनीतिक और नियामक संकल्प का प्रतीक है कि सुरक्षा के मूल मानकों पर कोई समझौता नहीं होगा, चाहे ऑपरेशनल असुविधा कितनी भी बड़ी क्यों न हो।

मौजूदा संकट केवल विमानन मैनपावर की कमी का संकट नहीं, बल्कि यह उन रणनीतिक निर्णयों की भी विफलता है जो “किफायत” के नाम पर बने। किसी भी उद्योग में लागत नियंत्रण आवश्यक है, लेकिन यदि वह सुरक्षा, विश्वसनीयता और मानवीय संसाधनों के सम्मान को कमजोर करने लगे, तो वह टिकाऊ मॉडल नहीं रह जाता। इंडिगो को यह समझना होगा कि पायलट, केबिन क्रू और ग्राउंड स्टाफ मशीन का हिस्सा नहीं, बल्कि अपने कौशल और निर्णय क्षमता से हर दिन हजारों यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले पेशेवर हैं। उन्हें थकावट की सीमा तक खींचना एयरलाइन के लिए भी और यात्रियों के लिए भी नुकसानदेह है।

यह संकट हमें विमानन उद्योग के भविष्य के बारे में भी सोचने पर मजबूर करता है। क्या एयरलाइंस को अक आधारित प्रेडिक्टिव रोस्टरिंग और बफर क्रू पूल जैसे आधुनिक विकल्पों को अपनाना चाहिए? क्या पायलटों के लिए कैडेट प्रोग्राम्स, तेज ट्रेनिंग रूट्स और बेहतर वेतन संरचना जरूरी है? क्या हवाई अड्डों पर तकनीकी अवसंरचना को मजबूत किए बिना हम बढ़ते यात्री ट्रैफिक का सामना कर सकते हैं? ये सवाल अब और टाले नहीं जा सकते।

अंततः, यात्रियों के अधिकारों की बात भी उतनी ही महत्वपूर्ण है, जिनके लिए यह संकट असुविधा, नुकसान और मानसिक तनाव का कारण बना। ऊक्कअ ने रिफंड, मुआवजा और री-बुकिंग के स्पष्ट नियम बनाए हैं, और इंडिगो ने भी दिसंबर की तारीखों पर पूर्ण वेवर की घोषणा की है। लेकिन आदर्श स्थिति यही होती कि यात्रियों को इस संकट से गुजरने की आवश्यकता ही न पड़ती।

निष्कर्ष यह है कि भारतीय विमानन उद्योग को अब केवल "लीन और एफिशिएंट" मॉडल तक सीमित न रहकर एक "रिज़िलिएंट और सेफ्टी-प्रूफ" मॉडल को प्राथमिकता देनी होगी। इंडिगो में हालिया संकट एक स्पष्ट चेतावनी हैः यदि समय पर आवश्यक तैयारी न की जाए, स्टाफिंग स्तर पर्याप्त न हो, और यदि बुनियादी सुरक्षा एवं परिचालन क्षमता के नियमों की अनदेखी केवल लागत नियंत्रण के लिए की जाए, तो देश की सबसे बड़ी एयरलाइन भी कुछ ही दिनों में गंभीर परिचालन गतिरोध का सामना कर सकती है।

यह वर्तमान स्थिति भारतीय आसमान को आने वाले वर्षों में सुरक्षित, स्थिर और भरोसेमंद बनाए रखने के लिए एक निर्णायक क्षण है–जो सुधार और गहन आत्ममंथन की मांग करता है।

# हुमायूं कबीर की बाबरी मस्जिद चाल से ममता बनर्जी की सत्ता पर मंडराया संकट

**अजय कुमार, वरिष्ठ पत्रकार**

पश्चिम बंगाल की राजनीति में इन दिनों हलचल मची हुई है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, जो 15 साल से सत्ता की कमान संभाल रही हैं, अब चारों तरफ से घिरी नजर आ रही हैं। एक तरफ हिंदू वोटरों का झुकाव भाजपा की ओर हो चुका है, तो दूसरी तरफ उनकी मुस्लिम तुष्टिकरण की पुरानी राजनीति भी डगमगा रही है। ताजा संकट खड़ा कर दिया है उनकी ही पार्टी के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने। 6 दिसंबर को मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में बाबरी मस्जिद की प्रतिकृति बनाने की नींव रखने का ऐलान कर उन्होंने न सिर्फ तृणमूल कांग्रेस को बैकफुट पर धकेल दिया, बल्कि पूरे राज्य की सांप्रदायिक सियासत को नई हवा भी दे दी। यह घटना महज एक विधायक का विद्रोह नहीं, बल्कि ममता की सत्ता की नींव हिला देने वाली चाल लग रही है।





हुमायूं कबीर कौन हैं, यह जानना जरूरी है। मुर्शिदाबाद जिले के भरतपुर विधानसभा क्षेत्र से 2021 में तृणमूल के टिकट पर विधायक बने कबीर पहले भी विवादों के केंद्र में रहे हैं। ममता सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके वे मूल रूप से कांग्रेसी पृष्ठभूमि के हैं। 2011 में ममता के सत्ता में आने पर वे मंत्री बने, लेकिन 2015 में पार्टी के खिलाफ बगावत कर दी। उन्होंने ममता पर आरोप लगाया कि वे अपने भतीजे अभिषेक बनर्जी को 'राजा' बनाने की कोशिश कर रही हैं। नतीजा यह हुआ कि उन्हें छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया गया। 2021 में वनवास खत्म हुआ और तृणमूल ने फिर मौका दिया। लेकिन अब फिर वही पुरानी कहानी। लोकसभा चुनाव के दौरान कबीर ने कहा था कि मुर्शिदाबाद में 70 फीसद मुस्लिम आबादी है, इसलिए हिंदुओं को भागीरथी नदी में डुबो देंगे। यह बयान सुर्खियां बटोर गया। अब बाबरी मस्जिद का राग छेड़कर वे ममता को सीधा चुनौती दे रहे हैं।

6 दिसंबर का दिन खास था। बाबरी विध्वंस की 32वीं बरसी पर कबीर ने बेलडांगा में शिलान्यास किया। कार्यक्रम में तीन लाख लोग जुटे, 40 हजार बिरयानी के पैकेट बंटे और सऊदी से आए धर्मगुरुओं ने आशीर्वाद दिया। मंच से कबीर ने कहा कि तीन साल में मस्जिद बनकर तैयार हो जाएगी। उन्होंने 25 नवंबर को ही ऐलान किया था कि 6 दिसंबर को नींव रखेंगे। तृणमूल ने इसे सांप्रदायिक राजनीति बताकर उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया। ममता ने कबीर को आरएसएस का मुखौटा करार दिया। पार्टी का कहना है कि निलंबन बाबरी मुद्दे के लिए नहीं, बल्कि पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए हुआ। लेकिन कबीर पीछे हटने को तैयार नहीं। उन्होंने कहा कि ममता मेरी हत्या भी करवा सकती हैं, लेकिन मस्जिद बनेगी। वे नई पार्टी बनाने और 90 मुस्लिम बहुल सीटों पर उम्मीदवार उतारने का ऐलान कर चुके हैं।

यह सब ममता के लिए कितना बड़ा झटका है, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं। बंगाल में मुस्लिम आबादी करीब 30 फीसद है। 2011 की जनगणना के मुताबिक 27 फीसद थी, जो अब बढ़कर 30 के आसपास पहुंच गई। मालदा, मुर्शिदाबाद जैसे सीमावर्ती जिलों में बांग्लादेशी घुसपैठियों की भरमार है। कबीर का दावा है कि 90 सीटें ऐसी हैं जहां मुस्लिम वोट 35 फीसद से ज्यादा हैं। ममता ने हमेशा अल्पसंख्यक वोटों को सहारा बनाया। इमामों को तनख्वाह, धार्मिक जुलूसों का समर्थन सब कुछ किया। लेकिन अब कबीर की चाल से वोट बंटवारे का खतरा मंडरा रहा। भाजपा को इसका फायदा होगा, जो हिंदुत्व कार्ड खेल रही है। वीएचपी ने चेतावनी दी कि अगर बाबरी बहाने से हिंदुओं पर हमला हुआ तो कबीर और ममता जिम्मेदार होंगे। हाईकोर्ट ने भी दखल देने से इनकार कर दिया, जिससे कबीर को हौसला मिला।

ममता का मुस्लिम तुष्टिकरण अब उल्टा पड़ रहा है। वक्फ संशोधन कानून पर उनका यू-टर्न इसका बड़ा उदाहरण है। अप्रैल 2025 में ममता ने कहा था कि बंगाल में वक्फ कानून लागू नहीं होने दूंगी। तृणमूल ने सड़क से संसद तक हंगामा किया। मुस्लिम समुदाय खुश था। लेकिन बाद में उन्होंने पोर्टल पर वक्फ संपत्ति का ब्योरा अपलोड करने की इजाजत दे दी। इससे मुस्लिमों में गुस्सा भड़का। उन्हें लगने लगा कि ममता भी भाजपा जैसी हो गई हैं। बिहार चुनाव में तेजस्वी यादव की तरह वादा किया, लेकिन महागठबंधन की हार देखकर रुख बदला। मुर्शिदाबाद में वक्फ विरोधी हिंसा हुई, जिसमें भाजपा ने ममता पर बांग्लादेश बनाने का आरोप लगाया। मौलाना साजिद रशीदी जैसे नेताओं ने राष्ट्रपति शासन की मांग की।

दूसरा बड़ा संकट है विशेष गहन पुनरीक्षण (एस-ाआईआर )। चुनाव आयोग ने मतदाता सूची साफ करने के लिए एसआईआर शुरू किया। ममता ने इसे अमित शाह की साजिश बताया। कहा कि अगर रोकतीं तो केंद्र राष्ट्रपति शासन लगा देता। एसआ-ईआर से 46 लाख नाम कट सकते हैं, जिनमें ज्यादातर घुसपैठिए। ममता ने विरोध में रैलियां कीं। मालदा में कहा कि भाजपा अपनी कब्र खोद रही है। एसआईआर से 40 मौतें हुईं, जिनमें आधे हिंदू। ममता ने मुआवजा देने की घोषणा की और निगरानी टीम बनाई। लेकिन आयोग ने उनकी बाधा को नकार दिया। सीमावर्ती जिलों में वोटरों की संख्या दोगुनी हो गई, जो भाजपा घुसपैठ का सबूत बता रही। बंगाल में एक करोड़ फर्जी वोटर होने का दावा कर रही। मुस्लिम बहुल इलाकों में एसआईआर फॉर्म भरने की होड़ लगी, लेकिन ममता का विरोध जारी है। वे घुसपैठियों को सांत्वना दे रही हैं कि डरें नहीं, वापस बुलाएंगी। 20 साल पहले लोकसभा में घुसपैठ पर बवाल काटने वाली ममता अब उलट बोल रही हैं।

भाजपा इन सबका फायदा उठाने को बेताब है। 2021 में 77 विधायक जीतकर राज्य में मजबूत हुई। अब हिंदू वोट उसके पाले में हैं। वंदे मातरम विवाद से बंगाली अस्मिता जोड़ रही। मुस्लिम आउटरीच प्रोग्राम शुरू किया, ताकि बंगाली मुसलमानों को साधे। ओबीसी लिस्ट से 35 मुस्लिम जातियों को हटाने पर तृणमूल-भाजपा भिड़ गई। जाति सर्वे को भेदभाव बढ़ाने वाला बता रही। असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम भी बंगाल में दखल दे रही, जिस पर भाजपा की मदद का आरोप है। कबीर का बीजेपी से पुराना रिश्ता रहा। 2019 में वे भाजपा से लड़े। अब कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने उन्हें मानसिक रूप से बीमार और भाजपा एजेंट कहा।

2026 के विधानसभा चुनाव नजदीक हैं। ममता की स्थिति सांप-छछूंदर जैसी हो गई। न निगलते बन रहा, न उगलते। हुमायूं कबीर का खेल कामयाब हुआ तो तृणमूल का वोट बैंक बंट जाएगा। मुस्लिम वोट भाजपा को फायदा पहुंचाएंगे। बंगाल की सियासत में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण तेज हो रहा। ममता को बड़ा सबक मिल सकता है। क्या वे अपनी सेकुलर छवि बचा पाएंगी? या भाजपा सत्ता की चाबी हाथ में ले लेगी? समय ही बताएगा, लेकिन फिलहाल हुमायूं कबीर की बाबरी चाल ने सबको चौंका दिया है। बंगाल की सड़कों पर बहस छिड़ गई है क्या यह ममता का अंतिम संकट है?

# आतंकवाद की नई परिभाषा गढ़ते तालिबान पाकिस्तान।
# पाकिस्तान तालिबान आमने-सामने।

तब जब तालिबान और पाकिस्तान एक-साथ मिलकर, अमेरिका व पश्चिम समर्थित अफगानी शासन के खिलाफ संघर्ष में थे। तब आतंकवाद, संगठित विद्रोह, और पनाह-गाह का एक साझा मंच था। उस संघर्ष का मकसद स्पष्ट था अफगानिस्तान में तालिबानी शासन स्थापित करना, और क्षेत्रीय देश अपने स्वार्थ साधना। पाकिस्तान ने अपने हितों के तहत तालिबान और उनसे जुड़े संगठनों को संरक्षण दिया था। कई आतंकी समूह चाहे वे तालिबान के ही हों या बहु-संगठित भारत, अफगानिस्तान, पाकिस्तान, और मध्य एशिया में सक्रिय रहे लेकिन वक्त और हालात बदल गए। पहले जिस तालमेल को आतंकवाद की साझा पहचान ने जोड़ा था, अब वही लहू-खून और घात-छिपा युद्ध का कारण बन गया है। पिछले महीनों में सीमा पार कई हिंसक हमले हुए। कथित आतंकवादी संगठनों ने पाकिस्तान की सुरक्षाबलों पर हमले बढ़ा दिए। पाकिस्तान का आरोप है कि ये हमले विशेषकर उन संगठनों द्वारा अफगानिस्तान की जमीन से संचालित हो रहे हैं। हाल ही में, पाकिस्तान ने स्पष्ट रूप से चेतावनी दी कि अगर बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए), टीटीपी या अन्य प्रतिबंधित समूहों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई, तो अफगानिस्तान के शासन और तालिबान दोनों को दुश्मन माना जाएगा।

दूसरी ओर, तालिबान भी खामोश नहीं रहा। उसने पाकिस्तान द्वारा अफगानिस्तान में कथित हवाई हमलों जिनमें मासूमों की मौत हुई को ह्लअभियानह्व, ह्लसैन्य घुसपैठह्व, और ह्लसरहद उल्लंघनह्व करार दिया। तालिबान के एक मंत्री ने पाकिस्तान की रक्षा नीति को चुनौती देते हुए, उसे ह्लकायर दुश्मनह्व कहा और चेतावनी दी कि इस तरह की हरकतों का जवाब दिया जाएगा।

यही नाजुक संतुलन जो कभी साझा थे अब क्लेश, वियोग, और परस्पर अविश्वास में बदल गया है।

पाकिस्तान का कहना है कि तालिबान शासन ने उन आतंकवादी समूहों को पनाह दी जिन्होंने खुद पाकिस्तान की सेना व आम नागरिकों को निशाना बनाया। उनकी मांग यह है कि तालिबान उन समूहों को खदेड़े, या उन्हें समाप्त करने की ठोस कार्रवाई करें। क्योंकि, पाकिस्तान का कहना है, “जो भी उन्हें पनाह देता है, उकसाता है या फंड करता है, वह हमारे लोगों का मित्र नहीं हो सकता।”

तालिबान के लिए जिसे अब काबुल में सत्ता मिली है ।यह कहना आसान हो सकता है कि “वे अपने देश के अंदर सीमाओं और नागरिकों की रक्षा करेंगे”। लेकिन उस रक्षा की भी कीमत चुकानी पड़ी है। जब पाकिस्तान ने उत्तर वजीरिस्तान और कुर्म बार्डर क्षेत्र में आतंकवादियों के ठिकानों पर हवाई और थल हमले किए, तालिबान ने जवाबी कार्रवाई की धमकी दी।

इस बदलते परिदृश्य को यदि हम तत्कालीन इतिहास से जोड़कर देखेंः 2021 में जब तालिबान ने अफगानिस्तान में फिर सत्ता सँभाली, पाकिस्तान की उम्मीदें बहुत थीं कि तालिबान न सिर्फ अफगान, बल्कि क्षेत्रीय संतुलन में पाकिस्तान का साथ देगा। विशेष रूप से, भारतझ्र पाकिस्तान कश्मीर के मसलों में तालिबान को पाकिस्तान का साथी बनाने की कवायद थी। लेकिन वह उम्मीद धरी की धरी रह गई। न तो तालिबान ने कश्मीर पर पाकिस्तान की किसी पुरजोर रणनीति का वादा निभाया, न ही भारत-विरोधी स्पष्ट राजनीतिक रुख अपनाया।



अब, जब तालिबान स्वयं आतंकवादियों के जिनमें टीटीपी, बीएलए आदि शामिल खिलाफ कार्रवाई में रुचि नहीं दिखा रहे, या दिखा भी रहे हो, पर कार्रवाई ठोस नहीं है, पाकिस्तान की नाराजगी बढ़ने लगी। और इस नाखुशी की आंच से दोनों पूर्व मित्र अब आपस में तलवारें खिंचने लगे हैं।

इस विस्तृत परिप्रेक्ष्य में जहाँ दोनों ही पक्षों ने कभी आतंकवाद को पनाह दी, सहारा दिया आज विरासत खतरनाक हैः अस्थिरता, अविश्वास, सीमा पर गोलीबारी, नागरिकों की जान और क्षेत्रीय राजनैतिक असंतुलन।

भारत के लिए, यह संघर्ष सिर्फ एक सीमापार झड़प नहीं बल्कि एक व्यापक सुरक्षा, भू-राजनीति और कूटनीति का चेहरा है। क्योंकि जब पाक तालिबान जैसी शक्तियाँ आपस में झड़ रही हों, तो आतंकवाद का जाल और जटिल हो जाता है चाहे वह कश्मीर हो या पंजाब, चाहे भारत की सीमाएँ हों या मध्य एशिया का विस्तार।

इसलिए, अब यह कहना लाजिमी हो गया है कि ह्लआतंकवादियों को पनाह देनेह्व वाले देशों चाहे कभी मित्र रहे हों का अंत निश्चित था। और वह अंत सिर्फ उनकी अपूर्णीय साझेदारी का ही नहीं, बल्कि उस साझेदारी के दायित्वों, कूटनीतिक दावों और सुरक्षा प्रणालियों की विफलता का प्रतीक है।

आज, पाकिस्तान राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक तीनों मोर्चों पर अस्थिरता से गुजर रहा है। उसकी सेना, उसकी सीमाएँ, उसका भरोसा सब कुछ सवालों पर है। एक अस्थायी, गठबंधन-सरकार की राजनीतिक कमजोरी, आर्थिक संकट, और बढ़ती आंतरिक असुरक्षा इन सबके बीच तालिबान का विरोध उस संकट को और गहरा कर रहा है।

इस पाशविक युग में, आतंकवाद जो कभी साझा उद्देश्य था अब दोनों के लिए भड़की हुई आग बन गया है। क्योंकि आतंकवादी कभी अपने चरित्र को नहीं भूलते और इस आग में, सीमाएँ नहीं इंसान, जन-जीवन, राज-नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा जलती है।

इसलिए, यह वक्त सिर्फ सामरिक भूल-चूक की नहीं, बल्कि नैतिक पुनर्मूल्यांकन का भी है। आतंकवाद के प्रतीक बने देशों की पहचान मुड़ चुकी है अब वे केवल स्वयं को बचाने की होड़ में हैं।

भारत के लिए, यह अवसर है न सिर्फ सुरक्षा की तैयारी करने का, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर यह संकेत देने का कि आतंकवाद केवल एक देश या संगठन का नहीं, बल्कि एक वैश्विक समस्या है जिसकी जड़ें साझा हैं।

क्योंकि आतंकवादियों के खिलाफ गठबंधन, सिर्फ युद्ध की रणनीति नहीं एक नैतिक और वैचारिक लड़ाई है। और जब दो पूर्व सहयोगी, आपस में संघर्षरत हों तब असली जीत उस विचार की होगी जो आतंकवाद की पनाह-गाहों को मिटा दे, और मानवीय सुरक्षा, कूटनीतिक स्थिरता व क्षेत्रीय शांति को प्राथमिकता दे।

संजीव ठाकुर, लेखक, चिंतक, स्तंभकार, वरिष्ठ पत्रकार, रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415,

### व्यंग्य

रूस और भारत की दोस्ती ने ऐसी चाल चली कि अमेरिका बेचारा रात-रातभर जगकर चाय नहीं, एक्स्ट्रा स्ट्रॉन्ग कॉफी पी रहा है। जब से पुतिन दिल्ली आए हैं, तब से वॉशिंगटन में कूटनीतिक मौसम विभाग ने नया अलर्ट जारी कर दिया है–“उच्च स्तर की जलन, अंतरराष्ट्रीय खुजली और कूटनीतिक बेचैनी की संभावना।”

अमेरिका को तो पूरा भरोसा था कि भारत सिर्फ उसी का दोस्त है–वो भी वाला दोस्त, जिसे हर मीटिंग में बुलाया जाए और हर बार कहा जाएः “डू मोर, डू मोर!” पर भारत ने इस बार साफ बता दिया–“डिप्लोमेसी वन-वे ट्रैफिक नहीं, मल्टी-लेन एक्सप्रेसवे है।”

अब अमेरिका स्थिति समझने में व्यस्त है–कभी G7 के चैट ग्रुप में पूछता है, कभी NATO के व्हाट्सऐप स्टेटस चेक करता है–पर जवाब आता हैः

☞ "Seen at 9:47, but reply नहीं।"

दूसरी तरफ भारत मजे में चाय की चुस्कियों के साथ रूस से ट्रैक्टर से लेकर टैंक तक की डील पर बात कर रहा है। अमेरिका सोच रहा होगा–

"ये क्या! मेरे सामने ही दोस्ती गोलगप्पे की तरह फ्लेवर बदल रही है?"

लेकिन चिंता मत कर अमेरिका–भारत का सिद्धांत सरल हैः

"हम किसी के दुश्मन नहीं, पर सबके दोस्त हैं–बस बराबरी से!"

और हाँ, थोड़ी मिर्ची लग रही है तो पानी नहीं, कूटनीतिक धैर्य पीजिए। 😁

# डीजे की कानफोड़ू ध्वनि से आमजन खासे परेशान; प्रतिबंध की मांग

बिलासपुर। बिगड़े हुए पर्यावरण के इस दौर में शहरों में गांव में, शादीघरों के आसपास बसीं कालोनियां और यहां रहने वाले लोगों को अनावश्यक ही परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मानकों की धज्जियां उड़ाते हुये डी.जे. संचालकों द्वारा अत्याधिक ध्वनि प्रदूषण फैलाया जा रहा है। इस सम्बन्ध में ह्यूमन राईट एक्टिविस्ट सुरेश सिंह बैस ने जिलाधिकारी को एक पत्र भेजा है। जिसमें उन्होंने डी. जे. संचालकों द्वारा ध्वनि प्रदूषण के मानकों पर अमल कराये जाने और लोगों को हो रही अनावाश्यक परेशानियों को दूर किये जाने की मांग उठाई है। कलेक्टर को भेजे पत्र में सुरेश सिंह बैस ने बताया कि नगर क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से नगर क्षेत्र में विवाह, पार्टियों और आयोजनों में अत्याधिक तेज आवाज में डी.जे. साउण्ड सिस्टम बजाया जा रहा है, जिससे स्थानीय निवासियों, विद्यार्थियों, बुजुर्गों व छोटे बच्चों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विवाह के सीजन में खासकर के जूना बिलासपुर, गोल बाजार, सदर बाजार, गांधी चौक, शिव टॉकीज चौक, गोडपारा, तेलीपारा, के इलाके जो अत्यधिक व्यस्त व भीड़भाड के इलाके उपर से संकरी सड़क के कारण राहगीरों को इन कानफोड़ू आवाज से अक्सर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। राहगीरों का रास्ता भी जाम हो जाता है जिससे और भी समस्याएं पैदा होती है। मानकों की धज्जियां उड़ाते हुये डी.जे. संचालकों द्वारा रात में अत्याधिक आवाज में साउण्ड सिस्टम बजाये जाने से रात में स्थिति और भयावह हो जाती है। उन्होंने

केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व उच्च न्यायालय,सर्वोच्च न्यायालय से उन्होंने मांग उठायी है कि शहर क्षेत्रों में डीजे से हो रहे अत्याधिक ध्वनि प्रदूषण की जांच कराये जाने, आयोजकों को नियमों व समय-सीमा का पालन सुनिश्चित कराये जाने, रात्रि 10 बजे के बाद किसी भी प्रकार के डीजे/तेज ध्वनि के उपकरण उपयोग पर प्रभावी रोक लगाने की कार्यवाही हो। निर्धारित मानकों से अधिक ध्वनि होती है। शिकायत में उन्होंने पर्यावरण संरक्षण अधिनियम व ध्वनि प्रदूषण (नियमन व नियंत्रण) नियम 2000 का हवाला दिया है। शहर और ग्रामीण इलाकों में लगातार बढ़ते कानफोड़ू डीजे की आवाज से आम नागरिकों का जीना मुश्किल होता जा रहा है। त्योहारों, बारातों और निजी आयोजनों में तेज आवाज में बजने वाले डीजे लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर असर डाल रहे हैं। इसके चलते बुजुर्ग, बीमार लोग और पढ़ाई करने वाले बच्चों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, रात देर तक चलने वाली तेज ध्वनि न केवल नींद में खलल डालती है बल्कि सिरदर्द, तनाव, ब्लड प्रेशर बढ़ने जैसी समस्याएं भी पैदा कर रही है। डॉक्टरों का कहना है कि लंबे समय तक ऊँची आवाज के संपर्क में रहना कानों की शक्ति पर भी बुरा प्रभाव डाल सकता है।स्कूल-कॉलेज के छात्रों ने बताया कि परीक्षा नजदीक होने के बावजूद आसपास के इलाकों में बजने वाला तेज डीजे उन्हें पढ़ाई पर ध्यान लगाने नहीं दे रहा। कई छात्र देर रात तक शोर के खत्म होने का इंतजार करते हैं, जिससे उनकी दिनचर्या प्रभावित हो रही है।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

## फाटक संख्या 138/सी पर मरम्मत कार्य के चलते 10 दिन तक आवागमन बंद

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 06 दिसंबर 2025। उत्तर मध्य रेलवे, दादरी के वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर ने बताया कि दनकौर स्टेशन से लगभग 3 किलोमीटर पूर्व ग्राम अस्तौली के पास फाटक संख्या 138/सी पर आवश्यक मरम्मत कार्य किया जाएगा। इस कारण यह फाटक 08 दिसंबर 2025 सुबह 08:00 बजे से 18 दिसंबर 2025 शाम 06:00 बजे तक पूरी तरह बंद रहेगा। रेलवे विभाग ने आम नागरिकों से अनुरोध किया है कि इस अवधि के दौरान आवागमन के लिए फाटक संख्या 139/सी के फ्लाईओवर का उपयोग करें। सूचना सौजन्यः सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर।

## गौतमबुद्धनगरः तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न, 138 शिकायतें दर्ज

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 06 दिसंबर, 2025। जनपद गौतमबुद्धनगर में जनता की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु दादरी, सदर और जेवर तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 138 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 09 का समाधान मौके पर ही किया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता और समयबद्ध तरीके से कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

तहसील जेवर में मुख्य अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी ने अध्यक्षता करते हुए जनता की शिकायतें सुनी। यहाँ 41 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से 02 का समाधान मौके पर किया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी जेवर अभय कुमार, जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार, पुलिस विभाग और अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। तहसील दादरी में अपर जिलाधिकारी भू0अ0 बच्चू सिंह की अध्यक्षता में 96 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें 07 का समाधान मौके पर किया गया।

सदर तहसील में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार की अध्यक्षता में एक शिकायत दर्ज हुई। सूचना सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर।

## कानपुर-लखनऊ NH-27 पर निर्माण कार्य, यातायात डायवर्जन लागू

कानपुर। पीएनसी कम्पनी द्वारा कानपुर-लखनऊ हाइवे (NH-27) पर नादरगंज से जुनाबगंज तक विभिन्न स्थानों पर निर्माण कार्य चल रहा है। इस दौरान भारी और छोटी मशीनरी का उपयोग किया जा रहा है। निर्माण कार्य के कारण यातायात प्रभावित होगा, और सड़क पर डायवर्जन / वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था की गई है। अधिकारियों ने हाइवे उपयोगकताओं से अनुरोध किया है कि वे सावधानीपूर्वक ड्राइव करें और वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें। थानाक्षेत्र बंथरा और सरोजनीनगर के अंतर्गत यह कार्य जारी रहेगा, और कार्य पूर्ण होने तक यातायात व्यवस्था इसी प्रकार लागू रहेगी।

## देवरिया पुलिस ने शराब तस्करी और चोरी के वाहनों पर एक साथ लगाम लगाई

समाज जागरण

देवरिया, 06 दिसंबर 2025। देवरिया पुलिस ने अंतरराज्यीय शराब तस्करी के तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त चोरी के वाहनों पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर टंकी और सीट मॉडिफाई कर शराब की तस्करी कर रहे थे। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से चोरी के 10 दोपहिया वाहन, लगभग 32 लीटर अंग्रेजी शराब और 2 फर्जी नंबर प्लेट बरामद किए हैं। पुलिस ने जनता से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या अवैध शराब की सूचना तुरंत पुलिस को दें। उनकी सतर्कता अपराध रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

## अलीगढ़ पुलिस की बड़ी सफलताः मकानों की चोरी में शामिल 4 अभियुक्त और 1 आभूषण खरीदार गिरफ्तार

समाज जागरण

अलीगढ़। अलीगढ़ पुलिस ने मकानों में चोरी करने वाले चार अभियुक्तों और चोरी का सामान खरीदने वाले एक सुनार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से ड्ढ6,21,800 नकद, चोरी के आभूषण, 2 मोबाइल फोन और चोरी में इस्तेमाल उपकरण बरामद किए हैं।

पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई अपराधियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने और अपराध नियंत्रण के लिए की गई है। गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ जारी है और चोरी की अन्य घटनाओं से उनका सम्बन्ध भी जांचा जा रहा है।

डीसीपी ने कहा कि जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस हमेशा सतर्क रहेगी और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जा रही है।

## हत्या के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, अवैध पिस्टल बरामद

समाज जागरण


नोएडा, सेंट्रल नोएडा। थाना फेस-2 पुलिस ने हत्या के मामले में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक पिस्टल, जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त हत्या की वारदात के बाद लगातार फरार चल रहा था। पुलिस की सक्रियता और सर्विलांस टीम की मदद से अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। डीसीपी सेंट्रल नोएडा ने बताया कि अपराधियों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार सतर्क है।

## भागवत ज्ञान यज्ञ से महकेगा नौरंगाबाद का चन्देल लॉन, 7 दिसंबर से आरंभ होगा दिव्य भक्ति समागम

समाज जागरण

लखीमपुर, स्थानीय नौरंगाबाद मोहल्ला स्थित चंदेल लॉन एक बार फिर दिव्य अध्यात्म की पावन सुगंध से महकने को तैयार है। आगामी 7 दिसंबर से आरंभ होने जा रहे श्रीमद् भगवत भक्ति ज्ञानयज्ञ का शुभारंभ इस बार भी पूरे तेज, भक्ति और श्रद्धा के साथ होने जा रहा है। लगातार 18 वर्षों से अनवरत चल रहा यह आध्यात्मिक उत्सव अब नगर की पहचान बन चुका है, एक ऐसा आयोजन, जहाँ भागवत का अमृत केवल सुनाई नहीं देता, बल्कि जनमानस के हृदय में उतरकर जीवन का मार्ग प्रकाशवान करता है। इस सप्ताह भर चलने वाले दिव्य ज्ञानयज्ञ में वृंदावन धाम के आचार्य अमित कृष्ण महाराज व्यासपीठ पर विराजमान होकर प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा की मधुर, मनोमुग्धकारी रसधारा बहाएँगे। उनके श्रीमुख से निःसृत अमृतमयी वाणी न केवल श्रोताओं को भक्ति की ओर ले जाएगी, बल्कि जीवन के जटिल प्रश्नों का दिव्य समाधान भी प्रदान करेगी। कार्यक्रम समिति के महासचिव एवं भारत विकास परिषद संस्कृति शाखा, लखीमपुर के अध्यक्ष एड. आर्येन्द्र पाल सिंह



ने एक विज्ञप्ति जारी कर उक्त जानकारी देते हुए क्षेत्रवासियों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर इस आध्यात्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने की अपील की है। पूरे आयोजन को भव्य बनाने में एड. आर्येन्द्र सिंह, संयोजक एड. संदीप सिंह, आचार्य संजय मिश्रा, शिशिर अवस्थी, ईशान गुप्ता, राज शेखर, जगत नरेश सिंह, शैलेन्द्र मौर्य, भानु प्रताप सिंह, शैलेन्द्र प्रताप सिंह सहित पूरी टीम दिन-रात तत्परता से प्रयासरत है। यह केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि संस्कार, संस्कृति और समर्पण का जीवंत संगम है जहाँ कथा का हर श्लोक, हर प्रसंग और हर संदेश जीवन को नई दिशा देने की शक्ति रखता है। भक्ति की धारा में डूबने और आत्मा को अलौकिक शांति से भरने का यह सुनहरा अवसर नगरवासियों को अवश्य संजोना चाहिए।

# एडीएम फाइनेंस की अध्यक्षता में ग्रैप अनुपालन एवं प्रगति समीक्षा बैठक सम्पन्न

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 06 दिसंबर 2025। उत्तर मध्य रेलवे क्षेत्र और आसपास के जिलों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (GRAP) के अनुपालन एवं प्रगति की समीक्षा हेतु गौतमबुद्धनगर में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) अतुल कुमार ने की, जिसमें सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने बताया कि उनके पास 60 वाटर टैंकर हैं, जिनके माध्यम से प्रतिदिन लगभग 400 किलोमीटर सड़क पर जल छिड़काव किया जा रहा है। इसके अलावा 10 ट्रक-माउंटेड एंटी-स्मॉग गन और 14 मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीनें सड़क सफाई हेतु इस्तेमाल हो रही हैं।

अपर जिलाधिकारी ने प्राधिकरण से



पूछा कि ग्रैप के दौरान डिफॉल्टरों के विरुद्ध कितनी धनराशि का जुमार्ना लगाया गया और वसूला गया। प्राधिकरण ने बताया कि 14,95,000/- का जुमार्ना लगाया गया। वहीं, मै० जे०पी० विश टाउन, नोएडा के विरुद्ध ₹2 करोड़ जुमार्ने की स्थिति पर संतोषजनक जवाब नहीं दिया जा सका, संबंधित अधिकारी को पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, गौतमबुद्धनगर के क्षेत्रीय अधिकारी ने बताया कि जनपद में नियमित निरीक्षण जारी हैं। ग्रैप अवधि के दौरान दोषी पाए जाने पर ₹3,75,00,000/- की पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति लगाने की संस्तुति प्राधिकरण को भेजी गई।

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने बताया कि उनके पास 61 वाटर टैंकर, 8 ट्रक-माउंटेड एंटी-स्मॉग गन और 6 मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीन हैं, जिनसे प्रतिदिन लगभग 875 किलोमीटर सड़क पर जल छिड़काव और 133 किलोमीटर सड़क सफाई की जा रही है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट क्षेत्र में सड़क खराब होने और नियमित जल छिड़काव न होने के कारण सोशल मीडिया पर धूल उत्सर्जन से संबंधित शिकायतें मिल रही हैं। अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि अतिरिक्त जल टैंकर की व्यवस्था की जाए और नियमित छिड़काव सुनिश्चित किया जाए।

पुलिस उपायुक्त (यातायात) ने बताया कि जिले के ट्रैफिक जाम पॉ-इंट्स और क्षतिग्रस्त सड़कों के कारण PM10 और PM2.5 स्तर बढ़ने की आशंका है, जिसे ध्यान में रखते हुए प्राधिकरण एवं पीडब्ल्यूडी को आवश्यक कार्रवाई हेतु सूचित किया गया।

यूपी विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा केबल डालने के बाद सड़क मरम्मत कार्य में देरी के कारण धूल का उत्सर्जन वायु गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। अपर जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को शीघ्र मरम्मत कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

खनन एवं परिवहन विभाग द्वारा ग्रैप के तहत अपेक्षित कार्यवाही न किए जाने पर असंतोष व्यक्त किया गया और निर्देश दिए गए कि ओवरलोड वाहनों और आरएमसी प्लांट्स के विरुद्ध चालान एवं जब्ती कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

कृषि विभाग ने बताया कि 30.10.2025 के बाद पराली कटाई कार्य बंद होने के कारण जनपद में पराली जलाने की घटनाएँ नहीं हो रही हैं।

बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक, उप कृषि निदेशक, जिला खनन अधिकारी, सहायक अभियंता पीडब्ल्यूडी, ईओ दादरी, एडीसीपी ट्रैफिक, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी और अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। सूचना सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर।

दैनिक समाज जागरण नेशनल अखबार मे विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।

# उत्तर प्रदेश आज दंगा-मुक्त, माफिया-मुक्त और निवेशकों की पहली पसंद"-योगी आदित्यनाथ

*प्रदेश में विजन 2047 को साकार करने के लिए 98 लाख सुझावों पर आधारित 12 सेक्टरों वाला विजन डॉक्यूमेंट हो रहा तैयार*

*यूपी की पहचान, युवाओं के भविष्य, किसानों की समृद्धि और बेटियों की सुरक्षा के लिए जो भी सख्त कदम आवश्यक होंगे, बिना किसी संकोच के उठाएगी उत्तर प्रदेश सरकार*

*2047 तक भारत को 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प तभी पूरा होगा जब राज्य समान गति व संकल्प से बढ़ेगा आगेः मुख्यमंत्री*

नई दिल्ली, 06 दिसंबर 2025: उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रस्तुत विकसित भारत के विजन 2047 को साकार करने में उत्तर प्रदेश की भूमिका सबसे अहम है। शनिवार को नई दिल्ली में आयोजित एक निजी समाचार पत्र के कॉन्क्लेव में प्रतिभाग करते हुए मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत को वर्ष 2027 तक 5 ट्रिलियन डॉलर और 2047 तक 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प तभी पूरा हो सकता है जब देश की सबसे बड़ी आबादी वाला राज्य समान गति और संकल्प के साथ आगे बढ़े। मुख्यमंत्री योगी के अनुसार, इसी उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार ने व्यापक विमर्श और जनभागीदारी के आधार पर राज्य का विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया है जिसमें जनप्रतिनिधियों तथा जनता दोनों के सुझाव शामिल किए गए हैं।

मा0 मुख्यमंत्री ने अयोध्या राम मंदिर निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा को अपने जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि 500 वर्षों के बाद भव्य मंदिर का निर्माण उनकी तीन पीढ़ियों के संघर्ष से जुड़ी घटना है और इसे अपने सामने होते देखना किसी सौभाग्य से कम नहीं। उन्होंने यह भी बताया कि मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब तक लगभग 24 करोड़ श्रद्धालु अयोध्या पहुंच चुके हैं, जो इस परिवर्तन की ऐतिहासिकता को दशार्ता है।

मुख्यमंत्री के अनुसार विकसित भारत के निर्माण में उत्तर प्रदेश को अपनी भूमिका मजबूत करनी होगी। इसके लिए विधानसभा में 27 घंटे तक लगातार चर्चा कराई गई, जिसमें सभी दलों के प्रतिनिधियों ने भाग



लिया। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही जनता से भी व्यापक स्तर पर सुझाव मांगे गए और अब तक 98 लाख विचार प्राप्त हुए। इन सुझावों को आधार बनाकर राज्य के 12 प्रमुख सेक्टरों के लिए स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश का लक्ष्य वर्ष 2029-30 तक 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का है और राज्य की वर्तमान प्रगति इस दिशा में उत्साहजनक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उत्तर प्रदेश विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेशश और आत्मनिर्भर भारत आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेशश के संकल्प को पूरा करेगा।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने निवेश के क्षेत्र में हुए बदलावों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रारंभिक दौर में कई उद्यमी उत्तर प्रदेश लौटने से हिचकिचाते थे और राज्य के प्रति नकारात्मक धारणा रखते थे। योगी ने कहा कि उन्होंने उद्योग जगत को भरोसा दिलाया कि नया उत्तर प्रदेश उन्हें अवश्य दिखाई देगा। इसी प्रयास के परिणामस्वरूप रोड शो में ढाई लाख करोड़ रुपये के प्रस्ताव प्राप्त हुए और पहले इन्वेस्टर समिट में यह आंकड़ा बढ़कर लगभग चार लाख पचहत्तर हजार करोड़ रुपये तक पहुंच गया। मा0 मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्ष 2023 के तीसरे इन्वेस्टर समिट में उत्तर प्रदेश को कुल 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इस प्रकार राज्य को अब तक कुल 45 लाख करोड़ रुपये के प्रस्ताव मिले हैं जिनमें से 15 लाख करोड़ की परियोजनाएं जमीन पर उतर चुकी हैं और उनमें उत्पादन शुरू हो चुका है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने हाल ही में प्रस्तावित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के अगले संस्करण का उल्लेख करते हुए कहा कि करीब 5 लाख करोड़ रुपए की परियोजनाएं पाइपलाइन में हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अभी ग्राउंड ब्रेकिंग के अगले संस्करण के आयोजन की तिथि तय की जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि निवेश के क्षेत्र में यह उपलब्धि उत्तर प्रदेश के लिए एक नया मील का पत्थर है और डबल इंजन सरकार ने राज्य में औद्योगिक विकास को नई ऊंचाई पर पहुंचाया है जो अब सभी को प्रत्यक्ष दिख रहा है।

मुख्यमंत्री ने इंफ्रास्ट्रक्चर पर बोलते हुए बताया कि आज यूपी राष्ट्रीय एक्सप्रेसवे नेटवर्क में 55 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ नंबर-वन स्थिति में है। एयर कनेक्टिविटी की बात करें तो 2017 तक केवल दो एयरपोर्ट संचालित थे, जबकि आज 16 एयरपोर्ट सक्रिय हैं और नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट अगले दो महीनों में शुरू होने जा रहा है। साथ ही राज्य में सबसे अधिक मेट्रो नेटवर्क, देश की पहली रैपिड रेल और इनलैंड वाटरवे भी तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने एनकाउंटर व बुलडोजर मॉडल पर बोलते हुये कहा कि जीरो टॉलरेंस की नीति जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि ह्लजो व्यवस्था पर बोझ हैं, उनसे धरती को मुक्त होना ही चाहिए.ह्व उन्होंने यह भी कहा कि बेटी की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वालों के लिए ह्लअगले चौराहे पर यमराज तैयार खड़े मिलेंगेह्व और माफियाओं की भाषा में ही उन्हें जवाब दिया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि उत्तर प्रदेश अब माफिया-मुक्त हो चुका है और वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया की जगह वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट ने ले ली है।

कार्यक्रम के अंत उन्होंने कहा कि यूपी की पहचान, युवाओं के भविष्य, किसानों की समृद्धि और बेटियों की सुरक्षा के लिए जो भी सख्त कदम आवश्यक होंगे, सरकार बिना किसी संकोच के उठाएगी।

**(विकासखंड लोनी में आयोजित विवाह कार्यक्रम के सहभागियों में 23 हिंदू परिवार से तो 11 थे मुस्लिम परिवार से)**

# सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 34 जोड़ों का विवाह संपन्न

समाज जागरण

लोनी, 6 दिसंबरः मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत शनिवार को विकासखंड लोनी में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सद्भाव, समानता को बढ़ावा देने तथा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहयोग प्रदान करना था। जिला समाज कल्याण विभाग के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम के दौरान कुल 34 जोड़ों का विवाह धार्मिक परंपरानुसार सम्पन्न कराया गया।

इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी संदीप चौधरी ने बताया कि योजना के तहत प्रत्येक नवविवाहित जोड़े को 25 हजार रुपये मूल्य की सामग्री उपलब्ध कराई गई। इसमें वरझ्वधु के कपड़े, चांदी की पायल और बिछिया, डिनर सेट, प्रेशर कुकर, ट्रॉली बैग, वैनिटी किट, दीवार घड़ी तथा अन्य घरेलू उपयोग में आने वाली सामग्री शामिल हैं. जबकि इसके अलावा, कन्या के



बैंक खाते में 60 हजार की धनराशि सीधे स्थानांतरित की जाना है।

सामूहिक विवाह समारोह में 34 प्रतिभागी जोड़ो में अनूसूचित जाति 10, पिछडा वर्ग08, सामान्य वर्ग05, अल्पसंख्यक वर्ग 11, इस तरह कुल 34 जरूरतमंदों को योजना का लाभ मिला। धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार 23 हिंदू जोड़ों का विवाह वैदिक मंत्रों, फेरे और जयमाल की रस्मों के साथ कराया गया। वहीं 11 मुस्लिम जोड़ों का निकाह कुरानिक परंपरा के अनुसार सम्पन्न हुआ।

सामूहिक विवाह कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से उपस्थित रहे लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर तथा प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी प्रदीप कुमार पांडेय ने नवदंपतियों को आशीर्वाद देकर उनके सुखी दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं दीं।

सामूहिक विभाग कार्यक्रम के इस आयोजन में समाज कल्याण विभाग, विकासखंड लोनी की खंड विकास अधिकारी बिन्नी यादव, संजय मिश्रा, सुरेंद्र कुमार एडीओ, अंकित सहित विभिन्न अधिकारियों और स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

**जानकारी के अभाव में लाभार्थियों की संख्या रही कम**

गौरतलब है कि यह योजना गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए महत्वपूर्ण है, लेकिन प्रचार-प्रसार की कमी के कारण इस कार्यक्रम में लाभार्थियों की संख्या अपेक्षाकृत कम रही। ग्रामीणों का कहना था कि नगरपालिका व विकास खंड के कर्मचारियों द्वारा योजना की जानकारी सही समय पर नहीं दिए जाने से कुछ जरूरतमंद इस योजना का लाभ उठाने से वंचित रह गए. उनका कहना है कि ग्रामीण स्तर पर प्रचार सामग्री, होर्डिंग, सोशल मीडिया और मुनादी का अभाव इसका मुख्य कारण रहा। नागरिकों ने प्रशासन से आने वाले समय में योजना का व्यापक रूप से प्रचार किये जाने की मांगकी है, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद परिवार योजना का लाभ उठा सके।

## प्रधानमंत्री इंटर्नशिप स्कीम के तहत राजकीय आ-ईटीआई अलीगंज में बृहद रोजगार मेला आयोजित

समाज जागरण

लखनऊ, 06 दिसम्बर 2025: प्रधानमंत्री इंटर्नशिप स्कीम के अंतर्गत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ में ग्रे-सिम लर्निंग्स फाउण्डेशन एवं क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के सहयोग से बृहद रोजगार मेले का सफल आयोजन किया गया। रोजगार मेले में कुल 33 प्रतिष्ठित कम्पनियों को प्रतिभाग हेतु आमंत्रित किया गया था।

प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि मेले में युवाओं को अधिकतम रोजगार अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख कम्पनियों को शामिल किया गया। उन्होंने कहा कि यह मेला प्रधानमंत्री इंटर्नशिप स्कीम के क्रियान्वयन को गति देने और प्रशिक्षित युवाओं को उद्योगों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। ट्रेनिंग, काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी एम. ए. खाँ ने जानकारी



दी कि रोजगार मेले में कुल 605 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से 476 अभ्यर्थियों का विभिन्न कम्पनियों द्वारा चयन किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को 10,000 रुपये से 27,000 रुपये प्रतिमाह तक वेतन तथा अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। उन्होंने बताया कि उच्च संख्या में चयन इस मेले की सफलता को दशार्ता है।

रोजगार मेले को सफल बनाने में ग्रे-सिम लर्निंग्स फाउण्डेशन एवं क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय का विशेष योगदान रहा, जिनके सहयोग से अभ्यर्थियों को रोजगार उपलब्ध कराने की प्रक्रिया सुगम और प्रभावी बनी।

दैनिक समाज जागरण नेशनल अखबार मे विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार, न्यायिक कार्यवाही हेतु अदालत भेजा गया

समाज जागरण

लखीमपुर खीरी। थाना मितौली पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोप में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी सुभाष कुमार पुत्र डोरेलाल निवासी ग्राम खंजननगर, थाना मितौली जनपद खीरी के विरुद्ध मु0अ0सं0 403/2025 धारा 65(1)/115(2)/ 352 बीएनएस व 3/4 पाक्सो एक्ट के तहत मामला पंजीकृत था। पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस टीम लगातार आरोपी की तलाश में जुटी थी। मुखबिर की सूचना के आधार पर उसे गिरफ्तार कर विधिक प्रक्रिया पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेज दिया गया है।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में तहसील सदर में "सम्पूर्ण समाधान दिवस" आयोजित, फरियादियों की समस्याओं के निस्तारण हेतु कड़े निर्देश

समाज जागरण

लखीमपुर खीरी। जनपद के सभी तहसील मुख्यालयों पर शुक्रवार को "सम्पूर्ण समाधान दिवस" का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी खीरी श्रीमती दुर्गा शक्ति नागपाल एवं पुलिस अधीक्षक श्री संकल्प शर्मा ने तहसील सदर पहुंचकर समाधान दिवस की अध्यक्षता की।

दोनों अधिकारियों ने उपस्थित फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष, त्वरित एवं विधिक निस्तारण



सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी केवल कार्यालय में बैठकर रिपोर्ट न भेजें, बल्कि स्थल निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति के अनुसार समाधान सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि समाधान दिवस में प्राप्त सभी प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध निस्तारण होना चाहिए। जिन प्रकरणों में उच्चस्तरीय अनुमति आवश्यक है, उन्हें संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक ने



फरियादियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और पुलिस अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जन शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इसके अलावा जनपद के सभी क्षेत्राधिकारी अपने-अपने सर्किल की तहसीलों में मौजूद रहे और प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया का निरीक्षण किया।

समाधान दिवस के दौरान प्रशासन की प्राथमिकता भूमि विवाद, राजस्व प्रकरण, पुलिस संबंधित शिकायतें, विद्युत, आवास एवं सामाजिक कल्याण विभाग से जुड़े मुद्दों के समाधान पर केंद्रित रही। प्रशासन ने कहा कि समाधान दिवस केवल औपचारिकता नहीं बल्कि जनता को न्याय उपलब्ध कराने का एक प्रभावी माध्यम है।

# ट्रैक्टर निकालने के विवाद में घायल बुजुर्ग की मौत, थाने पर जाम के बाद दो गिरफ्तार

**समाज जागरण**

गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव सिरौरा काजी में खेत से ट्रैक्टर निकालने को लेकर हुआ विवाद में बुजुर्ग की मौत हो गई। जिसके बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया है। पातीराम पुत्र लखपत सिंह के गेहूं और लहटा की फसल के बीच से धीरेन्द्र और सुरेश ट्रैक्टर निकाल रहे थे। पातीराम ने आपत्ति जताई कि दूसरा रास्ता होते हुए भी उनकी फसल को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। इसी बात को लेकर शुरू हुई कहासुनी देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। दोनों पक्षों के लोग मौके पर पहुंच गए और लाठी-डंडों से हुई मारपीट में दोनों ओर के 12 लोग घायल हो गए।



गंभीर रूप से घायल पातीराम को अलीगढ़ के वरुण हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहाँ शनिवार को उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव लेकर गुन्नौर लौटे और गुस्से में थाने के सामने एंबुलेंस लगाकर जाम लगा दिया। सूचना पर पहुँची पुलिस ने परिजनों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया और स्थिति को नियंत्रित किया।

थाना प्रभारी अखिलेश प्रधान ने परिवार को निष्पक्ष कार्रवाई का भरोसा दिलाया। पुलिस इस मामले में पहले ही दोनों पक्षों के चार लोगों को जेल भेज चुकी है, जबकि शनिवार को धीरेंद्र और राम गजेन्द्र को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

इधर, मृतक के बेटे ओमपाल ने आरोप लगाया कि घटना से एक दिन पहले गांव के ही सुल्तान के घर बैठक हुई थी, जिसमें सभी आरोपित मौजूद थे और षड्यंत्र रचा गया था कि खेत में ट्रैक्टर न निकालने देने पर दो-एक लोगों को जान से मार दिया जाए, ताकि गांव में दहशत फैलाई जा सके। पुलिस 12 नामजद और छह अज्ञात के खिलाफ दर्ज मुकदमे की जांच कर रही है।

# अस्पताल की सील खोलने पहुंची टीम भारतीय किसान यूनियन भानू ने किया विरोध

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद कुछ दिन पूर्व शहर के ईवा अस्पताल में एक महिला की मौत के बाद अस्पताल को सीज किया गया था बिजनौर के सीएमओ के आदेश पर एक जांच टीम 5 दिसंबर को अस्पताल पहुंची जांच प्रक्रिया शुरू होते ही भारतीय किसान यूनियन भानू के जिला अध्यक्ष अचल शर्मा मौके पर पहुंचे उन्होंने जांच टीम पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस और पीड़ित पक्ष की अनुपस्थिति में अस्पताल की सील खोलकर सबूतों से छेड़छाड़ की जा रही है जांच



अधिकारी नरेश जोहरी व डिप्टी सीएमओ बताया कि वह 5 दिसंबर को अस्पताल पहुंचे और टीम ने मुख्य गेट की सील वीडियो फोटोग्राफी के साथ खोली और पूरे अस्पताल का निरीक्षण किया तभी अचल शर्मा वहां पहुंचे और सेल खोलने का विरोध करने लगे विरोध करने पर जांच प्रक्रिया को रोक दिया गया अस्पताल दोबारा सीज कर दिया गया जांच अधिकारी ने बताया की सील खोलने के साथ पीड़ित पक्ष और विवेचक मौजूद नहीं थे पुलिस ने पहुंच कर स्थिति को शांत कराया

# गन्ना किसानों का उत्तम शुगर मिल गेट पर हंगामा, घटतोली पकड़ी

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नांगल सोती - बीती रात्रि में भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के युवा ब्लाक अध्यक्ष नजीबाबाद नितिन ललेरा निवासी मायापुरी अपनी गन्ने से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली मिल गेट पर तोलने निकले थे ' रास्ते में उन्होंने एक धर्मकांटे पर अपनी ट्रैक्टर ट्रॉली का वजन कराया और शुगर मिल पहुंचे। जहाँ उत्तम शुगर मिल बरकातपुर के गन्ना तौल कांटे पर भरी ट्रैक्टर ट्रॉली के वजन में 60-70 किलोग्राम का अन्तर आया जिसे लेकर किसानों में आक्रोश फैल गया और ट्रैक्टर ट्रॉली कांटे पर खड़ी करके घटतौली को लेकर हंगामा शुरू कर दिया।







जिसके बाद अगले दिन सुबह सवेरे ही जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत अन्य पदाधिकारियों के साथ शुगर मिल पहुंचे और गन्ना किसानों ने जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन करते हुए धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। जिसके बाद गन्ना समिति सचिव नजीबाबाद एस सी डी आई (डिप्टी) सहित गन्ना अधिकारी व बाट कांटा तौल अधिकारी मौके पर पहुंचे और बाट द्वारा शुगर मिल के कांटे का निरिक्षण किया'

जिसमें बाट द्वारा भी कांटे में 20 किलोग्राम का अंतर आ रहा था। जिसके बाद गन्ना अधिकारियों और तौल कांटा अधिकारियों ने कांटा लिखकर शुगर मिल पर कार्यवाही शुरू कर दी।

शुगर मिल के बड़े अधिकारियों पर घटतौली का मुकदमा दर्ज कराने की मांग को लेकर संगठन की ओर नांगल थानाध्यक्ष को एक पत्र सौंपा गया है जिसमें उत्तम शुगर मिल बरकातपुर के संयुक्त अध्यक्ष नरपत सिंह राठौर, केन जीएम विकास पुंडीर पर घटतौली का मुकदमा दर्ज कराने की मांग की गई है।

जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत ने बताया कि जिले में किसी भी शुगर मिल गेट और उनके क्रय केंद्रों पर घटतौली कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसानों की खून पसीने से तैयार फसल पर डांका नहीं डलने दिया जाएगा।

किसानों के हितों की रक्षा के लिए सदैव प्रयासरत रहेंगे।

मौके पर जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत, मंडल प्रभारी जग्गन अली, जिला मिडिया प्रभारी डॉ. अरूण कुमार, जिला महासचिव अजयपाल सिंह,दयाराम, शहाबुद्दीन अहमद, सामत रजा, नीटू, फुरकान अली, नितिन ललेरा, हिमांशु सहरावत, अभिनव चौधरी, दिक्षांत चौधरी, बिट्टू, लक्की, नौबहार सिंह, मास्टर सुरेंद्र सिंह, सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय किसान उपस्थित रहे।

# सीएचसी मितौली के औचक निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित मिले डॉक्टर, जाले लगे मिलने पर लैब टेक्नीशियन को लगी फटकार

## सीएचसी सहित आयुष्मान आरोग्य मंदिर व टीकाकरण सत्र का भी सीएमओ ने किया निरीक्षण

**समाज जागरण**

लखीमपुर खीरी। शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मितौली व अंतर्गत आने वाले आयुष्मान आरोग्य मंदिर मदारी पुरवा सहित मितौली ग्रामीण पर चल रहे टीकाकरण सत्र का सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान अनुपस्थित मिले डॉ प्रियांशु शुक्ला से स्पष्टीकरण तलब किया गया हैं वहीं सीएमओ द्वारा टीकाकरण में छूटे बच्चों का टीका ड्यू लिस्ट के अनुसार लगाने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।

सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि टीकोत्सव के अंतर्गत चल रहे कार्यक्रम के तहत उन्होंने शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मितौली का औचक निरीक्षण किया। वह करीब 2:10 पर सीएचसी पर पहुंचे, उपस्थिति पंजिका चेक करने पर अनुपस्थित मिले डॉ प्रियांशु शुक्ला से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश सीएचसी अधीक्षक डॉ देवेंद्र सिंह को दिए। सीएचसी पर उन्होंने कोल्ड चैन व लैब का निरीक्षण किया। सफाई व्यवस्था सही न होने को लेकर सफाई कर्मी को फटकार लगाई। लैब में जाले देख कर वह लैब टेक्नीशियन पर भी नाराज हुए। उन्होंने कहा कि जिस स्थान पर स्वयं बैठते हैं इसकी साफ सफाई की व्यवस्था का स्वयं ध्यान रखना चाहिए। कोल्ड चैन निरीक्षण के दौरान वैक्सीन के रखरखाव को देखा। इमरजेंसी ओपीडी सेवाओं का भी निरीक्षण किया। निर्देशित किया कि सभी कर्मचारी निर्धारित समय पर आए और निर्धारित समय तक रुके और अपने कार्य को संपादित करें। लापरवाही करने वाले कर्मचारियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद वह आयुष्मान आरोग्य मंदिर मदारीपुर पहुंचे, जहां पर चल रहे टीकाकरण सत्र का निरीक्षण किया, बनाए जा रहे आयुष्मान गोल्डन कार्ड की प्रगति जानी। सेंटर पर पेंटिंग करवाने, नवजात शिशु कार्नर व पानी की व्यवस्था करवाने के निर्देश भी उन्होंने दिए। टीकोत्सव के अंतर्गत उन्होंने टीकाकरण सत्र मितौली ग्रामीण का भी निरीक्षण किया, यहां पर एएनएम द्वारा ड्यू लिस्ट के अनुसार लगाए जा रहे टीकाकरण की प्रगति को देखा, दोनों ही केंद्रों पर ऐसे छूटे हुए बच्चे जिनमें कोई भी टीकाकरण छूटा है और वह सत्र पर नहीं पहुंचे हैं, उन्हें आशा व आंगनबाड़ी के माध्यम से घर से बुलाकर लाने के निर्देश दिए। उन्होंने दोनों ही सत्रों पर स्पष्ट आदेश दिए की कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित नहीं रहना चाहिए, जो किन्हीं कारणों से सत्र पर नहीं पहुंच पा रहे हैं, उन्हें आशा के माध्यम से टीकाकरण सत्र पर बुलाया जाए। आयुष्मान गोल्डन कार्ड लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड भी इस दौरान बनाए जा रहे थे। निरीक्षण के दौरान उनके साथ सीएचसी अधीक्षक डॉ देवेंद्र सिंह, बीपीएम मोहम्मद तैय्यब भी मौजूद रहे।

# महिलाओं के सम्मान के बिना दुरुस्त नहीं हो सकती सामाजिक व्यवस्थाः कुलपति

मांझी (सारण)। महिलाओं के सम्मान को सामाजिक व्यवस्था की आधारशिला बताते हुए जेपी विश्वविद्यालय छपरा के कुलपति परमेन्द्र वाजपेयी ने कहा कि जब तक प्राचीन सोच को बदलकर महिलाओं को वास्तविक सम्मान नहीं दिया जाएगा, समाज दुरुस्त नहीं हो सकता। वे मांझी प्रखंड के बरेजा उच्च विद्यालय के नामकरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। कुलपति ने कहा कि केवल अधिकार दिला देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि महिलाओं को उचित सम्मान दिलाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। समारोह में पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश डॉ. अंशुमान ने कहा कि वर्ष 1936 से अब तक महिलाओं के अधिकारों को पांच बार पुनर्परिभाषित किया गया है। अब पुत्र और पुत्री दोनों के अधिकार समान कर दिए गए हैं और बेटा-बेटी के अधिकारों में कोई अंतर नहीं रह गया है।

इस अवसर पर अतिथियों ने विद्यालय के भूमिदाता भूपेंद्र तिवारी उर्फ बबन बाबू की प्रतिमा का अनावरण किया। नए नामकरण के बाद संस्थान अब भूपेंद्र सुरेंद्र उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के नाम से जाना जाएगा।

# महापरिनिर्वाण दिवस पर भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर को किया गया याद

**समाज जागरण**

चंदौसी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने नगर इकाई चंदौसी में भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाने हेतु ग्राम मौलागढ़ स्थित डॉ भीमराव आंबेडकर छात्रावास में आंबेडकर जी की मूर्ति के प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाने के बाद माल्यार्पण कर पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने उनके पदचिन्हों पर चलने का शपथ ली। इस दौरान विभाग छात्रा प्रमुख संभल दर्शिका भारद्वाज ने कहा कि आज डॉ. बीआर आंबेडकर की पुण्यतिथि पर बाबा साहेब को याद करने का दिन है। यह दिन न केवल भारत के सबसे महान समाज सुधारकों और भारतीय संविधान के निमार्ताओं में से एक को याद करने का समय है, बल्कि हाशिए पर पड़े समुदायों के अधिकारों की रक्षा में उनके काम के निरंतर महत्व पर विचार करने का भी एक क्षण है। डॉ. बीआर आंबेडकर नका मानना था कि सच्ची तरक्की तभी हो सकती है जब हर इंसान, चाहे उसकी जाति या बैकग्राउंड कुछ भी हो, उसे बराबर



अधिकार और सम्मान मिले। अपनी लिखाई, भाषणों और सुधार आंदोलनों के माध्यम से आंबेडकर ने लोगों को सामाजिक रुकावटों को चुनौती देने और सम्मान के लिए लड़ने के लिए प्रेरित किया। सबको साथ लेकर चलने वाले भारत का उनका विजन देश को सद्भाव और बराबरी की ओर प्रेरित करता रहता है। तत्पश्चात नगर अध्यक्ष चंदौसी वी.के. त्रिपाठी ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बाबा साहेब की पुण्यतिथि को महापरिनिर्वाण दिवस के लिए जाना जाता है। इस दिन हम समझते हैं कि डॉ. आंबेडकर ने भारतीय संविधान को बनाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने यह पक्का किया था कि आजादी, बराबरी और न्याय जैसे सिद्धांत देश की नींव बनें। बुनियादी अधिकारों, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों पर उनके जोर ने भारत को एक मजबूत और आगे बढ़ने वाला संवैधानिक ढांचा दिया। आंबेडकर की कानूनी समझ ने पिछड़े समुदायों के अधिकारों की रक्षा करने और भारत की लोकतांत्रिक पहचान को मजबूत करने में मदद की। आंबेडकर की विरासत उनके जीवनकाल से कहीं आगे तक जाती है। डॉ. आंबेडकर हिम्मत की निशानी और न्याय और आजादी के लिए कोशिश कर रहे सभी लोगों के लिए उम्मीद की किरण बने हुए हैं।

इस दौरान *देवेंद्र गोले,अमन, बिलटन, योगांक,संदीप, यतेंद्र गौतम, अनिकेश,सोमेश आदि कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जमीन क्रय के नाम पर धोखाधड़ी करने वालों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नगीना। शिशुपाल सिंह रावत पुत्र बचे रावत निवासी गंगपुर पहाड़ी तहसील रामनगर नैनीताल ने थाना नगीना में तहरीर दी थी कि रोहित शर्मा, राकेश कुमार, सुनील कुमार, संदीप सिंगल, द्वारा बादियों के साथ जमीन क्रय करने के नाम पर धोखाधड़ी कर1820000की ठगी कर ली



तहरीर के आधार पर नगीना में मुकदमाआदेश संख्या 174 /25 धारा 318(4) बी एन एस पंजीकृत किया गया विवेचात्मक कार्रवाई के दौरान उपयुक्त अभियोग में याकूब पुत्र दीनू निवासी ग्राम पाडली गुर्जर थाना गंगनहर हरिद्वार इमरान पुत्र शरीफ निवासी भौरी थाना बहादराबाद हरिद्वार प्रदीप शर्मा पुत्र सुरेन्द्र पाल गांधीनगर थाना गंगनर जनपद हरिद्वार के नाम प्रकाश में आए थे तथा सामने आया कि अभियुक्त इमरान ने फर्जी आधारकार्ड तैयार कर नाम में पता फर्जी दशार्या तथा अपने साथियों याकूब व प्रदीप शर्मा के साथ मिलकर जमीन के फर्जी कागजात तैयार कर उपरोक्त तीनों उपयुक्त ने बड़ी शिशुपाल सिंह रावत से कल 1820000 की ठगी की है उपरोक्त अभियोग में बीएन एस की वृद्धि की गई।

# स्योहारा में शहरी क्षेत्र में टीका उत्सव के अंतर्गत शनिवार को टीका सत्रों का उद्घाटन सीएचसी

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर स्योहारा अधीक्षक डॉ 0बी 0के0 स्नेही, सभासद श्रीमती सुभद्रा देवी ओर वरिष्ठ नागरिक कमेटी के वरिष्ठ सदस्य श्री रिषिपाल रिटायर्ड शिक्षक ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। बिजनौर जिले के साथ साथ स्योहारा ब्लॉक में स्वास्थ्य विभाग की ओर से बुधवार से टीका उत्सव अभियान की शुरूआत की जा चुकी है, जिसका उद्देश्य जिले की सभी गर्भवती महिलाओं तथा 0-5 वर्ष तक के बच्चों को समय पर पूर्ण टीकाकरण की सुविधा सुनिश्चित करना है।



इसी के क्रम में आज प्रथम शनिवार को शहरी क्षेत्र स्योहारा के वार्ड न 25 में टीका उत्सव की शुरूआत संयुक्त रूप से सीएचसी स्योहारा अधीक्षक डॉ 0बी 0के0 स्नेही ओर वरिष्ठ नागरिक कमेटी के वरिष्ठ सदस्य ओर रिटायर्ड शिक्षक श्री ऋषिपाल जी ने फीता काटकर किया। इसके साथ साथ स्योहारा के वार्ड न 4 के चामुंडा मंदिर परिसर के बूथ का उद्घाटन अधीक्षक डॉ स्नेही के साथ संयुक्त रूप से वार्ड 4 की सभासद श्रीमती सुभद्रा देवी ने भी फीता काटकर बूथ की शुरूआत की।

इस दौरान सीएचसी स्योहारा अधीक्षक डॉ 0बी 0के0 स्नेही ने बताया कि यह विशेष अभियान पूरे दिसंबर माह संचालित किया जाएगा, जिसमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उपकेंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, आशा कार्यकर्ता और आंगनबाड़ी टीमों की निर्णायक भूमिका रहेगी।

सीएचसी स्योहारा अधीक्षक डॉ बी 0के 0स्नेही ने बताया कि टीकाकरण संक्रामक रोगों से सुरक्षा प्रदान करने की सबसे प्रभावी प्रक्रिया है, जो शरीर में प्रतिरक्षा विकसित कर गंभीर बीमारियों से बचाव करती है। उन्होंने कहा कि टीबी, पोलियो, खसरा, काली खांसी, गलघोंटू, टेटनस, डायरिया और निमोनिया जैसे रोगों से बच्चों की रक्षा के लिए टीके अत्यंत आवश्यक हैं। प्रभावी टीकाकरण के चलते मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी आती है, समुदाय में संक्रामक रोगों के प्रसार पर नियंत्रण होता है और आर्थिक बोझ भी कम होता है।

ब्लॉक प्रतिरक्षण अधिकारी स्योहारा वीर सिंह ने बताया कि अभियान के तहत निर्धारित टीकाकरण सत्रों में गर्भवती महिलाओं, शिशुओं तथा किशोरझकिशोरियों को उम्र के अनुसार आवश्यक सभी टीके लगाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जन्म पर बीसीजी, ओपीवी-0 और हेपेटाइटिस-बी जन्म खुराक दी जाती है; वहीं 6, 10 और 14 सप्ताह पर ओपीवी, पेंटावैलेंट, रोटावायरस, आईपीवी और पीसीवी लगाए जाते हैं। 9-12 माह के बच्चों को एमआर-1, आईपीवी और पीसीवी बूस्टर, जबकि 16-24 माह में एमआर-2, डीपीटी बूस्टर-1 और ओपीवी बूस्टर दिया जाता है। 5-6 वर्ष पर डीपीटी बूस्टर-2 तथा 10 व 16 वर्ष के किशोरों को टीडी का टीका लगाया जाता है। गर्भवती महिलाओं को टीडी-1, टीडी-2 तथा आवश्यकता अनुसार टीडी बूस्टर देना अनिवार्य है।

सीएचसी स्योहारा अधीक्षक डॉ 0स्नेही ने ब्लॉक के सभी लोगों से अपील की कि वे अपने बच्चों और गर्भवती महिलाओं को निर्धारित समय पर टीकाकरण केंद्रों तक अवश्य लेकर जाएँ। उन्होंने कहा, ह्लपूर्ण टीकाकरण हर बच्चे का अधिकार है और यह पूरे समुदाय की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम है।ह्व इस दौरान महिला बाल विभाग पुष्टाहार की सुपरवाइजर शैल कुमारी,कविता शर्मा, डॉ राकेश कुमार, आई ओ वीर सिंह, हैल्थ सुपरवाइजर राजेश कुमार, ए एन एम अंजलि, अल्पना ,प्रियंका यादव, दीप्ति रानी,मोनू भाई नेता जी, आंगनवाड़ी, आशा आदि भी उपस्थित रही।

# बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर समाजवादी पार्टी ने दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि, गोष्ठी का आयोजन

**समाज जागरण लखीमपुर खीरी।**

भारतीय संविधान के निमार्ता, भारत रत्न, महामानव बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर समाजवादी पार्टी नेताओं ने लोहिया भवन स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी कार्यालय में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता पार्टी जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह यादव ने की।



गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह यादव ने कहा कि आज पूरा देश बाबा साहब को याद कर रहा है। उन्होंने दलितों, वंचितों, शोषितों, पिछड़ों और महिलाओं के अधिकारों की आवाज बुलंद की और सामाजिक न्याय के लिए आजीवन संघर्षरत रहे। उन्होंने कहा कि बाबा साहब सिर्फ संविधान निमार्ता ही नहीं, बल्कि महान न्यायविद, समाज सुधारक, अर्थशास्त्री और दूरदर्शी चिंतक थे, जिन्होंने समानता आधारित समाज की कल्पना और स्थापना की।

उन्होंने आगे कहा कि बाबा साहब के विचार आज भी समाज और लोकतंत्र की आत्मा हैं, उनके योगदान और संघर्ष को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष अनुराग पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष मोहम्मद कय्यूम खान, पूर्व विधायक रामशरण, सपा नेता रेहान खान, शमशेर बहादुर सिंह, शेखू मिर्जा, अशोक कश्यप, यश मोहन पटेल, गुफरान अहमद, सईद अंसारी, त्रिभुवन सिंह सेंगर, बंटी सिंह, हेमंत भार्गव, अमित वर्मा सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चोरों ने तीन घरों को बनाया निशाना, 9000 की नगदी समेत जेवर चोरी

**समाज जागरण**

लखीमपुर ,खीरी। थाना खमरिया क्षेत्र में 5 दिसंबर की रात मोहम्दापुर में चोरों ने कमलेश निषाद पुत्र कल्लू राम निषाद के घर को निशाना बनाया और 7000 की नगदी समेत सोने चांदी के जेवर व कीमती सामान चोरी कर लिया। वहीं अनूप यादव पुत्र अशर्फी लाल यादव मोहम्दापुर का मजरा अहिरन पुरवा के घर को भी निशाना बनाया और घर में रखे बटुला थारा लोटा चमचा थाली और कपड़ों पर हाथ साफ कर दिया।वहीं तीसरी वारदात गांव के बदलू यादव पुत्र राजाराम यादव निवासी अहिरन पुरवा मोहम्दापुर के घर हुई यहां से चोरों ने 2000 की नगदी सहित जेवर चोरी कर लिए। पीड़ितों ने घटना की सुबह पुलिस को तहरीर देकर खुलासे की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक थाना खमरिया ओमप्रकाश राय ने बताया घटनाओं की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर जाकर छानबीन शुरू कर दी है मुकदमा पंजीकृत कर शीघ्र खुलासा किया जाएगा।

# करोलबाग विधायक विषेश रवि ने एम सीडी चुनाव में आप की जीत पर दी बधाई

**समाज जागरण बादल हुसैन**

नई दिल्ली,एम सिडी उप चुनाव में नारायण वार्ड से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी राजन अरोड़ा की जीत पर आयोजित धन्यवाद एवं आभार रैली में



करोलबाग के लोकप्रिय विधायक विषेश रवि और समस्त विधानसभा टीम शामिल हों कर जीत की बधाई दी इस मौके पर विधायक विषेश रवि ने कहा कि दिल्ली के जनता एक बार फिर अरविंद केजरीवाल पर भरोसा जताया है इस के लिए मैं दिल्ली के जनता बंधाई के पात्र हैं।

# आरटीई प्रवेश प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग, रेहड़ी-पटरी संचालक वेलफेयर एसोसिएशन ने अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण लखीमपुर खीरी।**

शिक्षा के अधिकार (आरटीई) के तहत होने वाले प्रवेश में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने की मांग को लेकर रेहड़ी-पटरी संचालक वेलफेयर एसोसिएशन ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि आरटीई योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए है, लेकिन पिछले वर्ष कई ऐसे परिवारों के बच्चों का प्रवेश हुआ जिन्हें इसकी वास्तविक आवश्यकता नहीं थी।

एसोसिएशन की ओर से अधिकारियों से यह पूछा गया कि पिछले वर्ष आरटीई में चयनित सभी अभ्यर्थियों की जांच जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी और बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा की गई थी या नहीं। क्या आवेदन प्रक्रिया में पात्रता की सही से पुष्टि हुई या फिर जांच अधूरी रह गई?

ज्ञापन में चिंता व्यक्त करते हुए कहा गया कि इस वर्ष भी प्रवेश प्रक्रिया शुरू होने वाली है, ऐसे में आशंका है कि यदि सख्त जांच और पारदर्शी प्रक्रिया नहीं अपनाई गई, तो फिर वही सम्पन्न परिवार जिनके पास बड़ी फैक्ट्रियां, गाड़ियां और साधन मौजूद हैं, इस योजना का अनुचित लाभ उठा लेंगे, जबकि असली पात्र वंचित रह जाएंगे।

एसोसिएशन ने कहा कि यह योजना गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए बनी है, इसलिए पात्रता की जांच कठोर और निष्पक्ष होनी चाहिए।

ज्ञापन में रखी गई प्रमुख मांगें : आरटीई आवेदनकताओं की सख्त एवं दस्तावेज आधारित जांच सुनिश्चित की जाए।

प्रवेश प्रक्रिया में पारदर्शी लॉटरी प्रणाली लागू हो।

गरीबी रेखा के नीचे (बीपीएल) परिवारों को प्राथमिकता दी जाए।

सम्पूर्ण प्रक्रिया की निगरानी एक स्वतंत्र समिति या उच्चस्तरीय अधिकारी द्वारा की जाए।

एसोसिएशन ने उम्मीद जताई कि प्रशासन इस मामले में गंभीरता दिखाते हुए सही पात्रों को योजना का लाभ दिलाएगा, ताकि शिक्षा सबके लिए वास्तव में सुलभ और समान हो सके।

# पूर्ण पास्ट सर्विस काउंट शिक्षकों का अधिकार : फोरम फॉर फूल पास्ट सर्विस काउंट

## डीयू ने प्रोमोशन में एडहॉक सेवाओं को वैद्य मानकर यूजीसी को लिखी थी चिट्ठी

**समाज जागरण**

नई दिल्लीः दिल्ली विश्वविद्यालय के शिक्षको की इकाई फोरम फॉर फूल पास्ट सर्विस काउंट के सदस्यो ने प्रोमोशन में पूर्ण एडहॉक सेवाओं को जोड़े जानें की मांग की है और कहा कि ये हमारा अधिकार है। दिल्ली विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद ने भी पूर्ण पास्ट सर्विस काउंट को लेकर यूजीसी को पत्र लिखकर दिल्ली विश्वविद्यालय में काम कर रहे शिक्षको की वर्षों की मांग को वैद्य ठहराया था। देश भर के केंद्रीय विश्वविद्यालयों में दिल्ली विश्वविद्यालय ही एकमात्र विश्वविद्यालय है जहां एडहॉक



शिक्षको की नियुक्ति होती थी। दिल्ली विश्वविद्यालय ने इसी व्यवस्था के जरिए और एडहॉक शिक्षको के जरिए अपनी एकेडमिक बादशाहत और रैंकिंग कायम रखी । वर्षों तक इस एडहॉक व्यवस्था में काम करने वाले शिक्षको को जब स्थाई नियुक्ति मिली तो प्रोमोशन में उनके संपूर्ण सेवा में केवल 4/5/6 वर्ष को ही गिना गया। दिल्ली विश्वविद्यालय में लगभग हजार से पंद्रह सौ शिक्षक ऐसे है एडहॉक शिक्षण अनुभव दस से पंद्रह साल का है और यदि उनकी पूरी सेवाओ को गिन लिया जाए तो ये शिक्षक अपनी नियुक्ति के अगले दिन से ही एसोसिएट प्रोफेसर और कुछ प्रोफेसर के लिए भी योग्य हो जाएंगे। शिक्षको का मानना है कि फूल पास्ट सर्विस काउंट होना कोई असंभव कार्य नही है,2010 के यूजीसी रेगुलेशन के आने से पहले तो सारी पास्ट सर्विस काउंट हो ही रही थी। ये तो बाद में ऑडिट ऑब्जेक्शन से इस प्रावधान को साजिशन समाप्त कराया गया। फोरम फॉर फूल पास्ट सर्विस काउंट के सदस्यो ने कहा कि हमारी मांग जायज है और हम सब शिक्षा मंत्रालय से मांग करते हैं कि हम शिक्षको की मांग पर विचार कर शिक्षको के हित में फैसला लिया जाए।

## बीपीएन जूनियर हाई स्कूल की एथलेटिक मीट में कलम हाउस चैंपियन

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**




नगर के बीपीएन जूनियर हाई स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक एथलेटिक मीट का शनिवार को उत्साहपूर्ण माहौल में सफल समापन हुआ। प्रतियोगिता में कलाम हाउस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक पदक अपने नाम किए और 2025 की चैंपियनशिप ट्रॉफी जीतकर प्रथम स्थान हासिल किया। पुट द बॉल बास्केट में अजीत, बैलून रेस में सनाया, डाक रेस में ओवैस, 150 मीटर रेस में अक्षय, बैक रेस में उमेश, 300 मीटर रेस में अरमान, 500 मीटर में अंश और 50 मीटर रेस में अब्दुल समद ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वहीं बैलून गेम्स में अर्श ने प्रथम स्थान हासिल किया। लॉन्ग जंप में लड़कों में सेजन और लड़कियों में प्रिया ने स्वर्ण पदक जीता। हाई जंप में लड़कियों में अक्षय तथा लड़कों में समीर स्वर्ण पदक विजेता रहे। प्रतियोगिता के दौरान छात्रों ने खेल भावना, अनुशासन और उत्साह का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।विद्यालय की अध्यक्ष अलका चौहान व डॉ. जनेश्वर चौहान ने सभी विजेता छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि बच्चों द्वारा किया गया प्रदर्शन बेहद सराहनीय है। उन्होंने उन छात्रों को भी प्रोत्साहित किया जो इस बार पदक नहीं जीत पाए कि वह अभ्यास जारी रखकर अगली बार बेहतर प्रदर्शन करें। स्कूल प्रबंधक श्वेता चौहान ने शिक्षकों और छात्रों की मेहनत की प्रशंसा करते हुए उन्हें भविष्य की प्रतियोगिताओं में सफलता के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य शर्मा प्रवीण ने सभी बच्चों को खेलों के साथ-साथ शिक्षा में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि खेल छात्र जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, जो आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास में सहायक होते हैं। इस दौरान सभी विजेता छात्रछात्राओं को सम्मानित किया गया विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

## गली में खेल रही मासूम पर कुत्ते ने हमला कर किया घायल

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली में गली में खेल रही दो वर्षीय मासूम बच्ची पर एक आवारा कुत्ते ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बच्ची की चीख पुकार सुनकर परिजनों ने आवारा कुत्ते को भगाया और घायल बच्ची को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर किया है। शनिवार को थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली निवासी रुपिन की 2 वर्षीय मासूम बच्ची निकुंज घर के बाहर मंदिर के समीप गली में खेल रही थी। गली में खेल रही मासूम बच्ची पर एक आवारा कुत्ते ने जान लेवा हमला बोल दिया और काट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। कुत्ते के द्वारा हमले में घायल मासूम बच्ची की चीख-पुकार सुनकर आसपास के पड़ोसी वह परिजन डंडा लेकर दौड़े और आवारा कुत्ते को भगाया। परिजनों ने मासूम बच्ची को घायल अवस्था में उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर एंटी रेबीज की वैक्सीन लगाने के बाद गंभीर अवस्था में बच्ची को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। सरकारी डॉक्टर वीरेंद्र सिंह का कहना है कि कुत्ते के हमले से घायल एक मासूम बच्ची को लेकर परिजन अस्पताल पहुंचे थे जहां पर एंटी रेबीज वैक्सीन लगाकर आवश्यक उपचार कर उसे जिला अस्पताल भेजा गया है।

## डॉ. भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर गोष्ठी

**समाज जागरण कांधला।**

खंड विकास क्षेत्र के गांव डांगरौल में भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर के 70वें महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्रामीणों में प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर बाबा साहब को भावभीनी



श्रद्धांजलि दी।गोष्ठी को संबोधित करते हुए रालोद नेता राजन जावला ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर के विचार, सिद्धांत और उनकी दूरदृष्टि भारतीय लोकतंत्र की आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने समाज में व्याप्त विषमता, अन्याय और भेदभाव के विरुद्ध संघर्ष करते हुए समानता, स्वतंत्रता और बंधुता पर आधारित समाज का सपना देखा था, जो आज भी हम सबके लिए पथ-प्रदर्शक है।इस अवसर पर मोंटी, जितेन्द्र, डोली, अमित, मोनू, धरमबीर, सहेनदर, कार्तिक सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

## बढ़ती शीतलहर से जनजीवन प्रभावित, सरकारी अस्पताल में उमड़ी मरीजों की भारी भीड़

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**



क्षेत्र में कड़ाके की ठंड ने दस्तक दे दी है। क्षेत्र में कई दिनों से लगातार चल रही शीतलहर के कारण तापमान में भारी गिरावट दर्ज की जा रही है। तेज ठंडी हवाओं ने लोगों को घरों में दुबकने पर मजबूर कर दिया है। मौसम में अचानक आई इस कड़ाके की ठंड का असर स्वास्थ्य पर साफ दिखाई देने लगा है। नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में मौसमी बीमारियों ने तेजी से पैर पसार लिए हैं, जिससे लोगों की परेशानी बढ़ गई है।शनिवार को नगर सरकारी अस्पताल में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों की भारी भीड़ देखने को मिली। अस्पताल में अधिकांश मरीज बुखार, खांसी, जुकाम, गले में खराश, ठंड लगने व बदनदर्द जैसी शिकायतों लेकर पहुंचे। मरीजों की संख्या इतनी अधिक थी कि अस्पताल के चिकि त्सकों को लगातार कई घंटों तक बिना रुके उपचार करना पड़ा। बढ़ती भीड़ के बीच चिकित्सकों के हाथ-पांव फूल गए, लेकिन फिर भी उन्होंने जिम्मे दारी के साथ सभी मरीजों का प्राथमिक उपचार किया। चिकित्सा प्रभारी वीरेंद्र सिंह का कहना है कि शीतलहर के दौरान संक्रमण तेजी से फैलता है, इसलिए सावधानी न बरतने पर बीमारी गंभीर रूप ले सकती है। डॉक्टर वीरेंद्र सिंह ने लोगों से ठंड के मौसम में अतिरिक्त सतर्कता बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इस मौसम में खांसी-जुकाम के अलावा निमोनिया व सांस संबंधी समस्याएं भी बढ़ जाती हैं। इसलिए सुबह-शाम विशेष तौर पर गर्म कपड़ों का प्रयोग करें, बिना आवश्यकता घर से बाहर न निकलें, गर्म पानी पिएं और खानपान पर ध्यान दें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अस्पताल में सभी आवश्यक दवाइयों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है तथा किसी भी मरीज को घबराने की आवश्यकता नहीं है।

## फोन पर बात नही कराने पर मारपीट तीन घायल हायर सेंटर रेफर

**कांधला।(फुरकान जंग)**

कस्बे के कैराना बस स्टैंड पर चार शराबियों ने तीन युवकों को फोन पर बात नही कराने से क्षुब्ध होकर शराब की बोतलों से हमला कर मारपीट की। मारपीट में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मारपीट कर चारों आरोपी मौके से फरार हो गए। 112 पुलिस ने तीनों घायलों को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया।चिकित्सकों ने तीनों घायलों की हालत को गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया है। मामले में पीड़ितों के परिजनों ने अज्ञात युवकों के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

जनपद मुजफ्फरनगर के थाना फुगाना क्षेत्र के गांव डूंगर निवासी बबलू पुत्र संसार, संजीव पुत्र ओमकारा व मोनू पुत्रराममेहर शनिवार को अपने घर से हिमाचल प्रदेश जाने के लिए निकले थे। तीनों युवक कस्बे के कैराना बस स्टैंड पर पेशाब कर रहे थे। आरोप है इसी बीच चार शराबी मौके पर पहुंचे और पेशाब कर रही युवकों से फोन मांगने लगे, तीनों युवकों ने फोन पर बात कराने से मना किया तो आरोप है कि चारों शराबियों ने शराब की बोतल फोड़ कर तीनों युवकों पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। मारपीट में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर शराबा होने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची 112 पुलिस ने तीनों घायलों को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने तीनों घायलों की हालत को गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया है। पीड़ितों के परिजनों ने अज्ञात युवकों के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

## छत पर खेलते समय बालक का पैर फैसला, गिरकर घायल

**समाज जागरण कांधला।**

कस्बे के मोहल्ला रामनगर में छत पर खेल रहा एक दस वर्षीय बालक का पैर फिसलने से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में हायर सेंटर के लिए रेफर किया है। शनिवार को कस्बे के मोहल्ला रामनगर निवासी अनुज का दस वर्षीय पुत्र ऋषभ अपने मकान की छत पर खेल रहा था। छत पर खेलते समय बालक का अचानक से पैर फिसल गया और वह जमीन पर जा गिरा। जमीन पर गिरने से बालक गंभीर रूप से घायल हो गया।चीख पुकार सुनकर परिजन आनन-फनन में लेकर नगर के सरकारी अस्पताल में उपचार के लिए पहुंचे। चिकित्सकों ने घायल बालक को प्राथमिक उपचार करने के बाद गंभीर अवस्था में हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया है।

## खेत में गिरी हाईटेंशन लाइन, सात बीघा फसल जली

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के गांव अट्ठा में एक विधवा महिला की मेहनत पर उस समय पानी फिर गया, जब खेत के ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन की विद्युत लाइन का तार टूटकर नीचे गिर पड़ा। तार गिरते ही खेत में आग लग गई, जिससे



सात बीघा में खड़ी गन्ने की फसल धू-धू कर जल गई। विकासखंड क्षेत्र गांव अट्ठा निवासी विधवा कैलाशो पत्नी कटार सिंह का खेत गांव के बाहरी छोर पर स्थित है। अचानक टूटी लाइन खेत में गिरते ही आग तेजी से फैल गई और किसान की पूरी फसल कुछ ही देर में नष्ट हो गई। घटना से पीड़िता का बड़ा आर्थिक नुकसान हो गया है।विधवा महिला किसान ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर बिजली विभाग की लापरवाही बताते हुए उचित मुआवजे की मांग की है, ताकि उसकी आजीविका को सहारा मिल सके। ग्रामीणों ने भी प्रशासन से पीड़ित महिला को तत्काल मदद देने की मांग की है।दो दिन पुर्व गाव भभीसा निवासी तीन किसने की 14 बीघा फसल जल का राख हो गई थी।

## शामली में सड़क हादसों का कहर: दो की दर्दनाक मौत, दो दर्जन से अधिक घायल

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) शहर के विभिन्न क्षेत्रों में शुक्रवार-शनिवार की रात और सुबह हुए करीब आधा दर्जन हादसों ने जनपद को दहला दिया। इन हादसों में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। कई घायलों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया है। पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

देर गत रात्रि शहर कोतवाली क्षेत्र के बलवा चौराहे पर हुआ। यहां जनपद बागपत के थाना रमाला क्षेत्र के गांव बरवाला निवासी विद्युत संविदा कर्मचारी लाईनमैन 48 वर्षीय महकपाल पुत्र ब्रहसिंह अपने अन्य साथी जेई रत्नागर, टीजी-2 कपिल कुमार, पारस व सेंसरपाल के साथ अपनी शि फ्ट कार में सवार होकर शामली के करनाल रोड स्थित एक बारातघर में शादी समारोह में शामिल होने के लिए आया था। बताया जाता है कि जब वह क्षेत्र के बलवा चौराहे पर चौकी के सामने पहुंचे तो इसी दौरान सामने से तेज गति से आ रहे एक ट्रक से आमने सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे में महकपाल की मौके पर मौत हो गई, जबकि अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर शहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां कार चला रहे राहुल की दशा गंभीर होने के कारण हायर सैंटर के लिए रेफर कर दिया, जबकि अन्य घायलों को भर्ती किया गया। वही पुलिस ने मृतक महकपाल के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना पाकर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। मृतक महकपाल अपने पीछे तीन छोटे बच्चे छोड गया है। लाईनमैन की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। दूसरा हादसा शामली के बुढ़ाना रोड पर हुआ। यहां संभल से एक पीकअप गाडी में सवार होकर श्रमिक लुधिलाया मजदूरी के लिए जा रहे थे। बताया जाता है कि बदायूं निवासी ठेकेदार शंकरलाल संभल से करीब एक दर्जन से अधिक श्रमिकों को पीकअप गाडी में भरकर लुधियाना मजदूरी के लिए लेकर जा रहा था। बताया जाता है कि जब वह शामली के बुढाना रोड स्थित आई सीआईसीआई बैंक के बाहर पहुंचे तो इसी दौरान तेज गति से आ रहे ट्रक ने पीकअप में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पीकअप गाडी में सवार दर्जनों लोग घायल हो गए और हाहाकार मच गया। महिलाओं व बच्चों की चीख पुकार सुनकर आसपास मौजूद लोगों ने मामले की सूचना शहर कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने सभी घायलों को शामली के जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां संभल निवासी बीरमति, मंजू, भीमसैन, नेमप्यारी, ज्ञानवती, सच्ची देवी, सिमरन, जयवती, धनपाल, पूजा, बाबू, छोटेलाल, शेखर, चंद्रभाल घायल हो गए।

## शिकायतों का निस्तारण शासन की प्राथमिकता, लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त, डीएम

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) शनिवार को जिले की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील कैराना के सभागार में डीएम अरविंद कुमार चौहान की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान डीएम ने फरियादियों की समस्याएं सुनते हुए सभी विभागीय अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि जन समस्याओं का समयबद्ध और गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे डीएम ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि फरियादियों की शिकायतों का समाधान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 43 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 4 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर एसपी नरेंद्र प्रताप सिंह, एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज, सीएमओ डॉ. अनिल कुमार मौजूद रहे। इसके अलावा शामली कलक्ट्रेट सभागार में सीडीओ विनय कुमार तिवारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस क आयोजन किया गया। उनके समक्ष 35 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 3 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।इस अवसर पर एसडीएम न्यायिक हामिद हुसैन मौजूद रहे। इसके अलावा तहसील ऊन में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एडीएम सत्येंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुआ। यहां 28 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 1 शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया। एसडीएम ऊन संदीप त्रिपाठी उपस्थित रहे।

## बधेव रोड पर स्कूटी-बुलेट की भिड़ंत, 75 वर्षीय वृद्ध की मौत

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) शामली के बधेव रोड पर हुआ। यहां बुलट बाईक व इलैक्ट्रिक स्कूटी की हुई आमने सामने की जोरदार भिडंत में 75 वर्षीय वृद्ध की दर्दनांक मौत हो गई, जबकि बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हुए है। थाना आदर्शमंडी क्षेत्र के मुंडेट कला निवासी 75 वर्षीय वेदपाल पुत्र केशोराम अपनी इलैक्ट्रिक स्कूटी पर सवार होकर शामली से अपने गांव वापस लौट रहे थे। बताया जाता है कि जब वह गोदावरी हॉस्पिटल के निकट पहुंचे तो इसी दौरान सामने से आ रही ट्रेक्टर ट्राली को ओवरटेक करते हुए तेज रफ्तार बुलट बाइक सवार तीन युवकों ने स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी के परखच्चे उड गए और वेदपाल की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बुलट बाइक सवार तीनों युवक उछलकर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर थाना आदर्शमंडी पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने वेदपाल को मृत घोषित कर दिया। जबकि बुलट बाइक सवार शाहरूख, आदिल व उवेश की दशा गंभीर होने के कारण हायर सैंटर के लिए रेफर कर दिया गया। वेदपाल की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। वही पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## बुलेट की टक्कर से घायल बालिका की मौत

**समाज जागरण**

कैराना। बुलेट बाइक की टक्कर से घायल हुई छह वर्षीय बालिका की उपचार के दौरान मौत हो गई। हादसे से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव झाड़खेड़ी निवासी रामनिवास ने मुकदमा दर्ज कराया कि 29 नवंबर शाम करीब साढ़े चार बजे उसकी छह वर्षीय पौती काव्या दुकान के सामने से पैदल सड़क पार कर रही थी। तभी गांव तितरवाड़ा की ओर से तेज गति से आ रही बुलेट ने उसकी पौती को टक्कर मार दी। बुलेट पर तीन युवक सवार थे और चालक लापरवाही से तेज गति से बुलेट चला रहा था। गंभीर रूप से घायल उसकी पौती का उपचार पानीपत प्राइवेट हॉस्पिटल में चल रहा था। चार दिसंबर को गंभीर हालत के चलते काव्या को पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। जहां पर रात करीब 12 बजे उसकी पौती काव्या की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने बुलेट बाइक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## डीएम–एसपी ने संपूर्ण समाधान दिवस में सुनी फरियाद

**समाज जागरण**

शामली कैराना।(फुरकान जंग) संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। मौके पर 43 शिकायतों में से चार का निस्तारण किया गया। शनिवार को तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन



किया गया। इस अवसर पर डीएम अरविंद कुमार चौहान व एसपी एनपी सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। अधिकारियों के समक्ष 43 शिकायतें आईं, जिनमें अधिकतर जमीनी विवाद से संबंधित थी। मौके पर चार शिकायती पत्रों का निस्तारण करा दिया गया। शेष शिकायती पत्रों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित करते हुए उनके यथाशीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर एसडीएम निधि भारद्वाज, सीओ हेमंत कुमार, तहसीलदार अर्जुन सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

## सरियों से लदी ट्रॉली पलटी, श्रमिक की मौत

### — पानीपत रोड पर हुआ हादसा, एक अन्य श्रमिक हुआ घायल

**समाज जागरण**



शामली कैराना।(फुरकान जंग) नगर में पानीपत रोड पर गाड़ी को बचाने के प्रयास में ट्रैक्टर ट्रॉली असंतुलित हो गई। सरियों से लदी ट्रॉली के पलटने से नीचे दबकर एक श्रमिक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है।

जनपद बदायूं के श्रमिक कैराना क्षेत्र में सरकारी पानी की टंकी के निर्माण में लगे हुए हैं। शनिवार शाम करीब चार बजे बदायूं के थाना दातागंज क्षेत्र के गांव सुजानपुर निवासी दयाशंकर (26) व कल्लू सरियों से लदी ट्रॉली में पीछे बैठे थे, जबकि श्रमिक विकेश, राजन व शिवकुमार ट्रैक्टर पर सवार थे। वह निमार्णाधीन टंकी से सरिया लेकर कैराना की ओर आ रहे थे। तभी पानीपत रोड पर नायरा पेट्रोल पंप के निकट गाड़ी को बचाने के प्रयास में ट्रैक्टर ट्रॉली असंतुलित हो गई और सड़क किनारे ट्रॉली पलट गई, जिसमें ट्राली में बैठे दयाशंकर व कल्लू सरियों के नीचे दब गए। हादसे में दयाशंकर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। मौके पर आसपास के लोगों और राहगीरों की भीड़ जमा हो गई, जिन्होंने बामुश्किल सरियों के नीचे से दोनों श्रमिकों को बाहर निकाला और उन्हें सीएचसी में ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने दयाशंकर को मृत घोषित कर दिया और कल्लू को उपचार दिया गया। कल्लू ने बताया कि मृतक अविवाहित था तथा चार भाइयों में दूसरे नंबर का था। मृतक का भाई मवाना में मजदूरी करता है, जिसे हादसे के संबंध में सूचना दे दी गई है। उधर, सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और हादसे के संबंध में जानकारी हासिल की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

## परिवहन विभाग मे फैले भ्रस्टाचार ने उजाडा हंसता-खेलता परिवार

### - अवरलोड गन्ने से भरे ट्रक ने ले ली एक युवक की जान और महिला एवं बच्चा बाल-बाल बचे

**समाज जागरण थानाभवन**

शामली जनपद में ओवरलोडिंग का खेल अब खुलेआम प्रशासन की नाक के नीचे चल रहा है। लगता है ओवरलोडिंग माफिया ने पूरी व्यवस्था को बंधक बना लिया है। जिसके चलते शनिवार को एक बार फिर थाना भवन क्षेत्र में गन्ने से भरे एक ओवरलोडेड ट्रक ने करीब 35 वर्षीय युवक विकास पुत्र मदनलाल निवासी केवलपुरी मुजफ्फरनगर की जान ले ली। विकास अपनी पत्नी और बच्चों के साथ गांव रांझड़ में एक शादी समारोह में शामिल होने लिए जा रहा था। शादी की खुशियों के पल एक झटके में मातम में बदल गए। जहाँ एक और ओवरलोडिंग वाहन राहगीरों की जीवन लीला समाप्त कर रहे है, वही दुसरी और सड़को को तोड़ने एवं भीषण जाम का कारण बन रहे है। सूत्रों की माने तो जनपद शामली मे गन्ने एवं रेत, रोड़ी डस्ट से भरे ओवरलोड वाहन परिवहन विभाग की मिलीभगत से जनपद की सड़कों पर बिना रोक टॉक के सरपट दौड़ रहे है। शनिवार को थाना भवन क्षेत्र के नौजल गाँव के समीप जिस ट्रक को राजकुमार पुत्र सुखबीर, निवासी जनपद बागपत चला रहा था,

सम्बंधित अधिकारी की अकूत सम्पत्ति अर्जित करने की लालसा के चलते आज एक हंसते खेलते परिवार को उजाड़ दिया है। हादसे ने जहाँ एक हंसते खेलते परिवार को उजाड़ दिया वही शादी की खुशियाँ को भी एक मिनट मे मातम मे बदल दिया है। पीड़ित परिवार ने ट्रक चालक के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## कम लागत में अधिक उपज का साधन है जैविक खेती

### किसान मेले में उमड़ी किसानों की भीड़ ,दी गई जैविक खेती की जानकारी

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

मीरजापुर।। नमामि गंगे योजना द्वारा संचालित बायोसर्ट इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा मझवां विकास खंड के महामलपुर गांव में किसान मेले का आयोजन किया गया।जिसमे किसानों को आधुनिक कृषि के बाबत नई जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर योगेंद्र कुमार सिंह ने किसानों को जैविक खेती से कम लागत में अच्छी उपज की जानकारी देते हुए, खेत में हो रही कार्बन की कमी को बढ़ाने के लिए विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराया। डॉ सुरेश ने किसानों



को बीजामृत और जीवामृत बनाने और उसके प्रयोग के बारे में जानकारी दी।मेले में किसानों को जैविक खेती पर जोर देते हुए कम लागत से अधिक उपज की बारे में बताया।प्रदीप यादव ने किसानों को शासन द्वारा किसानों के कल्याण हेतु चल रही योजनाओं, कृषि विविधीकरण की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन राधेश्याम पटेल ने किया। कार्यक्रम में रामहुलाश सिंह, सचिन सिंह, प्रेमशंकर, मयंक सिंह, मनीष सहित गांव के अन्य किसान उपस्थित रहे।

# भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर स्मृति सम्मान का हुआ भव्य आयोजन

**समाज जागरण बागपत।**
उच्च प्राथमिक विद्यालय बाघू बागपत में भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर चित्रकला ,निबंध कहानी ,खेल ,भाषण व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान सुरेंद्र कुमार, प्राथमिक विद्यालय बाघू की इंचार्ज अध्यापिका शकुंतला देवी, उच्च प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका संगीता देवी, अमित कुमार ,सीमा, शिक्षिका संदीपा देवी ,प्राथमिक विद्यालय बाघू के शिक्षक डॉ भरत झा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर शेर सिंह को समाजसेवा एवं युवा राजनीति के लिए बाबा साहब भारत रत्न भीमराव अंबेडकर स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया। डॉ भरत झा




ने कहा कि समाजसेवी रघुवर सिंह की भी आज पुण्यतिथि थी और इस अवसर पर श्रीमद् भगवदगीता बांटी गई और विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र व शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई । ग्राम प्रधान सुरेंद्र कुमार ने कहा कि विद्यालय में सभी शिक्षकों के सहयोग से हमारे बच्चे गांव का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर कृष्णपाल, रकम सिंह,नवाब सिंह,किरणपाल ,ऋषिपाल,महेंद्र सिंह, करण सिंह, विजयपाल, रफीक अहमद, मेहरदीन ,रशीद, नीतू व कोविंता ने भी बच्चों का मनोबल बढ़ाया।

# पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव 7 से प्रारंभ,सज गया बड़ौत नगर

**समाज जागरण बागपत।**
संस्कारप्रणेता,ज्ञानयोगी,आचार्य श्री 108 सौरभ सागर महाराज के सानिध्य एवं श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन मंदिर कमेटी के तत्वावधान में दिगंबर जैन कॉलेज ए फील्ड बडौत में पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव आज 7 दिसंबर से प्रारंभ हो रहा है, जो कि 12 दिसंबर को मोक्ष कल्याणक के साथ संपन्न होगा। मीडिया प्रभारी वरदान जैन ने बताया कि कार्यक्रम हेतु दिगंबर जैन कॉलेज में भव्य पंडाल का निर्माण पूरा हो चुका है। नगर के सभी जैन मंदिर एवं मुख्य मार्ग सजा दिए गए हैं। पंडित हंसमुख राय धरियावद के निर्देशन में 7 दिसंबर को सुबह घटयात्रा के साथ पंच कल्याणक का



शुभारंभ होगा। ध्वजारोहण प्रवीण जैन और मनोज जैन द्वारा तथा मंडप उद्घाटन धनपाल जैन द्वारा किया जाएगा। चित्र अनावरण जितेंद्र कुमार संदीप जैन द्वारा और दीप प्रज्वलन अजय जैन मनीष जैन द्वारा होगा। समारोह गौरव धनेंद्र जैन सचिव दिगंबर जैन कॉलेज होंगे।मंडप शुद्धि, याज्ञमंडल पूजन, सकलीकरण आदि की धार्मिक क्रियाएं संपन्न होंगी।शाम को आरती एवं गर्भ कल्याणक के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। आज अतिथि भवन में आयोजित धर्मसभा में मंगल प्रवचन देते हुए कहा आचार्य श्री सौरभ सागर जी महाराज ने कहा कि शास्त्र पढ़ने से ज्ञान की वृद्धि होती है। और सन्त समागम से अज्ञान का नाश होता है। अज्ञान का नाश होने के उपरान्त व्यक्ति आचरण को अंगीकार कर लेता है, इसलिए जैन दर्शन में आचार्य उसी को माना गया है, जो ज्ञान व आचरण दोनों से युक्त है। जो मात्र ज्ञान को ही मिथ्यात्व व संसार को हटाने वाला मानता है उसकी बुद्धि उल्लू के समान होती है। जैसे उल्लू सूर्य के प्रकाश को अंधकार का कारण मानता है। उसी प्रकार तथाकथित ज्ञान सन्त के समागम को अज्ञान की वृद्धि मानता है और शस्त्र अध्ययन को केवलज्ञान का दाता मानता है। सभा में मंदिर कमेटी के अध्यक्ष पंकज जैन,सचिव अजय जैन काले ,राजकुमार जैन, राकेश जैन, कमल जैन,सौरभ जैन,प्रभात जैन,अंकुर जैन,प्रवीण जैन,अशोक जैन,मनोज जैन,सतीश जैन आदि उपस्थित थे। शाम को पंचकल्याणक महोत्सव की पूर्व संध्या पर समाज द्वारा मंगलाचार के अंतर्गत भक्ति के द्वारा नाचते, गाते खुशिया मनाई गई।इस अवसर पर सतीश जैन,अनुज जैन,अमित जैन द्वारा सुंदर भजन प्रस्तुत किए गए।

# कांग्रेसियों ने बनाई बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती

**समाज जागरण बड़ौत ।**

नगर में शहर कांग्रेस कमेटी बड़ौत के तत्वावधान में दिल्ली रोड बड़ौत पर स्थित कार्यालय पर निष्ठावान व कांग्रेस समर्पित कार्यकताओं ने भारतीय संविधान के शिल्पकार महान शिक्षा विद समाज सुधारक महान कानूनविद भारत रत्न डा० भीमराव अम्बेडकर की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर पुण्यतिथि मनाई। विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। उनके महान जीवन पर देशहित में किए गए महान संवैधानिक कार्यों को याद करते हुए प्रकाश डाला गया। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए शहर कांग्रेस कमेटी बड़ौत अध्यक्ष रामहरी पंवार ने कहा डा० भीमराव अम्बेडकर ने दुनिया के सबसे सर्वश्रेष्ठ संविधान का निर्माण किया। बाबा साहब ने भारत का संविधान बनाकर सभी को एक साथ जोडकर चलने का नारा दिया था। हमे उनके आदर्शों पर चलना चाहिए। सभी को समानता



का अधिकार दिलाया। भारतीय समाज को भिन्न भिन्न फूलों से एक गुलदस्ते मे सजोया। समाजिक भेदभाव छुआ छूत को मिटाने मे अनूठा योगदान रहा। उन्होंने असहाय गरीब दलितो शोषित तबके के लोगों, किसान मजदूर महिलाओं को समान अधिकार सम्मान से फलीभूत किया। उनके स्थापित किए कानूनी प्रावधान एतिहासिक है। देश उनका सदैव रीणी रहेगा। 14 दिसम्बर को दिल्ली रामलीला मैदान में होने वाली रैली को जोर शोर से सफल बनाने के लिए बढ चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया। संचालन करते हुए पूर्व पीसीसी सदस्य देवेन्द्र चौहान ने बताया कि अम्बेडकर ने शिक्षित बनो संगठित बनो सघर्ष करो का जो सपना देखा था। आज धरातल पर दिखाई देता है। यह नारा सामाजिक सुधार और सशक्तिकरण के लिए उनके द्रष्टिकोण को दशार्ता है। इस अवसर पर पूर्वपीसी क्रष्ण हरि पंवार, डा० सुभाष शर्मा, रामरंग पंवार, बिजेन्द्र शर्मा, प्रवेज, शोकेन्द्र तोमर, औमबीर दुहण, रविन्द्र तोमर, औकार दत्त, पप्पू कश्यप, फारूक , श्रीपाल आदि मौजूद रहे।

# एनवायरनमेंट एंड सोशल रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन ने किया विशेष प्रतिभाओं का सम्मान

**समाज जागरण बागपत।**

एनवायरनमेंट एंड सोशल रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन (एस्रो) के कैंप कार्यालय बड़ौत में संस्था का 12 वाँ सम्मान समारोह मनाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेंद्र शास्त्री ने की तथा मुख्य अतिथि डॉ जगदीश चौधरी (सदस्य विश्व जल आयोग) रहे।संचालन संस्था के सचिव देवेंद्र फोगाट ने किया। इस अवसर पर देश के प्रसिद्ध एवं वयोवृद्ध पर्यावरणविद ज्ञानेंद्र रावत को उनके द्वारा पर्यावरण पर किए गए कार्यों के लिए 12 वां बदलाव के पुरोधा सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। 12 वां प्रकृति प्रहरी सम्मान 2025 योगेंद्र सिंह मेरठ, दुष्यंत बागपत, रोहताश सिंह



मेरठ एवं ऋषिपाल सिंह पंवार मेरठ को पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। प्रथम वृक्ष मित्र सम्मान 2025 पूर्व रॉ अधिकारी रहे देवेंद्र सिंह पंवार को उनके द्वारा हजारों वृक्ष लगाने के उपलक्ष्य में दिया गया। बाल प्रतिभ सम्मान 2025 के लिए 12 विद्यालयों से आए 36 विद्यार्थियों को दिया गया साथ ही सभी अतिथियों ने बच्चो द्वारा बनाए गए नव वर्ष 2026 कैलेंडर का अनावरण किया गया। शनिवार को हुए कार्यक्रम में विश्व जल आयोग के सदस्य डॉ जगदीश चौधरी ने कहां कि हमारी भारतीय संस्कृति में जल को देवता कहां गया है और नदियों को मां, मगर वर्तमान समय में नदियां मैला ढोने वाली के रूप में बदल गई है और साथ ही जल व्यापार का केंद्र बन गया है। इन सब हालातों का मुख्य कारण हमारी प्राचीन संस्कृति से समाज द्वारा दूरी बनाना है। अगर समाज और व्यवस्थाओं ने नदियों और जल को पुनः उनका खोया हुआ गौरव नहीं लौटाया तो मानव समाज की इसकी बड़ी कीमत चुकानी होगी। इस अवसर पर प्रसिद्ध एवं वयोवृद्ध पर्यावरणविद ज्ञानेंद्र रावत ने कहां कि वर्तमान समय में जिस प्रकार देश में वायु प्रदूषण का प्रकोप बढ़ता जा रहा है इससे देश में 18 से 20 लाख लोग प्रतिवर्ष अपनी जान से हाथ धो रहे है, हम जैसे बुजुर्गों और बालकों को इससे सबसे ज्यादा प्रभावित किया है। वायु प्रदूषण पर समाज और सरकारों को गंभीर होने की तुरंत आवश्यकता है, वरना हालत गंभीर होने वाले है। इस अवसर पर संस्था के निदेशक संजय राणा ने अक्टूबर माह में हिमालय में आपदा विषय पर अध्ययन यात्रा की विस्तृत रिपोर्ट रखी और चेताया कि अगर हिमालय सुरक्षित रहेगा तब ही हम मैदानी क्षेत्र के लोग खुशहाल रह पाएंगे। इस अवसर पर डॉ. संजय मोघा, देशवीर नैन, सुषमा रानी, डॉ सतेंद्र तोमर, सोनू चौहान, धर्मेंद्र अग्रवाल, दीपक तोमर, ममता पंवार, प्रतिभा जैन, योगेंद्र सरोहा, देशपाल तोमर, कन्हैया, तनु, वंशिका, गुड्डन, आर्यन आदि का सहयोग रहा।

# सपाइयों ने महापरिनिर्वाण दिवस पर बाबा साहेब को नमन किया

**समाज जागरण बागपत।**
जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय बागपत परिसर में संविधान निमार्ता और ज्ञान के प्रतीक बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर समाजवादियों द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष रविंद्र देव यादव ने बाबा साहेब को नमन करते हुए कहा कि बाबा साहब को संविधान निर्माण और सामाजिक न्याय के कार्यों के लिए सदियों तक याद किया जाता रहेगा। बाबा साहेब को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के बाद उत्तर प्रदेश में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की जिले में प्रगति की समीक्षा की गई और समाजवादी पार्टी के नेताओं, संगठन पदाधिकारीयों कार्यकताओं को प्रत्येक मतदाता का नामांकन करने के कार्य के संबंध में सचेत रहकर आमजन के वोट के अधिकार



को संरक्षित करने के लिए पूरी जिम्मेदारी से कार्य करने के निर्देश और जिम्मेदारी दी गई। सिंगोली तगा निवासी पंडित रविशंकर शर्मा को समाजवादी प्रबुद्ध सभा बागपत के जिला अध्यक्ष का दायित्व सौपा गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सपा प्रदेश सचिव संजीव त्यागी, पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज चौधरी, अर्जुन अवार्डी सुभाष पहलवान, रवि बैसला, काला विधूडी, डॉ सतीश गौड, महबूब मलिक, जितेंद्र भाटी, डॉ जितेन्द्र, सलीम त्यागी, डा०तरुण यादव, डॉ० शालिनी , शाहरुख, सुभाष तोमर, नरेश त्यागी, रविशंकर शर्मा इरशाद मलिक, मगन कश्यप समेत बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अंबेडकर भवन में भीमराव अम्बेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया

**समाज जागरण बड़ौत।**
बड़ौत क्षेत्र के किशनपुर बिराल गांव में अंबेडकर भवन में महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर सर्व समाज द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के अध्यक्षता मा० वीर सेन तथा संचालन अ. भा. वा. नवयुवक संघ के जिला अध्यक्ष अजय कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हरेंद्र तोमर एवं मनीष के द्वारा बाबा साहब के चरणों में पुष्प एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष चमन सिंह एवं राजकुमार एडवोकेट ने बाबा साहब के सिद्धांतों को विस्तार से बताया। तथा मदन तेजान एडवोकेट ने बाबा साहब के चरणों में सादर नमन किया तथा श्रद्धांजलि अर्पित की। जयपाल सिंह एवं राम मेहर सिंह ने समाज को बाबा साहब के सिद्धांतों पर चलने



पर बल दिया। सत्य प्रकाश एवं चरण दास ने समाज को संगठित करने पर जोर दिया। डॉ हिमांशु ने बाबा साहब की विचारधारा पर चलने का आह्वान किया। प्रेम सिंह व चंद्रपाल ने सामाजिक कटुता दूर करने पर बल दिया। अजय कुमार बहोत ने संविधान के जनक समाज सुधारक समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को सशक्त बनाने वाले भारत रत्न बाबा भीमराव अंबेडकर के चरणों में पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनकी महान विचारधारा पर प्रकाश डाला। जिला सचिव रविंद्र ने बाबा साहब को कोटि-कोटि नमन किया तथा सभी अतिथियों का सादर आभार प्रकट कर प्रसाद का वितरण किया। इस अवसर पर हरेंद्र तोमर, मनीष, मोहन, सत्य प्रकाश, सुदेश, धर्मवीर सिंह, सतवीर, बलधारी, सुधीर, ईश्वर सिंह, अनिल, कपिल, सुनील, जैंथ, मुकेश, अंकित, सत्येंद्र, दीपक अंबेडकर, नरेश, अमित, हाजी इस्लाम, आजाद, शहजाद, इनाम, मोमिन, कंवरपाल, संजीव कश्यप, सुमित, राजू, चंद्रपाल सैनी आदि उपस्थित रहे।

# अधिवक्ताओं ने बाबा भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि मनाई

**समाज जागरण बड़ौत।**
तहसील में भारत के संविधान के निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर सिविल बार एसोसिएशन के महामंत्री पुष्पेंद्र तोमर एडवोकेट




के नेतृत्व में उनकी पुण्यतिथि पर माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर महामंत्री पुष्पेंद्र तोमर एडवोकेट ने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने भारत का संविधान लिखा था। संविधान के निमार्ता बाबा भीमराव अंबेडकर के बताएं मार्ग पर चलने के लिए सभी को प्रेरित किया गया। इस मौके पर सिविल बार एसोसिएशन उपाध्यक्ष हरवीर सिंह, मोहित चौहान, बलदेव अग्रवाल, विकास तोमर, संजीव कुमार, निखिल पोरिया, सत्येंद्र कुमार, विकास, जयंत चौधरी आदि अधिवक्ताओं ने बाबा भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।

# टीएमयू के प्रो. राजुल रस्तोगी इन्नोवेटिव रिसर्चर ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित

**समाज जागरण**

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुराद ाबाद के मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर की रिसर्च कमेटी के चेयरमैन एवम् रेडियोलॉजी एक्सपर्ट प्रो. राजुल रस्तोगी की झोली में एक और बड़ी उपलब्धि आई है। प्रो. राजुल रस्तोगी को साइंटिफिक लॉरेल्स की ओर से इन्नोवेटिव रिसर्चर ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। डॉ. राजुल रस्तोगी के हाई इंपैक्ट 212 रिसर्च पेपर्स, इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंसेज में निरंतर सहभागिता के संग सर्वश्रेष्ठ पुरस्कारों, मेडिकल साइंसेज में उनके योगदान और ग्लोबल फेलोशिप और मेंबरशिप्स, हैल्थकेयर इन्नोवेशन, रिसर्च और मेंटरशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन, देश-विदेश में रेडियो डायग्नोसिस और मेडिकल एजुकेशन को आगे बढ़ाने में उनकी सक्रिय लीडरशिप सरीखें कार्यों के लिए यह सम्मान प्राप्त हुआ है। रेडियोडायग्नोसिस के प्रोफेसर के रूप में डॉ. रस्तोगी ने सैकड़ों पीजी स्टुडेंट्स और यूथ रिसर्चर्स का मार्गदर्शन किया है और साक्ष्य-आधारित शिक्षा एवम् नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा दिया है। स्वास्थ्य सेवा शिक्षा, प्रशिक्षण और विकास में






उनके योगदान को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों मंचों पर मान्यता मिली है।
उल्लेखनीय है, डॉ. रस्तोगी प्रतिष्ठित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में 212 रिसर्च पेपर्स पब्लिशन के संग-संग 210 रिसर्च पेपर्स और व्याख्यान की प्रस्तुति भी दे चुके हैं। उनके 16 मेडिकल बुक्स में 50 अध्याय शामिल हैं। उनके शोध निरंतर डायग्नोस्टिक इमेजिंग को आगे बढ़ाने और पेशेंट केयर में डायग्नोस्टिक अनुप्रयोगों में सुधार पर केंद्रित रहे हैं। डॉ. रस्तोगी को रेडियोलॉजी में युवा वैज्ञानिक होने के लिए डॉ. वीपी लखनपाल गोल्ड मेडल- 2004, भारतीय रेडियो लॉजिकल इमेजिंग एसोसिएशन की ओर से केएम राय मेमोरियल ओरेशन पुरस्कार- 2010, अंतर्राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान अकादमी और भारतीय रेडियोलॉजी एवम् इमेजिंग कॉलेज की ओर से फेलोशिप अवार्ड मिल चुके हैं। मार्क्विस हूज हू इन द वर्ल्ड-2012, कैम्ब्रिज सर्टिफिकेट फॉर टॉप 100 हेल्थ प्रोफेशनल्स-2012, आईआरआईए, आई सी एमआर, सीएसआईआर, केए सआर की मान्यता भी प्राप्त है। सियोल, दक्षिण कोरिया में एएस एमआरएम/आईसीएमआरआई सम्मेलनों में सम्मानित हो चुके हैं। साथ ही 2025 में भारत का अग्रणी स्वास्थ्य सेवा शिक्षा नवप्रवर्तक पुरस्कार, स्वास्थ्य सेवा प्रशिक्षण और विकास में उत्कृष्टता पुरस्कार, शैक्षणिक उत्कृष्टता और मार्गदर्शन पुरस्कार भी उनकी झोली में हैं।

# बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर : एक युग का अंत, एक मार्गदर्शक का आरंभ

**समाज जागरण बागपत।**

ओमवीर ढाका ने बताया कि आज का दिन केवल कैलेंडर की तारीख नहीं, बल्कि इतिहास के उस क्षण की स्मृति है। जब एक व्यक्तित्व नहीं, एक पूरा युग विदा हुआ था। बाबा साहेब अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर हम उन्हें सिर्फ याद नहीं करते, बल्कि उस संघर्ष को भी नमन करते है। जिसने करोड़ों वंचितों को पहचान, अधिकार और सम्मान दिलाया। बाबा साहेब ने हमें सिर्फ संविधान नहीं दिया, बल्कि यह विश्वास भी दिया कि समानता कोई दया नहीं यह जन्मसिद्ध अधिकार है। उनकी दूरदर्शिता ने उस भारत की नींव रखी जहाँ हर व्यक्ति अपने सपनों के साथ जी सके। अगर उनका संघर्ष, त्याग और विचार न होते, तो शायद हमारा अस्तित्व समाज की पंक्तियों में दर्ज भी न होता। डॉ. अंबेडकर की विरासत केवल




किताबों में नहीं, बल्कि हर उस साहस में जीवित है जो अन्याय के खिलाफ खड़ा होता है, हर उस आवाज में धड़कती है जो समानता की बात करती है, और हर उस कदम में बसती है। जो समाज को बेहतर बनाने की दिशा में बढ़ता है। महापरिनिर्वाण दिवस पर महान विचारक, संविधान के शिल्पकार और मानवता के मार्गदर्शक बाबा साहेब को शत-शत नमन और विनम्र श्रद्धांजलि।

# चार दुकानों को चोरों ने बनाया निशाना, गुस्साए व्यापारियों ने किया प्रदर्शन

**समाज जागरण बागपत।**
मेरठ-बागपत राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित सराय मोड़ पर शुक्रवार देर रात चोरों ने चार दुकानों को निशाना बनाकर लाखों के सामान सहित नगदी चोरी कर ली। शनिवार सुबह दुकान खोलने पर व्यापारियों को घटना की जानकारी हुई। चोरी की घटना से आहत व्यापारियों ने हंगामा कर खुलासे की मांग की। घटना का खुलासा नहीं होने तक व्यापारियों ने दुकान बंद रखने का ऐलान किया। सिंघावली अहीर थाने से मात्र 200 मीटर की दूरी पर सराय मोड स्थित चार दुकानों में चोरी की घटना को अंजाम दिया। व्यापारी अवनीश निवासी कस्बा सराय ने बताया कि शुक्रवार रात दुकान बंद कर घर चले गए थे। सुबह करीब आठ बजे दुकान खोली तो सारा सामान बिखरा पड़ा था। वहीं छत पर जाकर देखा तो कुंबल हुआ मिला। वहीं इरफान निवासी रोशनगढ़, सलीम निवासी सिंघावली अहीर, गुलबहार निवासी दौलतपुर की दुकानों में भी कुंबल कर लाखों के सामान के साथ नगदी चोरी की गई। चोरी की घटना से व्यापारियों में आक्रोश व्याप्त है। व्यापारियों ने घटना के खुलासे सहित सुरक्षा की मांग की है। जब तक खुलासा नहीं होगा व्यापारियों ने दुकानें बंद रखकर विरोध प्रदर्शन किया।

# डॉक्टरों की टिप्पणी से उठा विवाद -जे. के. कैंसर इंस्टिट्यूट।

**समाज जागरण**
कानपुर विशेष संवाददाता। शहर के जे.के. कैंसर इंस्टिट्यूट में मरीजों के साथ हो रही अति संवेदनहीनता का गंभीर मामला सामने आया है। एक कैंसर पीड़ित मरीज के मेडिकल पर्चे पर ही डॉक्टरों द्वारा तीमारदार गलत बर्ताव


J.K. CANCER INSTITUTE, KANPUR
J.K. CANCER INSTITUTE, KANPUR
दिनांक | लक्षण एवं उपचार
5/12/25
Pt's attendant misbehaving with hospital staff.
Adv:
① CBC/LFT/KFT/RBS HIV/HCV/HBsAg
Room no. ② - 6/12/25 @ 8:30AM.
Pall. RT: 8Gy/1# D,
Pelvis RT: 20Gy/5#/1wk

कर रहे हैं जैसी टिप्पणी लिखे जाने से पूरे अस्पताल प्रशासन पर सवाल खड़े हो गए हैं।स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि यदि किसी तीमारदार का व्यवहार अनुचित था तो अस्पताल के पास पुलिस को सूचना देने, या तीमारदारों को वार्ड से बाहर कराने,जैसी स्पष्ट प्रक्रियाएँ मौजूद हैं। इसके बावजूद शिकायत को मरीज के पर्चे में दर्ज करना, इलाज पर सीधे असर डालने वाला कदम माना जा रहा है। अस्पताल में पहले से ही स्टाफ की लापरवाही, मरीजों व तीमारदारों से बदसलूकी,और भ्रष्टाचार से जुड़े आरोप लगातार चर्चा का विषय बने हुए हैं। यह नया मामला स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत को और उजागर करता है।इस घटना के बाद संस्थान की कार्यप्रणाली को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे हैं और स्थानीय लोगों व मरीजों के तीमारदारों ने व्यवस्था सुधारने और जांच कराने की मांग तेज कर दी है। स्वास्थ्य सेवाओं में संवेदनशीलता की कमी पर उठ रही आवाजें,मामला प्रशासन की निगरानी में आने की उम्मीद।

# महिलाओं को मिली बड़ी राहत।महीनों से बंद पड़ा सुलभ शौचालय खुला।

**समाज जागरण**

कानपुर विशेष संवाददाता। शास्त्री नगर बाजार में पिछले दो महीनों से बंद पड़े सुलभ शौचालय को लेकर व्यापारी और महिलाएं लगातार परेशान थीं। बाजार आने वाली महिलाओं तथा कामकाजी महिला दुकानदारों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। वही नगर निगम विभाग की बड़ी लापरवाही को देखते हुए क्षेत्र में आक्रोश का माहौल बना हुआ था। जिसके कारण स्थिति बिगड़ने पर क्षेत्रीय भाजपा नेता महेंद्र तिवारी ने समस्या को गंभीरता से उठाते हुए नगर निगम अधिकारियों को मौके का निरीक्षण कराने के लिए बाध्य किया। उन्होंने जोनल अधिकारी को 48 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए स्पष्ट कहा कि यदि समय सीमा में समाधान नहीं



हुआ तो क्षेत्रीय लोगों के साथ नगर निगम में धरना प्रदर्शन किया जायेगा बल्कि वे स्वयं सफाई और मरम्मत करवाएंगे। लेकिन नगर निगम विभाग के अधिकारियों द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार पर विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।वही इसी दबाव के बाद नगर निगम टीम सक्रिय हुई और शनिवार के दिन अधिकारियों ने शौचालय को पुनः खुलवाया। साथ ही इसे नियमित रूप से साफ-सफाई मेंटेन करने का आश्वासन भी दिया।स्थानीय व्यापारियों और महिलाओं ने कहा कि महेंद्र तिवारी के हस्तक्षेप से ही बंद पड़ा शौचालय चालू हो सका। बाजार क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही असुविधा अब दूर हो गई है।व्यापारियों में संतोष जाहिर किया, तो वहीं क्षेत्रीय महिलाओं ने कहा कि अब राहत की सांस मिली है।

# बेटे और बहू से मिली सहमति- वरिष्ठ नागरिक की पारिवारिक समस्या का समाधान।

**समाज जागरण**
कानपुर विशेष संवाददाता। उत्तर प्रदेश सरकार व कानपुर कमिश्नरेट के निर्देश पर थाना काकादेव में परिवार परामर्श केंद्र कमेटी का आयोजन किया गया। वरिष्ठ नागरिक छोटेलाल कनौजिया की शिकायत थी कि उनके पुत्र प्रदीप कनौजिया और बहू भोजन नहीं देते और मारपीट करते हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार शर्मा के निर्देशन में वरिष्ठ उपनिरीक्षक शिवकरण वर्मा, महिला उपनिरीक्षक दीक्षा राजपूत, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की नित्य चावला और काउंसलर कंचन सिंह ने दोनों पक्षों को बुलाकर समझाया। परामर्श के बाद दोनों पुत्र और बहू ने मासिक 15-15 सौ रुपए भोजन खर्च देने की सहमति




दी, जिससे शिकायतकर्ता संतुष्ट हुए। सभी पक्ष खुश होकर घर लौट गए।पुलिस और परामर्श केंद्र का कहना है कि ऐसे मामलों में वृद्ध वरिष्ठ नागरिकों की मदद करना उनकी प्राथमिकता है, क्योंकि इस उम्र में वे कानूनी प्रक्रिया अपनाने में सक्षम नहीं होते।

# सिपाही राजेन्द्र सिंह ने महिला की बचाई जान

**समाज जागरण**

कालांवाली 6 दिसंबर (सुरेश जोरसिया) राजकीय रेलवे पुलिस कालांवाली हर रोज का तरह रेलवे स्टेशन पर यात्रा करने यात्रियों की सुरक्षा के एवं सहायता के लिए गशर रही थी' दोपहर को आने वाली रेलगाड़ी आने का समय हो चुका था स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ ज्यादा थी' रेलगाडी फाजिल्का रेवाड़ी से एक अधेड़ उम्र की महिला गाड़ी से उतर रही थी भीड़ अधिक होने के कारण वह गाड़ी से नीचे नहीं उतर पाई और गाड़ी चल पड़ी जब महिला चलती रेलगाड़ी से उतर रही थी तो उसी समय राजकीय रेलवे पुलिस के जवान सिपाही राजेन्द्र सिंह मुंशी चौंकी जीआरपी कालांवाली की नजर पड़ी तो राजेंद्र सिंह ने देखा कि एक महिला रेलगाड़ी से नीचे उतरते समय प्लेटफार्म पर गाड़ी की खिड़की से लटककर घसीटती जा रही थी' उसी समय रेलवे पुलिस के जवान राजेंद्र सिंह ने बिना क्षण गवाए एक दम भागकर उस महिला को पकड़ कर खीचा और महिला की जान बचाई अन्यथा कोई अनहोनी घटना घटीत हो सकती थी। उस महिला की रेलगाड़ी और प्लेटफार्म के बीच आने से मौत हो सकती थी सिपाही राजेन्द्र सिंह ने अपनी ड्यूटी के दौरान बहादुरी का परिचय देते हुए उस महिला की जान बचाई जो कबीले तारीफ है चौंकी प्रभारी भूप सिंह,जीआरपी स्टाफ, रेलवे स्टेशन स्टाफ ने उनका हौसला बढ़ाया। चौंकी प्रभारी ने कहा की मैं रेलवे के उच्च अधिकारियों को जानकारी देकर सूचित करूंगा कि सिपाही राजेंद्र सिंह को सम्मानित करना चाहिए' इस मौके पर चौंकी प्रभारी भूप सिंह महेश आजाद वीर सिंह संतोक सिंह आदि मौजूद रहे।




# शिक्षा मंत्री का भाजपा कार्यालय में स्वागत, कार्यकताओं को दिया संगठन की मजबूती का मूल मंत्र

**लोगों के सुख-दुख में शामिल होकर उनकी आवाज बनना ही सच्चे कार्यकर्ता की पहचान : महिपाल ढ़ांडा**

**समाज जागरण,**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी, 06 दिसंबर : हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढ़ांडा का भिवानी पहुंचने पर भाजपा जिला कार्यालय में भव्य स्वागत किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक की अगुवाई में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका साथ उनका अभिनंदन किया। इस दौरान कार्यालय में भारी उत्साह का माहौल देखने को मिला। भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक ने शिक्षा मंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि उनके आगमन से कार्यकताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। उन्होंने शिक्षा मंत्री को बुके भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया। कौशिक ने कहा कि सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने में भिवानी इकाई सदैव तत्पर है। स्वागत समारोह के बाद शिक्षा मंत्री महिपाल ने कार्यकताओं के साथ एक विशेष बैठक की। उन्होंने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए सेवा ही संगठन का मूल मंत्र दिया। शिक्षा मंत्री महिपाल ढ़ांडा ने कहा कि पार्टी का कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ है। हमें केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना है। जनता के बीच रहें, उनका सुख-दुःख साझा करें और उनकी आवाज बनें, यही एक सच्चे कार्यकर्ता की पहचान है। बैठक के उपरांत शिक्षा मंत्री ने आम नागरिकों और कार्यकताओं की समस्याएं भी सुनीं। इस दौरान शिक्षा, बिजली, पानी और अन्य स्थानीय मुद्दों को लेकर लोग अपनी फरियाद लेकर पहुंचे थे। मंत्री ने सभी की समस्याओं को गंभीरता से सुना और मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसमस्याओं का निवारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि भाजपा सरकार सबका साथ-सबका विकास के सिद्धांत पर काम कर रही है और किसी भी क्षेत्र में विकास की कमी नहीं रहने दी जाएगी। इस अवसर पर विधायक घनश्याम सर्राफ, विधायक कपूर वाल्मीकि, सुंदर अत्री, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष ठाकुर विक्रम सिंह, मीना परमार, एडवोकेट राजेश जांगड़ा सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# रेलवे ने पंजाब के कादिया -ब्यास रेल लाइन का काम फिर से किया शुरू : केंद्रीय रेल राज्य मंत्री श्री रवनीत सिंह बिट्टू

**(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**

जैतो,6 दिसंबर : उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल द्वारा जारी प्रैस विज्ञप्ति में शनिवार को बताया कि रेल मंत्रालय ने लंबे समय से लंबित 40 किलोमीटर लंबी कादिया-ब्यास रेल लाइन पर काम दोबारा शुरू करने का फैसला किया है। केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने अधिकारियों को इस परियोजना को ˜डीफ्रीज˜ करने के निर्देश दिए हैं। पहले यह परियोजना संरेखण की चुनौतियों, भूमि अधिग्रहण में बाधाओं और स्थानीय स्तर की राजनीतिक जटिलताओं के कारण ˜फ्रीज˜ श्रेणी में डाल दी गई थी रेलवे की भाषा में किसी प्रोजेक्ट को ˜फ्रोजन˜ करना मतलब उसे ठंडे बस्ते में डाल देना है, क्योंकि विभिन्न कारणों से आगे बढ़ना संभव नहीं रह जाता। ˜डीफ्रीज˜ करने का मतलब है परियोजना को पुनर्जन्म देना–सभी अड़चनों को दूर करने के बाद काम फिर शुरू हो जाता है।बिट्टू ने कहा कि हमारे पूज्य प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी, गृह मंत्री श्री अमित शाह जी और रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि पंजाब के रेलवे प्रोजेक्ट्स के लिए धन की कोई कमी नहीं है। मैं भी लगातार नए प्रोजेक्ट शुरू करने, लंबित प्रोजेक्ट पूरे करने और अप्रत्याशित कारणों से बंद पड़े प्रोजेक्ट्स को पुनर्जीवित करने में जुटा हूं। मोहाली-राजपुरा, फिरोजपुर-पट्टी और अब कादियान-ब्यास–मुझे पूरी तरह पता था कि यह लाइन कितनी महत्वपूर्ण है। इसी वजह से मैंने अधिकारियों को सभी बाधाएं दूर-ल्ल करके निर्माण कार्य फिर से शुरू करने के निर्देश दिए। यह नई रेल लाइन क्षेत्र के ˜इस्पात नगरी˜ कहे जाने वाले बटाला की संघर्ष कर रही औद्योगिक इकाइयों को महत्वपूर्ण बढ़ावा देगी।उत्तरी रेलवे के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) द्वारा जारी एक पत्र में कहा गया है, रेलवे बोर्ड की इच्छा है कि कादियान-ब्यास लाइन को डीफ्रीज किया जाए और विस्तृत अनुमान को शीघ्र पुनः जमा कराकर स्वीकृत कराया जाए ताकि निर्माण कार्य शुरू हो सके।˜इस परियोजना का इतिहास बहुत पुराना है–इसे सबसे पहले 1929 में ब्रिटिश सरकार ने मंजूरी दी थी और नॉर्थ-वेस्टर्न रेलवे ने काम शुरू किया था। 1932 तक लगभग एक-तिहाई काम पूरा हो चुका था, लेकिन अचानक परियोजना बंद कर दी गई थी रेलवे ने इसे ˜सामाजिक रूप से वांछनीय परियोजना˜ का दर्जा दिया और 2010 के रेल बजट में शामिल किया था। लेकिन योजना आयोग द्वारा उठाई गई वित्तीय चिंताओं के कारण काम एक बार फिर रुक गया। ˜सामाजिक रूप से वांछनीय परियोजनाओं˜ की श्रेणी में रेलवे समावेशी विकास पर ध्यान देता है, जिसमें राजस्व उत्पन्न न करने वाली परियोजनाओं के बावजूद किफायती और सुलभ परिवहन सेवाएं प्रदान की जाती हैं।



# सचखंड श्री हरमंदिर साहिब में मरम्मत के उपरांत लगाई सोने की पत्तरें

**(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**

जैतो, 6 दिसंबर : सचखंड श्री हरमंदिर साहिब में चल रहे सोने की पत्तियों और मीनाकारी के सांभ संभाल सेवा के तहत आज मुख्य दरबार के अंदरूनी हिस्से (बाईं ओर) में सोने की पत्तियां लगाई गईं। शिरोमणि कमेटी द्वारा यह सेवा गुरु नानक निष्काम सेवक जत्था बर्मिंघम को सौंपी गई थी, जिन्होंने जरूरत के हिसाब से मरम्मत का काम किया। आज अरदास के बाद, सचखंड श्री हरमंदिर साहिब के ग्रंथी साहिब ज्ञानी राजदीप सिंह, शिरोमणि कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी और निष्काम सेवक जत्था के प्रमुख भाई साहिब भाई महिंदर सिंह सोने की पतरें लेकर सचखंड श्री हरमंदिर साहिब पहुंचे और पूरी श्रद्धा के साथ पतरें लगाने की सेवा शुरू की। इस मौके पर एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने कहा कि सचखंड श्री हरमंदिर साहिब में लगी सोने की पत्ती और मीनाकारी के काम को बनाए रखने के लिए समय-समय पर काम किया जाता है और इसी के तहत शिरोमणि कमेटी ने गुरु नानक निष्काम सेवक जत्था को यह सेवा सौंपी है। उन्होंने कहा कि चल रही सेवा के दौरान, अक्षरों को पहले की तरह ही तैयार करके दोबारा लगाया जा रहा है। इसी तरह, मीनाकारी के रखरखाव का काम भी चल रहा है। उन्होंने गुरु नानक निष्काम सेवक जत्था द्वारा पूरी श्रद्धा से दी जा रही सेवाओं की तारीफ की। इस बीच, सेवक जत्था के प्रमुख भाई साहिब भाई महिंदर सिंह ने कहा कि यह गुरु साहिब की कृपा से ही उन्हें गुरु घर की सेवा करने का मौका मिला। इस मौके पर शिरोमणि कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी, गुरु नानक निष्काम सेवक जत्था बर्मिंघम के प्रमुख भाई साहिब भाई महिंदर सिंह, भाई इंदरजीत सिंह, ओ.एस डी.सतबीर सिंह, मैनेजर भगवंत सिंह धंगेडा, सुपरिटेंडेंट पब्लिसिटी मलकीत सिंह बहिडवाल, जसपाल सिंह ढड़े, सीनियर मैनेजर गुरविंदर सिंह देवीदासपुर और अन्य लोग मौजूद थे। सचखंड श्री हरमंदिर साहिब में श्रद्धालु सोने के पतरें की सेवा का दृश्य।







# डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया

**समाज जागरण**

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कालांवाली में प्राचार्य श्री जगदेव सिंह के निर्देशन में महापरिनिर्वाण दिवस और भाषा उत्सव मनाया गयोकार्यक्रम की शुरूआत में मनोहर लाल खनगवाल प्राध्यापक हिंदी ने विद्यार्थियों को आज के दिवस के बारे मे बताते हुए कहा कि 6दिसंबर को संविधान शिल्पकार डॉ भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि को महापरिनिर्वाण दिवस के रूप मे मनाया जाता है क्योंकि बाबा साहेब ने जातिगत उत्पीड़न का विरोध करते हुए 1956 में हजारों अनुयायियों के साथ बौद्ध धर्म को अपनाया थोबौद्ध धर्म मे महापरिनिर्वाण शब्द जन्म और पुनर्जन्म के नश्वर चक्र से परममुक्ति का प्रतीक हैरुपिन्द्र कुमार प्राध्यापक मनोविज्ञान ने बाबा साहेब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि डॉ. भीमराव जी समाज सुधारक,विद्वान थे उन्होंने अपना पूरा जीवन जातिगत भेदभाव को खत्म करने,दलितों, गरीबों,पिछड़े वर्गो के उत्थान तथा उनकी प्रगति के लिए अर्पित कियोनीरज लाल प्राध्यापक संस्कृत ने भाषा उत्सव के बारे मे विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए कहा कि आपको अधिक से अधिक भाषा का ज्ञान अर्जित करना चाहिए तथा अपनी मातृभाषा का प्रचार प्रसार करना चाहिऐ शिक्षिका रेनू बाला और मंजू बाला ने बाबा साहेब के स्त्री शिक्षा के लिए किए गए अथक प्रयासों के बारे मे बताते हुए कहा कि डॉ. भीमराव जी समाज की प्रगति स्त्री शिक्षा की प्रगति के आधार पर ही मानते थे शिक्षिका सुमन रानी प्राध्यापिका अंग्रेजी ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को संकल्प दिलवाया कि वे शिक्षा के ग्रहण के साथ-साथ समाज सेवा के लिए तत्पर तथा संकल्पवान रहेंगे इस अवसर पर गगनदीप डीपीई,हरपाल सिंह, चंद्रपाल, लक्ष्मी,मंजू बाला रेनू बाला, अमनप्रीत सिंह, अमनचैन,पायल शर्मा, मनीष कुमार मौजूद रहे



# गांव कुडल में किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**समाज जागरण,**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

लोहारू। बुजुर्गों की याद में किया गया दान भारतीय संस्कार और संस्कृति का हिस्सा है। रक्तदान से मानवता को बचाने में रक्तदाता व आयोजको का अहम रोल होता है।
यह संदेश रक्तदाओ को अपनी संस्कृति अपने संस्कार मंच द्वारा गाँव कुडल के राजकीय महाविद्यालय में आयोजित रक्तदान शिविर में वजीर आर्य ने दिया। उन्होंने बताया कि गांव स्वर्गीय दरिया सिंह लौर के याद कार्यक्रम आयोजित कर युवाओं को बुजर्गो से जोड़ने का काम सराहनीय कदम है, जिसके लिए उन्होंने लौर सभा के जिला अध्यक्ष उमेद सिंह व समिति के सदस्य को साधु वाद दिया। लौर सभा के जिला अध्यक्ष उमेद सिंह लौर ने बताया कि रक्तदान करने के लिए मंच व कालेज प्रशासन ने उनके पिता की याद में किया ये उनके लिए स्मरणीय रहेगा। कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर मंजीत तंवर ने बताया कि गांव व समिति की तरफ के कॉलेज में कार्यक्रम आयोजन करना उनके लिए गर्व की बात। इस आयोजन से युवाओ को परिवार की जड़ो से जोड़ने व आपसी सहयोग और समाज सेवा की भावना को बल मिलता है। मंच के सदस्य जोगेंद्र ओला ने बताया कि मंच द्वारा संस्कार और संस्कृति को बचाने के लिए कार्य करते रहेंगे। इस कार्यक्रम में उन्होंने सहयोगियों के साधुवाद किया व कालेज प्रशासन ओर ग्रामीणों को भी बधाई दी। उन्होंने बताया कि शनिवार को आयोजित रक्तदान शिविर में भिवानी सामान्य हस्पताल के रक्तकोष द्वारा 26 यूनिट लिया गया। इस अवसर पर सभी रक्तदाताओं को रक्तदान प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट किये गए।
इस अवसर पर पवन नंबरदार, बिजेंद्र तंवर, डॉक्टर रीटा, बरगु पंडित, शुभराम लौर, बीरेंद्र खण्डेलवाल, धर्मपाल शर्मा, प्रोफेसर रवि कुमार, प्रोफेसर राजसिंह, राजेश, हरीश, तमन्ना, कृष्ण, ज्योति, सुदेश, मनोज, बिजेंद्र जुई, सुंदर जोगी, रजनीश, प्रदीप पायल आदि मौजूद रहे



# लोहारु बार एसोसिएशन ने मनाया डॉ. भीमराव अम्बेडकर का 70वां निर्वाण दिवस

**विचार गोष्ठी में दिया संदेश—जातिवाद व धर्मांधता से ऊपर उठकर शिक्षा, समानता और भाईचारे को बढ़ावा दें**

**समाज जागरण,**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

लोहारू। शनिवार को बार एसोसिएशन लोहारू द्वारा न्यायालय परिसर में भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार डॉ. भीमराव अम्बेडकर के 70वें निर्वाण दिवस पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। इसके पश्चात एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें उनके जीवन, विचारों और योगदान पर विस्तृत चर्चा हुई।
बार एसोसिएशन लोहारू के प्रधान राजेश भारद्वाज ने कहा कि बाबा साहेब महान विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ, लेखक, समाज सुधारक और दलितों के उत्थान के अग्रदूत थे। वे पाखंड और अंधविश्वास के प्रखर विरोधी थे। उन्होंने कहा कि अम्बेडकर की सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब समाज जातिवाद और धर्मांधता से ऊपर उठकर शिक्षा, समानता और आपसी भाईचारे को बढ़ावा दे।
पूर्व बार प्रधान एवं कांग्रेस लीगल सेल भिवानी के चेयरमैन शक्ति सिंह गाढ़ा ने कहा कि बाबा साहेब ने किसानों, श्रमिकों और महिलाओं के अधिकारों की आवाज बुलंद की। वे स्वतंत्र भारत के प्रथम कानून एवं न्याय मंत्री, भारतीय संविधान के मुख्य निमार्ता, और असाधारण प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे।
प्रशिक्षु अधिवक्ता आदित्य अशोक आर्य ने जानकारी दी कि बाबा साहेब ने कोलंबिया विश्वविद्यालय और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधियाँ प्राप्त कीं और विधि, अर्थशास्त्र व राजनीति विज्ञान में गहन शोध किया। इसलिए उनका जीवन आज भी सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है।
पूर्व प्रधान विनोद श्योराण ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर ने अपने व्यावसायिक जीवन की शुरूआत अर्थशास्त्र के प्रोफेसर के रूप में की और बाद में वकालत व राजनीति में सक्रिय हुए। उन्होंने दलितों के राजनीतिक व सामाजिक अधिकारों की जोरदार वकालत की और कई पत्रिकाओं का प्रकाशन भी किया।
कार्यक्रम में बार प्रधान राजेश भारद्वाज, पूर्व बार प्रधान विनोद श्योराण, पूर्व प्रधान शक्ति सिंह गाढ़ा एडवोकेट, सुरेंद्र ओबरा एडवोकेट, सुमित ढिल्लों एडवोकेट, रवि यादव एडवोकेट, नरेश शेखावत एडवोकेट, कुलदीप मान एडवोकेट, श्रीमती रजनेश, मनोज ठोलिया एडवोकेट, अशोक यादव एडवोकेट, आदित्य अशोक आर्य एडवोकेट सहित कई अधिवक्ता उपस्थित रहे।



# श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें सालाना शहीदी शताब्दी को समर्पित श्री अखंड पाठ साहिब का प्रकाश

**-गुरुद्वारा श्री चोरमार साहिब में 9 दिसंबर को श्री अखंड पाठ साहिब के डाले जाएंगे भोग, सजाया जाएगा कीर्तन दरबारः लखविंदर सिंह औलख**

**(रघुनंदन पराशर जैतो दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख)**

सिरसा,6 दिसंबर :भारतीय किसान एकता के प्रदेशाध्यक्ष लखविंदर सिंह औलख जानकारी देते हुए बताया कि संयुक्त किसान मोर्चा गैर राजनीतिक (भारत) द्वारा गुरुद्वारा श्री चोरमार साहिब के मुख्य सेवादार संत बाबा गुरपाल सिंह के सहयोग से श्री गुरु तेग बहादुर, भाई मती दास जी, भाई सती दास जी और भाई दयाला जी के 350 सालाना शहीदी शताब्दी को समर्पित गुरुद्वारा चोरमार साहिब में रविवार, 7 दिसंबर को श्री अखंडपाठ साहिब का प्रकाश किया जाएगा और मंगलवार, 9 दिसंबर को श्री अखंड पाठ साहब के भोग डाले जाएंगे और कीर्तन दरबार सजाया जाएगा। औलख ने बताया कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के मेंबर बाबा गुरमीत सिंह त्रिलोकेवाला जी से आग्रह किया गया था जिस पर उन्होंने हजूरी रागी श्री दरबार साहिब तेजेंद्र सिंह और गुरुद्वारा जामनी साहिब के हेड ग्रंथि ज्ञानी बलविंदर सिंह की 9 दिसंबर को गुरुद्वारा चोरमार साहिब में ड्यूटीयां लगाई गई हैं, जो संगत को कथा कीर्तन से निहाल करेंगे और गुरु तेग बहादुर जी की मानवता के लिए की दी गई सबसे बड़ी कुबार्नी के बारे में विस्तार से बखान करेंगे। इस समागम में संत-महापुरुष, हजूरी रागी श्री दरबार साहिब, कथा वाचक व किसान नेता पहुंचेंगे। सभी इलाका निवासियों से प्रार्थना है कि 9 दिसंबर को सुबह 10 बजे से लेकर 1.30 बजे तक शहीदी शताब्दी समागम में पहुंच कर शब्द गुरु के साथ जुडकर अपना जीवन सफल करें। शनिवार को गांव मोरीवाला में समागम की तैयारियों को लेकर मीटिंग की गई, जिसमें गुरप्रीत सिंह संधू, अमरीक सिंह बाजवा, सरदूल सिंह भट्टी, जीत सिंह रंधावा, बलदेव सिंह भट्टी, अशोक सिंह संधू, कुलबीर सिंह ढिल्लों, संतोष सिंह संधू, बलदेव सिंह संधू, सतविंदर रंधावा बाबा तारा सिंह आदि किसान मौजूद रहे।



# भारत ने तीनों मुकाबले जीत किया दिव्यांग कप पर कब्जा

**- दिव्यांग खिलाड़ियों ने किया देश का नाम रोशनः सचिन जैन**
**- दिव्यांग खिलाड़ियों में प्रतिभा की नहीं कोई कमीः बडगुर्जर**

**समाज जागरण, ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल- भिवानी। सांसद खेल उत्सव के तहत विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर जी लिट्रा क्रिकेट ग्राऊंड में फिजिकल चैलेंजेड क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (पीसीसीएआई) द्वारा भारत व नेपाल के बीच तीन दिवसीय राष्ट्रीय टी-20 मैचों के फाइनल मुकाबला जीत भारत ने तीनों मैच जीतकर यूनिटी दिव्यांग कप पर कब्जा किया। पीसीसीएआई अध्यक्ष सुरेंद्र लोहिया की अध्यक्षता में खिलाड़ियों को दिव्यांग कप देकर सम्मानित किया गया।





इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे एससी आयोग के चेयरमैन बिजेंद्र बड़गुजर व वर्धमान ज्वैलर्स के निदेशक सचिन जैन, हिंद केसरी सुनील पहलवान भारत कुमार अवॉर्डी रविन्द्र छिकारा ने कहा कि दिव्यांग खिलाड़ियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है ,बस इसे निखारने की जरूरत है । उन्होंने दिव्यांग खिलाड़ियों को अपना आशीर्वाद देते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि दिव्यांग खिलाड़ी देश और दुनिया में भारत देश का नाम रोशन कर रहे हैं।
इस अवसर पर हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल, एसके सिंह,निदेशक सावित्री यादव, निदेशक सावित्री यादव, राजकुमार सुनसुना महासचिव, समाजसेवी लक्ष्मण गौड, नेपाल टीम के चेयरमैन सुल्टिम सेरपा, नेपाल टीम के कॉर्डिनेटर अतुल त्यागी, आगरा से हारून रशीद, समाजसेवी नरेश गर्ग ढिगावा, अग्रवाल सभा अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, प्रवक्ता मयूर जांगड़ा, समाजसेवी दीपक तोला, मनमानचंद, कॉर्डिनेटर हितेष देवली, टुनामेंट कॉर्डिनेटर अविनाश शर्मा,मुंबई से राजकुमार गुप्ता,भारत केसरी सुनील पहलवान, हरियाणा कुस्ती फेडरेशन के उप प्रधान राजबीर पहलवान, आर एस एस के महामंत्री सुनील शास्त्री, सोनू पहलवान भारत कुमार अवॉर्डी, भारत केसरी रविन्द्र छिकारा सोनीपत कुश्ती एकेडमी संचालक समाज सेवी, कॉमेंट्रेट अभिषेक तिवारी, इंडिया टीम मैनेजर शुभम शर्मा, एडवोकेट कपील शर्मा,एडवोकेट सुनील पंवार, राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज, एडवोकेट सुनील पंवार, एडवोकेट संजय अग्रवाल , अमन सर्राफ, ,गोल्ड मेडलिस्ट डॉ देवेंद्र कुमार, मदन गोपाल, संजय सैनी, ओमवीर कौशिक, पंकज लोहिया, राजेश कोच मोनी कोच, स्वदेशी क्लब टीम के अध्यक्ष अशोक शर्मा सहित अनेक खेल प्रेमी व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# अमेरिका के डॉ. दलवीर सिंह पन्नू ने एडवोकेट धामी को 'गुरमुखी अदब का खजाना' किताब भेंट की

**(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**

जैतो, 6 दिसंबर :अमेरिका में रहने वाले डॉ. दलवीर सिंह पन्नू ने आज शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी से मुलाकात की और उन्हें जानी-मानी हस्तियों की मौजूदगी में अपनी किताब गुरमुखी अदब का खजाना भेंट की। इस किताब में डॉ. दलवीर सिंह पन्नू द्वारा पाकिस्तान के लाहौर में पंजाब पब्लिक लाइब्रेरी में रखे सिख इतिहास से जुड़े कीमती खजाने के बारे में पूरी जानकारी है।इस मौके पर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने डॉ. दलवीर सिंह पन्नू की इस पहल की तारीफ की और कहा कि यह काम सिख इतिहास के रिसर्चर्स के लिए फायदेमंद साबित होगा। उन्होंने कहा कि डॉ. पन्नू ने पब्लिक लाइब्रेरी लाहौर द्वारा सिख इतिहास के कीमती खजाने को संभालकर रखने और इसका डेटाबेस तैयार करके संगत को इस खजाने से परिचित कराने की कोशिशों की तारीफ की। एडवोकेट धामी ने कहा कि उनकी रिसर्च के अनुसार, पंजाब पब्लिक लाइब्रेरी लाहौर में सिख साकों की जानकारी बताने वाले अखबार भी शामिल हैं, जिनमें बताया गया है कि हमारे पूर्वजों ने गुरुद्वारा साहिबों का मैनेजमेंट महंतों से पंथिक हाथों में लेने के लिए अपनी प्रॉपर्टी बेच दी थी, जो गुरु और गुरु घरों के प्रति सिखों का समर्पण था। डॉ. पन्नू की कोशिशें नए सिख स्कॉलर्स के लिए प्रेरणा हैं। इस मौके पर बोलते हुए, डॉ. दलवीर सिंह पन्नू ने कहा कि दुनिया की चौरानबे लाइब्रेरीज का दौरा करने के दौरान, उन्हें पंजाब पब्लिक लाइब्रेरी लाहौर में सिख इतिहास से जुड़ा कीमती खजाना मिला, जिसे उन्होंने संगत और रिसर्चर्स को बताने की कोशिश की है। उन्होंने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रेसिडेंट एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी का खास तौर पर धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्होंने समय-समय पर बहुत मदद की है। इस मौके पर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष डॉ. चेतन सिंह के अलावा,ओएसडी सतबीर सिंह, सेक्रेटरी प्रताप सिंह, बलविंदर सिंह काहलवां, डिप्टी सेक्रेटरी हरभजन सिंह वक्ता, जनरल मैनेजर भगवंत सिंह धंगेडा, भाई सतपाल सिंह कोहली यूएसए, पूर्व सेक्रेटरी वरयाम सिंह और जगजीत सिंह जग्गी, मैनेजर जसपाल सिंह ढड्डे, एडिशनल मैनेजर गुरविंदर सिंह देवीदासपुर, इन्फॉर्मेशन ऑफिसर अमृतपाल सिंह, जतिंदर सिंह और दूसरे लोग मौजूद थे।



# अगले नए साल 2026 में कुल चार ग्रहण लगेंगे, जिनमें दो सूर्य ग्रहण और दो चंद्र ग्रहण शामिल

**(मन्नू पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो,6 दिसम्बर : अगले साल 2026 में कुल 4 ग्रहण लगने जा रहे हैं, जिसमें 2 सूर्य व 2 चंद्र ग्रहण शामिल हैं ।यह जानकारी प्रख्यात ज्योतिषाचार्य दिवंगत पंडित कल्याण स्वरूप शास्त्री विद्यालंकार के पुत्र पंडित शिवकुमार शर्मा ने आज जैतो में दी। उन्होंने कहा कि पहला सूर्य ग्रहण 17 फरवरी 2026 दिन मंगलवार को लगेगा ।यह ग्रहण अंटार्कटिका, दक्षिणी चिली और अर्जेंटीना, व दक्षिणी अफ्रीका के कुछ हिस्सों में दिखाई देगा। यह भारत में दिखाई नहीं देगा। इस लिए भारत में इसका सूतक काल मान्य नहीं होगा ।दूसरा पूर्ण सूर्य ग्रहण 12 अगस्त 2026, बुधवार को होगा। यह एक महत्वपूर्ण पूर्ण सूर्य ग्रहण होगा, जिसका पथ ग्रीनलैंड, आइसलैंड, स्पेन और पुर्तगाल से होकर गुजरेगा। यह भी भारत में दिखाई नहीं देगा। तीसरा पूर्ण चंद्र ग्रहण 3 मार्च 2026, मंगलवार को लगेगा ।यह ग्रहण एशिया, ऑस्ट्रेलिया, उत्तरी और दक्षिणी अमेरिका और यूरोप में दिखाई देगा। यह ग्रहण भारत के कई हिस्सों में नजर आएगा। इसका सूतक काल भी मान्य होगा। चौथा आंशिक चंद्र ग्रहण 28 अगस्त 2026, दिन शुक्रवार लेगेगा। यह ग्रहण उत्तरी और दक्षिणी अमेरिका, यूरोप और अफ्रीका में दिखाई देगा। यह भारत में कही भी दिखाई नहीं देगा। पंडित शिवकुमार शर्मा ने कहा कि शास्त्रों में कहा गया है कि जिस देश में ग्रहण दिखाई नहीं देता है तो वहां उसका कोई भी सूरत व धार्मिक मान्यता नहीं होती हैं और ना ही उसका प्रभाव पड़ता हैं।

# आयुष्मान आरोग्य मन्दिर बेदी पर आयुष्मान कार्ड बनाने का लगा शिविर

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरहुआ डॉ0 संतोष कुमार द्वारा चल रहे आयुष्मान कार्ड बनाने के अभियान के तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिर बेदी पर आज शनिवार को शिविर लगाया गया।

सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सुरभि कुमारी क्षेत्रीय एएनएम सुचिता सिंह तथा क्षेत्रीय आशा प्रमिला ने उपस्थित होकर अब तक 22 आयुष्मान कार्ड बनाये।

प्रभारी चिकित्साधिकारी हरहुआ ने निर्दिष्ट किया कि आशा बहनें 70 वर्ष से अधिक आयुष्मान से वंचित लाभार्थियों को बुलाकर आयुष्मान कार्ड बनवाने का कार्य करें। यह एक महत्वपूर्ण अभियान है जिसमें लाभार्थियों को 5 लाख तक का निःशुल्क इलाज कराने की सुविधा उपलब्ध है। प्रभारी ने आयुष्मान आरोग्य मन्दिर का मुआयना किया। दवाओं की उपलब्धता, रोगियों की ओपीडी ,संसाधनों की उपलब्धता व प्रयोग तथा अभिलेखों के मेंटिनेंस का अवलोकन किया। सीएचओ को निर्देश दिया कि कोई भी मरीज बिना इलाज के वापस नहीं करना है। जटिल मरीजों के संदर्भ में उन्हें पीएचसी पर जाँच के लिए भेजा जाय और रिकॉर्ड अपडेट होना चाहिए।किसी भी स्तर पर लापरवाही के जिम्मेदारों पर आवश्यक कार्यवाही होगी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में खलिहान व मडहे में लगी आग धान की फसल व समान जलकर राख

**समाज जागरण**



मीरजापुर /हलिया थाना क्षेत्र के दो अलग अलग गांवो में शुक्रवार की देर शाम संदिग्ध परिस्थितियों में खलिहान में रखी धान की फसल व मडहे में आग लगने से मडहे में रखा सामान जलकर राख हो गया ग्रामीणों ने आग पट्ठ काबू पाने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिल पायी फायर ब्रिगेड को सूचना दिया गया लेकिन फायर ब्रिगेड जिला मुख्यालय से दुरी का हवाला देकर दो घंटे का समय आने का बताया पीड़ितों ने क्षेत्रीय लेखपाल को सूचना देकर क्षतिपूर्ति की मांग किया है थाना क्षेत्र के डोहर गांव में किसान बड़कू पाल ने अपने धान की फसल ढाई बीघा फसल को खलिहान में मड़ाई कराने के लिए, रखा था कि संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से धान की फसल को जलता हुआ देखकर ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचकर तालाब से डब्बा बाल्टी में पानी लेकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिल पाया पीड़ित किसान के अनुसार करीब ढाई बीघा धान की फसल जलकर राख हुई है पीड़ित किसान ने क्षेत्रीय लेखपाल नवीन श्रीवास्तव को सूचना दिया है इसी प्रकार ग्राम पंचायत महुगढ़ के समीती गांव निवासी सूर्य लाल के मडहे में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से मडहे में रखा दस कुंतल चावल, चरकट मशीन, चारपाई ड्रम सहित अन्य सामग्री जलकर राख हो गया मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली पीड़ित के अनुसार आगजनी की घटना से पच्चीस हजार रुपए की क्षति हुई है मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बिजेंद्र पाण्डेय ने पीड़ित को आश्वासन देते हुए क्षेत्रीय लेखपाल कृष्ण चंद्र मिश्रा को सूचना दिया है जिससे पीड़ित को दैवीय आपदा राहत कोष से क्षतिपूर्ति मिल सके

# अंबेडकर परिनिर्वाण दिवस पर ग्रामीणों ने निकाला शांति पदयात्रा

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**



रामेश्वर वाराणसी।। सेवापुरी विकासखंड के पचवार गांव से शनिवार दोपहर 12 बजे अंबेडकर परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर स्थानीय ग्रामीणों की ओर से शांति पदयात्रा निकाली गई। आपको बता दे कि यह पदयात्रा पचवार से सभईपुर बेसहूपुर चौराहा होते हुए बरनी बुद्ध विहार तक गई। जहां बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया इस मौके पर बड़ी संख्या में युवाओं, महिलाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने समता, न्याय और भाईचारा के संदेश वाले बैनर और पोस्टर लेकर इसमें हिस्सा लिया। पदयात्रा में शामिल लोगों ने संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर के आदर्शो को अपनाने का संकल्प दोहराया। वहीं इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता छोटेलाल निराला ने कहा कि बाबा साहेब के विचार आज भी समाज को समानता और शिक्षा की ओर प्रेरित करते हैं। पदयात्रा में प्रमुख रूप से राजकुमार किशन कुमार आशिक निराला, सुजीत कुमार, काली प्रसाद, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# छात्र छात्राओं ने किया शैक्षिक भ्रमण

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। क्षेत्र के डी आर एस पब्लिक स्कूल खेवली के बच्चों को शनिवार को शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाया गया। स्कूल के प्रधानाध्यापक नवीन सिंह ने बताया कि वे छात्रों को बहुमुखी प्रतिभा का विकास चाहते हैं। इसलिए हमेशा कुछ न कुछ पाठ्य सहगामी अन्य कार्यक्रम करते रहते हैं।



उन्होंने कहा कि छात्रों को वाराणसी,सीतामढ़ी,प्रयागराज, जैन मंदिर, आर्यमंदिर के महत्वपूर्ण स्थान पर भ्रमण के लिए ले जाया जा रहा है। बच्चों को ऐतिहासिक धार्मिक व पर्यटन से जुड़े स्थलों ले जाया जाएगा।यात्रा पर जाने वाले छात्र-छात्राओं के वाहनों को प्रबंधक शुभम सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं के जीवन में शैक्षणिक भ्रमण का बहुत ही महत्व है। बच्चों के मन में जिज्ञासा आती है। वे व्यापकता का बोध करते हैं। किताबी ज्ञान से बाहर निकलकर वास्तविक ज्ञान से परिचित होते हैं।शैक्षिक भ्रमण में स्कूल के छात्र छात्राओं संग सरिता सिंह,स्वेता श्रीवास्तव,मनीष पटेल सहित अन्य शिक्षक शामिल रहे।

# कोइराजपुर में झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले संदिग्ध फेरी, घुमन्तु व्यक्तियों का सघन चेकिंग किया गया

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी। शासन के निदेर्शानुसार तथा श्रीमान अपर पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था एवं मुख्यालय), कमिश्नरेट वाराणसी के आदेशों के अनुपालन में झोपड़ी/झुग्गी बनाकर रहने वाले बांग्लादेशी/रोहिंग्या तथा अन्य संदिग्ध फेरी/घुमन्तू व्यक्तियों के सत्यापन हेतु कमिश्नरेट वाराणसी में सात दिवसीय विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है।

उक्त अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त गोमती जोन आकाश पटेल के निर्देशन में गोमती जोन के सभी थाना प्रभारियों द्वारा विशेष टीमों का



गठन कर अपने-अपने थाना क्षेत्रों में सघन चेकिंग की जा रही है।

इसी क्रम में आज शनिवार को वैभव बांगर, अपर पुलिस उपायुक्त गोमती जोन द्वारा थाना बड़ागाँव पुलिस बल के साथ हरहुआ क्षेत्रान्तर्गत कोईराजपुर में निवासरत झुग्गी-झोपड़ी वाले व्यक्तियों पर विशेष चेकिंग किया गया।

अभियान के दौरान झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले व्यक्तियों, फेरी लगाने वालों एवं अन्य संदिग्ध व्यक्तियों की सघन चेकिंग, पहचान सत्यापन एवं पृष्ठभूमि की जांच की गई।

चेकिंग के दौरान प्रत्येक व्यक्ति का फोटो सहित पूरा विवरण निर्धारित फॉर्म में दर्ज कराया गया।

सत्यापन के उपरांत ऐसे व्यक्तियों की पहचान की जा रही है जो अवैध रूप से निवास कर रहे हैं। ऐसे सभी व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर एवं प्रभावी कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

यह विशेष अभियान गोमती जोन के अंतर्गत अन्य क्षेत्रों में क्रमबद्ध रूप से निरंतर चलेगी।

एडीसीपी वैभव बांगर के साथ एसएचओ बड़ागाँव अजय मिश्रा, चौकी प्रभारी हरहुआ अभिषेक राय, उपनिरीक्षक संदीप पांडेय, उपनिरीक्षक के0 के0 वर्मा सहित पुलिस टीम शामिल रही।

# कृषक जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। नेशनल प्रोजेक्ट ओंन सॉइल हेल्थ एंड फर्टिलिटी योजना अंतर्गत विश्व मृदा दिवस एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम ग्राम सभा बरई,



विकासखंड बड़ागांव में कराया गया। डॉ राजेंद्र कुमार सेठ, सहायक विकास अधिकारी (कृषि) के द्वारा विश्व मृदा दिवस का उद्देश्य एवं मृदा को स्वस्थ रखने के लिए जैविक एवं प्राकृतिक आधारित खेती करने से जीव, जंतु, मृदा एवं पर्यावरण सुरक्षित होंगे। अभिलाष कुमार तिवारी (टी ए सी) के द्वारा मृदा की जांच कराने के लाभ का विस्तृत जानकारी देते हुए सभी किसान भाई को फसल बुवाई के पहले मृदा की जांच अवश्य करने की बात कही। अभय कुमार सिंह(टी ए सी )के द्वारा फार्मर रजिस्ट्री कराने हेतु प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम में लाल बहादुर पटेल एडीओ पी पी, हृदय नारायण यादव (एटीएम) एवं किसान आदि मौजूद रहे।

# डॉ0 अम्बेडकर ने हमेशा असमानताओं के खिलाफ संघर्ष किया: विधायक त्रिभुवन राम

## महापरिनिर्वाण दिवस अम्बेडकर जी की 70वी पुण्यतिथि के रूप में मनी।

**समाज जागरण**



वाराणसी। हर भारतीय नागरिक डॉ0 भीमराव आंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस उनके जीवन ,संघर्ष और भारतीय संविधान के निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान को याद करते हैं।जब वे 1956 में निर्वाण (मुक्ति)प्राप्त कर गए इस दिन हम समानता ,न्याय,शिक्षा और शिक्षित बनो,संगठित रहो, संघर्ष करो के उनके आदर्शों को याद कर एक समतामूलक भारत बनाने का संकल्प लेते रहे हैं।

उक्त बातें अजगरा विधायक त्रिभुवन राम ने कचहरी स्थित बाबा साहब के मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए अपने सम्बोधन में व्यक्त किया।

उन्होंने यह भी कहा कि 26 नवम्बर संविधान दिवस बेहद गर्व का दिन रहा।कोई भी देश बिना संविधान के नहीं चल सकता। यह संविधान ही है जो अलग -अलग धर्मो व जातियों की 140 करोड़ की आबादी को एक देश की तरह जोड़ता है।

संविधान के चार प्रमुख उद्देश्य पहला लक्ष्य एक अधिक परिपूर्ण संघ का निर्माण करना या राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना दूसरा लक्ष्य न्याय या कानून के समक्ष समानता स्थापित करना तीसरा लक्ष्य घरेलू शांति या घर मे शांति सुनिश्चित करना और चौथा लक्ष्य राष्ट्र की साझा रक्षा या सुरक्षा सुनिश्चित करना बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर ने संविधान में निहित कर महान कार्य किया।

आज देश परिनिर्वाण दिवस मना रहा है।संविधान के महत्व को उजागर करना, संबैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और संविधान के निमार्ता के योगदान को याद करना 'हमारा संविधान,हमारा सम्मान' को केंद्रित कर बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि व नमन किया जा रहा है। बाबा साहब अमर रहे के उद्घोष से पूरा वातावरण गूंज उठा।

विधायक के साथ सैकडों कार्यकताओं ने 'जब तक सूरज चांद रहेगा -बाबा तेरा नाम रहेगा, भारतय संविधान जिंदाबाद, जिंदाबाद, बाबा साहब अमर रहे,अमर रहे के नारे लगाकर बाबा साहब के आदर्शों को स्वीकारा और याद किया। जनपद के वरिष्ठ पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओ , एडवोकेट ,जिलाध्यक्ष जिला किसान मोर्चा रामप्रकाश सिंह 'बीरू' जितेंद्र सिंह 'जित्तू', लालबहादुर ,विनोद सिंह, राणा चौहान, मोहन बाबू, लालबहादुर पूर्व विधान सभा अध्यक्ष ,मनोज मानव पूर्व विधान सभा अध्यक्ष, पप्पू भाष्कर ,सूरज चौधरी, विजय राजभर , डॉ0 अशोक,डी0के0 सिंह ,अजय मिश्रा, अरुणेंद्र सिंह,हीरू सिंह, धनन्जय भारद्वाज, राहुल भारद्वाज अजय प्रधान ,उपेंद्र बाबा ,उपेंद्र नाथ मिश्र सहित अन्य सम्मानित जन बाबा साहब परिनिर्वाण समारोह में शामिल रहे।

# उप मुख्यमंत्री ने आज जनपद भ्रमण के दौरान अष्टभुजा निरीक्षण

- संचालित सभी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियो तक समय से पहुंचे-मनरेगा श्रमिको का समय से करे भुगतान उप मुख्यमंत्री
- एस0आई0आर0 प्रगति पर विशेष ध्यान दे अधिकारी, कोई पात्र व्यक्ति मतदाता सूची न रहे वंचित-मृतक/शिफ्टेड मतदाताओ को मतदाता सूची अलग करते हुए घुसपैठियो को भी करे बाहर
- माँ विन्ध्यवासिनी देवी का दर्शन पूजन कर प्रदेशवासियो के सर्व कल्याण हेतु की कामना

**समाज जागरण**



मीरजापुर / प्रदेश के मा0 उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्या ने आज जनपद भ्रमण के दौरान अष्टभुजा निरीक्षण गृह सभागार में जनपद के अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास कार्यो व कानून व्यवस्था के प्रगति की समीक्षा कर जानकारी ली। बैठक में उपाध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग श्री सोहन लाल श्रीमाली, सदस्य विधान परिषद शश्याम नारायण सिंह उर्फ सिंह, विधायक नगर श्री रत्नाकर मिश्र, विधायक मड़िहान रमांशकर सिंह पटेल, विधायक मझवां श्रीमती शुचिस्मिता मौर्या, अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी बृज भूषण सिंह, जिला अध्यक्ष अपना दल एस इंजीनियर राम लौटन बिन्द, अध्यक्ष जिला पंचायत परिषद राजू कनौजिया, विधायक घोरावल अनिल कुमार मौर्य, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मीरजापुर श्याम सुन्दर केसरी, मण्डल प्रभारी भाजपा सरोज कुशवाहा, जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 अजय कुमार सिंह, परियोजना निदेशक डी0आर0डी0 धर्मजीत सिंह, के अलावा अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहें।

बैठक में उप मुख्यमंत्री ने जनपद के चतुमुर्खी विकास, प्रशासनिक कार्य प्रणाली, जनता की समस्याओ का निस्तारण व जन कल्याणकारी योजनाओं को लाभार्थियो तक पहुंचाने तथा कानून व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उप मुख्यमंत्री द्वारा एस0आई0आर0 कार्यो की प्रगति की भी जानकारी ली गई। बैठक में उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन द्वारा संचालित सभी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र/गरीब व्यक्तियो तक समय से पहुंचाए। उन्होंने हर घर नल से जल योजना में गति देने का भी निर्देश दिया। कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान कहा कि अवैध रूप से जमीनो, पोखरो आदि कब्जा धारको के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि महिला से सम्बन्धित अपराध करने वाले अपराधियों को कड़ी-कड़ी से सजा दी जाए ताकि पुनः महिलाओं के साथ अपराध करने की हिम्मत न हो सके। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि गांव में मनरेगा के तहत कार्य करने वाले श्रमिको/मजदूरो का भुगतान समय से सुनिश्चित कर दिया जाए। ग्राम पंचायतो में लगने वाले ग्राम चैपालो में अधिकारियों द्वारा जन समस्याएं सुनी जाए तथा उसका त्वरित निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाए। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी गरीब व्यक्ति कच्चे मकान व झोपड़ी मे न रहने पाए पूरी पारदर्शिता के साथ चिन्हित करते हुए आवास उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि निराश्रित महिलाओं (विधवा), दिव्यांग जन जो पात्र हो उन्हें प्राथमिकता पर आवास उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास आवंटन व अन्य विकास कार्यो में जनप्रतिनिधिगण से भी वार्ता कर जानकारी ली जाए तथा बताए गए कार्यो पर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि एन0आर0एल0एम0 समूह की महिलाओ को पोषाहार प्लांट लगाने हेतु प्रेरित किया जाए इसके अतिरिक्त भी यदि कोई छोटे-छोट प्लांट/यूनिट लगाया गया हो या लगाना चाहती है तो उन्हें सोलर पैनल से आच्छादित किया जाए इस योजना में उनके लिए सोलर पैनल लगवाने हेतु 90 प्रतिशत की छूट दी गई। उन्होंने जनपद में बनाए गए अमृत सरोवरो के बारे में जानकारी प्राप्त की।

### एस0आई0आर0 प्रगति की समीक्षा

उप मुख्यमंत्री ने बैठक मे जनपद में चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एस0आई0आर0) कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति/नागरिक मतदाता सूची से छूटने न पाए। पूरी पारदर्शिता के साथ शुद्ध मतदाता सूची तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे मतदाता जिनकी मृत्यु हो चुकी है, शिफ्टेड मतदाता अथवा अपात्र का नाम मतदाता सूची से हटाया जाए। उन्होंने कहा कि यह भी सुनिश्चित करे कि कोई भी घुसपैठिया किसी भी हाल में मतदाता सूची मे शामिल न हो सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि यदि कोई भी बी0एल0ओ0/कर्मचारी को किसी प्रकार की समस्या के समाधान हेतु मार्ग निर्देशन मांगा जाता है तो उनकी भी सम्मानजनक रूप से समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए शुद्ध मतदाता सूची तैयार होना महत्वपूर्ण है ताकि पात्र नागरिक मतदाता को अपने मतदान का अधिकारी मिल सके। अन्त में उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि तहसील, ब्लाक, थाना सहित अन्य विभागो में यदि कोई पार्टी का कार्यकर्ता किसी कार्य हेतु जाता है तो सम्मानपूर्वक उसकी बातो को प्राथमिकता पर सुना जाए तथा यदि कार्य जायज हो तो ससमय समाधान कर उन्हें अवगत भी कराया जाए, यदि कार्य नियमानुसार समाधान करने योग्य नहीं है तो उन्हें कारण सहित अवगत करा दिया जाए।

बैठक में जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने एस0आई0आर0 प्रगति की जानकारी लेते हुए बताया कि जनपद में 98.2 प्रतिशत कार्य पूर्ण करा लिया गया है शेष कार्य भी समय रहते पूर्ण करा लिया जाएगा। जनपद में वरिष्ठ अधिकारियों को लगाया गया है तो बी0एल0ओ0 से भी मिलकर उनकी समस्याओं का समाधान भी करा रहे है तथा एस0आई0आर0 कार्य में प्रगति हेतु गांव/मोहल्लो में लोगो को फार्म करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। तत्पश्चात उप मुख्यमंत्री जी द्वारा अष्टभुजा निरीक्षण गृह में प्रेस प्रतिनिधियो से वार्ता भी की गई। तत्पश्चात उप मुख्यमंत्री ने मां विन्ध्यवासिनी मन्दिर पहुंचकर विधिवत मंत्रोच्चार के साथ दर्शन पूजन किया तथा मां विन्ध्यवासिनी देवी से समस्त देश व प्रदेशवासियो का सर्व कल्याण की कामना की। भ्रमण के दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा बालेन्दु मणि त्रिपाठी, हेमंत सिंह, नितिन विश्वकर्मा, उदय सिंह पटेल, अशोक सिंह पटेल, दुर्गेश पटेल, जिला मीडिया प्रभारी अपना दल एस शंकर सिंह चैहान के अलावा अन्य जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी उपस्थित रहें।

# तमिलनाडु से आये अतिथियो का बनारस रेलवे स्टेशन पर हुआ मेहमान बाजी का उत्सव

## तमिल संस्कृति और काशी के बीच प्राचीन सम्बन्ध हुए प्रगाढ़।

**समाज जागरण**



वाराणसी। काशी ज्ञान और आध्यामिकता की शाश्वत नगरी है,सभी को अपने मे समाहित कर लेती है। जो भी इस आलोकित भूमि पर आता है वह यहाँ परम् आनन्द का अनुभव करता है।काशी में अतिथि देवो की भावना अति प्राचीन रहा है। तमिल संस्कृति और काशी के बीच प्राचीन सम्बन्ध आज भी प्रगाढ़ता के आवरण में जीवंत हो रहा है। उत्तर और दक्षिण भारत की सांस्कृतिक एकता और समन्वय की भावना को देश के प्रधानमंत्री ने एक सूत्र में पिरोकर सम्बन्धों को मजबूत किया। आज काशी में तमिल संगमम 4.0 के कार्यक्रम में पधारे तमिल मेहमानों का स्वागत अंगवस्त्र व माल्यार्पण द्वारा कर बेहद खुशी मिली एक दूसरे को कहीं हाथ तो गले लगाया गया।

उक्त बातें अजगरा विधायक त्रिभुवन राम ने कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर उत्तर प्रदेश सरकार के उपस्थिति में मेहमान नवाजी के दौरान बनारस रेलवे स्टेशन पर व्यक्त किया। श्री राजभर ने कहा कि यह 'समानता' का नहीं बल्कि 'एकत्व' का उत्सव है।

बनारस स्टेशन पर भाजपा के हजारों पदाधिकारी व हर स्तर के कार्यकताओं ने मेहमान नवाजी कर एक दूसरे सँग खुशियां बांटी। प्रमुख रूप से रामप्रकाश सिंह,'बीरू', हीरू सिंह, लालबहादुर ,विनोद सिंह ,मोहन बाबू , हरहुआ मण्डल अध्यक्ष आसुतोष मिश्रा 'अजय', अरुणेंद्र सिंह, पप्पू भास्कर ,राहुल भारद्वाज, अजय प्रधान ,डॉ0 अशोक ,धनन्जय भारद्वाज समेत हजारों कार्यकर्ता शामिल रहे।

# भाषा -संस्कृति ,धर्म-कर्म हमें जोड़ने का कार्य करती हैं टी0 राम

*सांस्कृतिक नाट्य,संगीत ,गीत समरसता को घोल रही है।

*नमो घाट पर सम्मिलन ने दिखाया अनेकता में एकता का दृश्य।

**समाज जागरण**




वाराणसी। भाषा -संस्कृति ,धर्म-कर्म हमें जोड़ने का कार्य करती है। भारत जैसे देश में सैकड़ों भाषा और हजारों नाट्य ,संगीत ,गीत ने एक दूसरे के बीच भाई-चारे की संस्कृति को एक साथ विलय कर आपसी सौहार्द को बनाये रखने का कार्य करती है।

उक्त बातें नमो घाट पर काशी तमिल संगमम में सांस्कृतिक कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि अजगरा विधायक टी0 राम ने अपने सम्बोधन में व्यक्त किया।

निदेशक भारत सरकार सुब्रत प्रधान ने विधायक का अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह प्रदान करके सम्मानित किया और कार्यक्रम की झलकियां प्रस्तुत कराकर स्वागत किया।

काशी -तमिल संगमम के अंतर्गत नमो घाट पर बने मुक्ताकाशी मंच पर शनिवार की शाम केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज एवं दक्षिण क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र तंजावूर के तत्वावधान में काशी और तमिलनाडु के कलाकारों ने अपने -अपने राज्यों के लोक संगीत व नृत्य की प्रस्तुति किया। एक तरफ पचरा , कजरी, दादरा, देबी गीत, बिरहा,कथक की थाप की गूंज रही तो दूसरी तरफ तमिल कलाकारों ने ओलियतटम ,थप्पट्टम का धमाल अलग ही छटा बिखेर रहा था। तमिलनाडु के कलाकार रविचन्द्रन के दल ने सराहनीय प्रस्तुति की।

नमो घाट पर उपस्थित अतिथियों व काशीवासियों ने बीच -बीच मे हर हर महादेव का उद्घोष कर एक दूसरे को भावनाओं के साथ जोड़ने का कार्य किया। देर रात तक तमिलनाडु व काशीवासियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनन्द उठाया।

# प्रशिक्षण के बाद स्वरोजगार से आत्मनिर्भर की ओर बढ़े कदम

**समाज जागरण**

वाराणसी। राजकीय खाद्यविज्ञान केंद्र कचहरी वाराणसी में एक मासीय मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजनाअंतर्गत बेकरी प्रशिक्षण में विषय विशेषज्ञ एफ एस टी आई प्रधानाचार्या डॉ. आशा रौनियार द्वारा नान खटाई, मेल्टिंग मोमेंट एव काजू बिस्किट का प्रयोगात्मक प्रदर्शन किया गया।



जिला प्रभारी खाद्यप्रसंस्करण आर. सी. अग्रवाल ने मेल्टिंग मोमेंट का अवलोकन करते हुए टेस्ट किया और सराहना करते हुए उत्साहवर्धन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य ट्रेनिंग के बाद उद्योग स्थापित कर आत्म निर्भर बनाना है। इस अवसर पर मण्डलीय प्रधानाचार्य पवन कुमार उपस्थित थे।

# जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी के ब्रोशर का रंजना सिंह ने किया विमोचन

**समाज जागरण**



फिरोजाबादः- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वाधान में जिलाधिकारी फिरो जाबाद, मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य एवं जिला विद्यालय निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार की सहमति एवं निर्देशन में जनपद के सभी बोर्डों के कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन एवं विद्यालय के निदेशक दीपक जादौन के संयोजन में दिनाँक 08 दिसम्बर 2025 को प्रातः 10 बजे से प्रवीन विद्यापीठ, एन एच 19, जगमुदी सिरसागंज में किया जा रहा है। नगर पालिका परिषद सिरसागंज की अध्यक्ष श्रीमती रंजना सिंह ने जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी के ब्रोशर का विमोचन करते हुए जनपद के समस्त बोर्डों के विद्यालयों के प्रधानाचार्यों से अपने - अपने विद्यालयों के कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को उनके वैज्ञानिक दृष्टिकोण में वृद्धि हेतु अपने मार्गदर्शक शिक्षक के साथ जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में ससमय प्रतिभाग करने के लिए कहा। अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि जनपद स्तर पर जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता के अंतर्गत क्रमशः कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों के 100 मॉडल प्रस्तुत किए जायेंगे। जनपद स्तर पर गठित तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा 15 मॉडलों का चयन करते हुए मण्डल स्तर हेतु उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्हीं 15 चयनित मॉडलों में से मूल्यांकनोंपरांत कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार हेतु क्रमशः रु 5000, रु 3000 व रु 2000 एवं 02 विद्यार्थियों को सान्त्वना पुरस्कार हेतु रु 1000, (प्रत्येक को) दिए जाने के साथ प्रशस्ति पत्र, सम्मान, प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह एवं निर्धारित नकद धनराशि से सम्मानित किया जाएगा एवं अन्य प्रतिभागियों को भी प्रतिभागिता प्रमाण पत्र दिया जाएगा। उन्होंने जनपद के समस्त बोर्डों के विद्यालयों के प्रधानाचार्यों से अपील की है कि कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के नाम उनके व्हाट्सएप नम्बर 9058885668 पर दिनाँक 07 दिसंबर 2025 को सांय 5 बजे तक उपलब्ध करा दीजिये। इस अवसर पर प्रमुख समाजसेवी डॉ गुरुदत्त सिंह, प्रवीन विद्यापीठ के निदेशक दीपक जादौन उपस्थित रहे।

# भारतीय जनता पार्टी महानगर ने बाबा साहब का मनाया परिनिर्वाण दिवस!

**समाज जागरण**



फिरोजाबाद! भारतीय जनता पार्टी महानगर द्वारा महानगर जिला अध्यक्ष डॉक्टर सतीश दिवाकर के नेतृत्व में रसूलपुर स्टेट अंबेडकर पार्क पर बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया इस अवसर पर महानगर जिला अध्यक्ष डॉक्टर सतीश दिवाकर ने बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि समानता और न्याय पर आधारित समाज बनाना ही हमारी सरकार का लक्ष्य है। बाबा साहब के विचार भारतीय लोकतंत्र की मजबूत नींव हैं और आज भी हर कमजोर वर्ग को प्रेरणा देते हैं समाज में असमानता और भेदभाव के खिलाफ बाबा साहब का संघर्ष सभी के लिए मार्गदर्शक है बाबा साहेब के विचार और सिद्धांत भारतीय लोकतंत्र की बुनियाद हैं आंबेडकर जी ने जिस समाज का सपना देखा था, वह आज भी सबके लिए मार्गदर्शक है। इस अवसर पर मुख्य रूप से दीपक गुप्ता कालू, शैलेंद्र गुप्ता शालू,आकाश गुप्ता के गांधी गौतम कुशवाहा प्राचीन सेठ, श्याम सुंदर राठौर, सतीश प्रजापति डॉक्टर एसपी लहरी, सतवीर गुर्जर, सोबरन जाटव, निर्मल शर्मा,रूपेश गुप्ता, शिवम प्रजापति, दिलीप प्रजापति, अध्यक्ष प्रतिनिधि मक्खनपुर आदि लोग उपस्थित थे!

# कन्नौजः नवाब और नीलू की लूट मामले में हुई कोर्ट में पेशी

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**



कन्नौज। नाबालिग से रेप के चर्चित मामले में बांदा जेल में बन्द पूर्व सपा नेता नवाब सिंह यादव को कन्नौज कोर्ट लाया गया। जबकि उनके भाई नीलू यादव को कौशाम्बी जेल से पेशी के लिए लाया गया। लूट मामले में दोनों भाइयों की एडीजे फर्स्ट कोर्ट में पेशी हुई। पेशी के दौरान कोर्ट के भारी फोर्स तैनात रहा। यहां ड्रोन कैमरे से कड़ी नजर रखी जा रही है। गैंगस्टर मामले में बांदा जेल में बन्द सपा के पूर्व नेता नवाब सिंह यादव और उनके भाई नीलू यादव के खिलाफ 6 नवम्बर 2025 को लूट का मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले में 7 नामजद और 13 अज्ञात शामिल हैं। उनके खिलाफ चिपट्टी मोहल्ले के रहने वाले विशाल यादव ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमे उसने आरोप लगाया था कि नवाब सिंह और नीलू यादव ने 19 नवम्बर 2023 में उसके ईंट भट्ठे पर हमलाकर कर लूटपाट की थी। दबंगई और रसूख के चलते उनके खिलाफ कोई कार्यवाही उस वक्त नहीं की गई थी। खौफ के कारण वह लोग कन्नौज छोड़कर चले गए थे। विशाल ने बाइक लूटने का भी केस दर्ज कराया है, जिसकी बरामदगी नहीं हो सकी। पुलिस ने विशाल की तहरीर पर लूट समेत कई संगीन धाराओं में केस दर्ज किया था। इस मामले में कोर्ट से रिमांड जारी किया गया था। जिसको लेकर नवाब और नीलू को कन्नौज में एडीजे फर्स्ट कोर्ट में पेश किया गया। यहां 20 मिनट में ही दोनों भाइयों की पेशी हो गई। जिसके बाद उन्हें कोर्ट हवालात में ले जाया गया। जहां से उन्हें बांदा और कौशाम्बी जेल में ले जाया जाएगा।

**पुलिस से नीलू की हुई झड़प**

कैदी वाहन की ओर ले जाते वक्त नीलू यादव की पुलिस से झड़प हो गई। कहासुनी होते ही पुलिस कर्मियों ने धक्का देकर उसे कैदी वाहन की ओर धकिया दिया और फिर उसे उसी में बैठा दिया गया। न्यायालय परिसर के बंदी गृह से पुलिस जब नवाब और नीलू को कोर्ट की ओर जा रही थी, तो परिसर में उनके समर्थकों और वकीलों की भीड़ लगी हुई थी। समर्थकों को देखकर नवाब सिंह यादव ने हाथ हिलाकर उनका अभिवादन किया और फिर कोर्ट की ओर पुलिस उन्हें लेकर चली गई।

**7 महीने बाद कन्नौज कोर्ट में हुई पेशी**

नवाब सिंह यादव को कन्नौज पुलिस ने 11 अगस्त 2024 की रात चौधरी चंदन सिंह महाविद्यालय से अरेस्ट किया था। यहां एक नाबालिग ने 112 नम्बर पर कॉल कर नवाब सिंह के खिलाफ रेप की शिकायत दर्ज कराई थी। तब से वह लगातार जेल में हैं। रेप के अलावा वह और उनका भाई नीलू यादव गैंगस्टर मामले में जेल में हैं। 22 मार्च 2025 को कन्नौज जेल से उन्हें बांदा जेल शिफ्ट किया गया था। उन्हें इससे पहले 19 मई को बांदा जेल से लाकर कन्नौज कोर्ट में पेश किया गया था। इस बीच दोनों भाइयों की वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेशी होती रही।

# कन्नौजः डीएम ने तिर्वा तहसील में बैठकर सुनी जन समस्याएं किया सम्पूर्ण समाधान

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**



कन्नौज। तहसील तिर्वा में आज आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस जिलाधिकारी श्री आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जनसुनवाई के दौरान कुल 135 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 11 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि शेष 124 शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कई विभागों ने जागरू कता एवं सेवा कैंप लगाए। जिसमें यूनानी विभाग द्वारा 60 लोगों का उपचार, आयुर्वेदिक विभाग द्वारा 65 लोगों का उपचार, चिकित्सा विभाग की ओपीडी में 50 मरीजों की जांच हुई एवं 05 वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड तथा 05 दिव्यांग कार्ड बनाए गए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादी आमोद कुमार (भुनियापुर, तिर्वा) ने बताया कि मनरेगा की 88 दिन की मजदूरी ₹20,535 बैंक की लिपिकीय त्रुटि के कारण समान नाम वाले किसी अन्य व्यक्ति के खाते में ट्रांसफर हो गई है, जो धनराशि वापस करने से मना कर रहा है।जिलाधिकारी ने उपायुक्त मनरेगा, डीपीआरओ व खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रकरण की तत्काल जांच कर रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मेहनतकश का हक हर हाल में मिलना चाहिए, किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी। इसी प्रकार फरियादी ब्रजपाल (जटियापुर) द्वारा मौजा सिमरिया, आराजी संख्या 30ख पर अवैध कब्जे की शिकायत पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी तिर्वा को स्वयं जांच कर विस्तृत आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी के निर्देश समाधान दिवस की शिकायतों के निस्तारण में क्वालिटी पर विशेष फोकस किया जाए। भूमि विवाद, पट्टा, खतौनी प्रविष्टि आदि मामलों की निगरानी तहसीलदार स्वयं करें; संबंधित लेखपाल भी जानकारी रखें। आवास एवं पेंशन संबंधी संभावित लाभार्थियों की सूची तैयार की जाए ताकि लक्ष्य प्राप्त होने पर उन्हें तत्काल लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि पुनरीक्षण (SIR) कार्य उसी गति से जारी रखा जाए और समय से पूर्ण किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि IGRS, सीएम हेल्पलाइन, जनता दर्शन एवं जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता, प्रभागीय वनाधिकारी हेमंत सेठ, जिला विकास अधिकारी नरेंद्र देव द्विवेदी, उपजिलाधिकारी तिर्वा राजेश कुमार, तहसीलदार एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएम व एसपी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील पट्टी में सुनी शिकायतें, 182 में केवल 10 शिकायतों का हुआ निस्तारण,

### तहसील दिवस पर शिकारियों की उमड़ी भीड़

**समाज जागरण**
**दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**



-प्रतापगढ़। डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर तहसील पट्टी में जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी, पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर, ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट अनुष्का शर्मा व अन्य अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने डा0 भीमराव अम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके उपरान्त जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में तहसील पट्टी में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। पट्टी तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 182 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से राजस्व विभाग की 10 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल प्राप्त 182 शिकायतें में से 88 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 28, विकास विभाग से 26, समाज कल्याण से 05, शिक्षा से 03, स्वास्थ्य से 02 एवं 30 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई। पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा सुना गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जूनियर बार के अधिवक्ताओं ने ज्ञापन के माध्यम से जिलाधिकारी को अवगत कराया कि तहसील परिसर में पीने के पानी की अव्यवस्था है, तहसील में 3 इण्डिया मार्का नल खराब पड़े हुये है जिसे रिबोर कराने की आवश्यकता है व तहसील परिसर में गन्दगी भी रहती है जिस पर डीएम ने ईओ पट्टी को निर्देशित किया कि जल्द से जल्द रिबोर कराकर हैण्डपम्प को दुरूस्त करायें और इसकी रिपोर्ट एक सप्ताह के अन्दर उपलब्ध करायें। तहसील परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था भी नियमित करायी जाये। शिकाय तकर्ता रमाकान्त चौरसिया निवासी लखनीपुर पोस्ट सैफाबाद ने शिकायत किया कि प्रार्थी का बिल बिना रीडिंग चेक किये गलत फर्जी तरीके से आ रहा है जिसके सम्बन्ध में कई बार शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया है जिससे विद्युत अवर अभियन्ता द्वारा मौके पर विद्युत मीटर जांच किया गया और रिपोर्ट विद्युत कार्यालय में प्रेषित किया है, विद्युत बिल का संशोधन एसडीओ आसपुर देवसरा द्वारा किया जाना है परन्तु अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गयी जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुये अधीक्षण अभियन्ता विद्युत को निर्देशित किया कि परीक्षण कराकर यथाशीघ्र शिकायत का निस्तारण करायें। शिकायतकर्ता वन्दना शर्मा निवासी बाभनपुर ने शिकायत किया कि प्रार्थी ने फरवरी माह में ही राशन कार्ड कट जाने की दशा में पुनः आनलाइन करवा कर समस्त कार्यवाही पूर्ण करके खाद्य एवं रसद विभाग सप्लाई इन्सपेक्टर आसपुर देवसरा के कार्यालय में भाग दौड़ कर रहा है किन्तु प्रार्थी का फार्म जमा नहीं किया जा रहा है जिस पर डीएम ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि परीक्षण कराकर शिकायत का निस्तारण जल्द से जल्द करायें। डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे शिकायतकताओं की शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें और समयबद्ध तथा गुणवत्तापूर्ण तरीके से शिकायतों का निपटारा करें, जिसमें शिकायतकर्ता की संतुष्टि सबसे महत्वपूर्ण है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि शिकायतों के निपटारे में किसी भी प्रकार की अनदेखी या लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारियों को प्राप्त सभी शिकायतों का समय पर और सही तरीके से समाधान करने के निर्देश दिये गये। उन्होने निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में जो भूमि संबंधी मामले हैं उसमें राजस्व तथा पुलिस की संयुक्त टीम गठित करके मौके पर भेजकर निस्तारण कराएं। उन्होंने कहा कि शासन का सख्त निर्देश है की जमीन संबंधी मामलों को तत्काल निस्तारण कराएं। कोई भी गरीब व्यक्ति किसी कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहने पाये, इसका विशेष ध्यान दिया जाये। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने समस्त थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान में पुलिस विभाग से सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समय-सीमा के अन्दर किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होने पुलिस अधिकारियों/ थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि जो भी शिकायकर्ता अपनी शिकायत लेकर आयें उनकी शिकायतों को विनम्रता पूर्वक सुने, प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच करें और प्रत्येक दशा में पीड़ित को न्याय मिले। इस दौरान ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट अनुष्का शर्मा, उपजिलाधिकारी पट्टी पूर्णेन्दु मिश्र, तहसीलदार सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# कन्नौजः बिजली बिल राहत योजना के लिए जिले में लगे दर्जनो कैम्प

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**




कन्नौज। अधीक्षण अभियंता विद्युत ने जानकारी देते हुए बताया है कि बिजली बिल राहत योजना-2025 के अंतर्गत आज "बिजली बिल राहत योजना" 2025 के अन्तर्गत जनपद कन्नौज में ग्राम चौरा चांदपुर, कूलापुर, बरधैया, बरूआहार, बहोसी, नदसिया एवं मोहल्ला मास मपुर मौरारा, शिखाना, ग्राम भोजापुर, नन्दपुर, अमोलर, कुसका, राजा रामपुर, सराय दायमगंज, शाह जहांपुर, खोजीपुर, कबीरापुर, भूड़ा, गदनापुर, गुगरापुर में कैम्पों का आयोजन किया गया जिसके अन्तर्गत 459 उपभोक्ताओं के द्वारा योजना का लाभ उठाया गया और आयोजित कैम्पो के दौरान धनराशि रू0 16.23 लाख उपभोक्तओं द्वारा जमा किया गया है। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार कल दिनांक 07-12-2025 को पैंदाबाद, इनायतपुर, सफदरगंज, नसरापुर, जलालपुर सरवन, गुरौली, खुर्रमपुर, अकबरपुर, दिहुली, बर कागॉव,सगरा, रामपुर नगला, विरा हिमपुर, पुराभोज, बिकूपुर ,नौसारा, किशनपुर, पहलपुर्वा तथा मोहद्दीनगर में कैम्प आयोजित किए जाएगे। उन्होंने ने जनता से अपील की है कि वे इस महत्वपूर्ण अवसर का लाभ उठाकर अपने बिजली बिलों से संबंधित समस्याओं का समय पर समाधान सुनिश्चित करें।

# पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने थाना म्योरपुर का किया आकस्मिक निरीक्षण

### निरीक्षण उपरांत थाना क्षेत्र में किया पैदल गश्त कानून-व्यवस्था सुदृढ़ीकरण हेतु दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**समाज जागरण/ सुभाष चंद्र यादव**



म्योरपुर/ सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, अभिषेक वर्मा द्वारा थाना म्योरपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर का विस्तृत भ्रमण कर थाना कार्यालय, अभिलेख कक्ष, हवालात, कंप्यूटर कक्ष, मेस, बैरक, महिला हेल्पडेस्क, मालखाना एवं शस्त्रागार सहित सभी महत्वपूर्ण शाखाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्दे शित किया गया कि थाना परिसर को स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बनाए रखा जाए। सभी अभिलेखों को अद्यावधिक व सुव्यवस्थित रखा जाए। लंबित विवेचनाओं का शीघ्र, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता एवं तत्परता बरती जाए। इसके अतिरिक्त उन्होंने निर्देश दिए कि वांछित अभियुक्तों एवं वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान संचालित किए जाएँ। अवैध शराब, मादक पदार्थों की तस्करी, पशु तस्करी आदि पर प्रभावी कार्रवाई निरंतर जारी रखी जाए। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सघन कॉम्बिंग, एरिया डॉमिनेशन एवं गश्ती गतिविधियों को और मजबूत किया जाए। निरीक्षण उपरांत पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा थाना क्षेत्र में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था एवं जनसंपर्क की स्थिति का भी जायजा लिया गया। इस दौरान स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं एवं क्षेत्रीय सुरक्षा से संबंधित फीडबैक प्राप्त किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गए निदेशों के अनुपालन में थाना म्योरपुर पुलिस को और अधिक सतर्कता, सक्रियता एवं प्रभावी कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया।

# कन्नौजः जिला खाद्य सुरक्षा समिति की बैठक में सीडीओ ने कहा मिलावट खोरो से सख्ती से निपटें

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**



कन्नौज। मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा स्टीयरिंग समिति की आयोजित बैठक के दौरान कहा कि जनता को शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अभियान चलाकर छापेमारी की जाये। मिलावटी खाद्य पदार्थ बनाने और विक्रय करने वालों के खिलाफ सख्ती से पेश आया जाये। व्यापारियों का शोषण नही होना चाहिए। पैरवी कर लंबित वादों का निस्तारण कराया जाये।

कहा कि खाद्य लाईसेन्स में पार दर्शिता लाने हेतु आनलाइन पोर्टल संचालित हैं। प्रत्येक खाद्य कारोबारी को लाईसेन्स लेना अनिवार्य हैं। जनपद में कितने लाईसेंस आटो रिन्यूवल तथा कितने लाईसेंस एक्सपायर हुये हैं, का विवरण तैयार कर प्रस्तुत किया जाये। आम जनमानस को मिलावटी खाद्य पदार्थों के संबंध में तथा ताजे एवं खाद्य पदार्थ के उपभोग के संबंध में जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित कराये जाये। खाद्य कारोबारकताओं के मध्य खाद्य कारोबार के संबंध में भी जागरूक किया जाये।

बैठक में जिला विकास अधिकारी नरेन्द्र देव द्विवेदी, सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय/अभिहित अधिकारी उमेश प्रताप सिंह, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# थाना राबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा लूट की घटना का खुलासा - 03 अभियुक्त गिरफ्तार, लूटा गया मोबाइल व नकदी बरामद

**समाज जागरण/**
**ब्यूरो चीफ सोनभद्र।**



सोनभद्र। थाना राबर्ट्सगंज पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 1207/25, धारा 309(6), 351(2), 352, 317 बीएनएस से संबंधित लूट की घटना का अनावरण करते हुए पुलिस टीम ने 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटा गया मोबाइल फोन एवं 1000/- रुपये नकद बरामद कर लिए हैं। दिनांक 05.12.2025 को वादी अंशु चन्द्रवंशी पुत्र सत्येन्द्र चन्द्रवंशी निवासी सिरसी, थाना पन्नुगंज ने सूचना दी थी कि कुछ अज्ञात बदमाशों ने उन्हें जबरन रोककर गाली-गलौज करते हुए उनका मोबाइल फोन तथा 1000/- रुपये लूट लिए। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर कुमार मिश्रा के कुशल पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक राबर्ट्सगंज के मार्गदर्शन में त्वरित कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने महज 24 घंटे के भीतर घटना का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लूटी गई सम्पूर्ण धनराशि एवं मोबाइल फोन बरामद कर लिया है। अभियुक्तों को विधिक कार्रवाई करते हुए अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों उमाशंकर चेरो, पुत्र लल्लन चेरो, निवासी परसौना कला, थाना राबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र। रंजीत कुमार बियार, पुत्र बृजमोहन बियार, निवासी वार परसौना, थाना राबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र। प्रदीप यादव, पुत्र मुन्नर यादव, निवासी वार परसौना, थाना राबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र। गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली टीम में 1.उ0नि0 उमाशंकर यादव चौकी प्रभारी लोढ़ी, थाना रॉबर्ट्सगंज सोनभद्र। 2.मु0आ0 अवधेश प्रजापति चौकी लोढी थाना रॉबर्ट्सगंज सोनभद। 3.मु0आ0 अमरजीत यादव चौकी चुर्क थाना रॉबर्ट्सगंज सोनभद्र। 4.कां0 शशिकान्त सरोज चौकी चुर्क थाना रॉबर्ट्सगंज, सोनभद्र। 5.कां0 विकास राज पाण्डेय चौकी चुर्क थाना रॉबर्ट्सगंज, सोनभद्र रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जनपद के संबंधित तहसीलों में फरियादियों की सुनी गई समस्याएं

**समाज जागरण/**
**ब्यूरो चीफ सोनभद्र।**



सोनभद्र। को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा द्वारा तहसील सदर, क्षेत्राधिकारी ओबरा हर्ष पाण्डेय द्वारा तहसील ओबरा, क्षेत्राधिकारी पिपरी अमित कुमार द्वारा तहसील दुद्धी पर जन समस्याओं की सुनवाई की गई। समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए सम्बन्धित को यह निर्देशित किया गया कि प्रत्येक मामले का निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। विशेष रूप से भूमि विवाद संबंधी मामलों में पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा संयुक्त जांच कर निस्तारण किया जाए, ताकि फरियादियों को एक विभाग से दूसरे विभाग के चक्कर न काटने पड़ें और उनकी समस्याओं का त्वरित एवं न्यायोचित समाधान सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# क्रिकेटर बनने के लिए 15 वर्षीय आशी सोनी रोज तय करती है 100 किमी. का सफर

## क्रिकेटर बनने ट्रक ड्राइवर की बेटी का संघर्ष




**समाज जागरण**

जयसिंहनगर। आशी सोनी क्रिकेटर बनने का सपना पूरा करने के लिए कठिन परिश्रम कर रही है। उसका परिश्रम बताता है कि क्रिकेटर की क्रिकेट के प्रति दीवानगी क्या होती है। मध्य प्रदेश में शहडोल को महिला क्रिकेट का नर्सरी माना जाता है। यहां कई ऐसी लड़कियां हैं जो क्रिकेटर बनने का सपना पूरा करने के लिए कठिन परिश्रम एवं संघर्ष कर रहीं है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम द्वारा विश्वकप जीतने पर पूरी टीम की जमकर तारीफ हुई। शहडोल जिले की पूजा वस्त्रकार ने क्रिकेट की शुरूआत गांधी स्टेडियम शहडोल से करके भारतीय टीम में शामिल हो चुकी हैं। उनकी सफलता से सबक लेकर जिले की कई लड़कियां क्रिकेट को अपना लक्ष्य मानकर कठिन परिश्रम के साथ अभ्यास करती हैं। 15 वर्षीय आशी सोनी शहडोल जिला मुख्यालय से 50 किलोमीटर दूर जयसिंह नगर से प्रतिदिन आने-जाने का सफर विगत ढाई वर्ष से क्रिकेट सीखने के लिए कर रही हैं। उन्होने बताया कि सुबह के प्रैक्टिस सेशन में भाग लेने के लिए प्रातः 07 बजे घर से निकलना पड़ता है। सेशन खत्म होने के बाद 3-4 बजे शाम तक घर पहुंच पाती हैं। दोपहन के सेशन में उन्हें 01 बजे मध्यान्ह घर से निकलना पड़ता है और रात 09 बजे घर पहुंचती हैं। उन्होंने बताया कि आने-जाने में 200 रूपए का हर दिन खर्च आता है।

**ऐसे हुआ क्रिकेट से प्यार**

आशी सोनी बताती हैं कि, वे पहले क्रिकेट के बारे में बहुत कुछ नहीं जानती थी, लेकिन उनके जयसिंहनगर कॉलेज ग्राउंड पर स्पोर्ट टीचर दिलीप शुक्ला के अंडर में क्रिकेट की प्रैक्टिस होती थी, वहां क्रिकेट कोच प्रेम शंकर माली क्रिकेट की ट्रेनिंग देते हैं. जब वहां पहुंची तो वहां पर उन्हें क्रिकेट के बारे में बताया गया। तभी से उन्होंने क्रिकेट खेलना शुरू कर दिया। जब वह क्रिकेट खेलने लगीं और उनके स्किल को वहां के कोच ने देखा तो उन्हें ट्रायल के लिए शहडोल भेजा। जब शहडोल में ट्रायल देने आई तो उन्हें कोच सोनू रॉबिंसन ने शहडोल एकेडमी ज्वाइन करने को कहा। उन्होंने बिना कुछ सोचे समझे ही शहडोल क्रिकेट एकेडमी ज्वाइन कर ली। आशी सोनी ने बताया कि जब से शहडोल में क्रिकेट की ट्रेनिंग शुरू की है लगातार वह इंप्रूवमेंट हो रहा है और सफलता भी मिल रही है। वर्तमान में वे अंडर 15 के डिवीजन टीम में खेल रही हैं और अंडर 15 में ही एमपी बोर्ड को भी रिप्रेजेंट कर चुकी हैं। आशी सोनी राइट हैंड बैट्समैन हैं, और पार्ट टाइम बोलिंग भी करती हैं। स्पिन बोलिंग करती हैं और वह अपने खेल को निखारने के लिए दिनों-दिन लगातार मेहनत कर रही हैं।

**आशी को परिवार का मिला पूरा समर्थन**

आशी सोनी ने बताया कि उन्हें क्रिकेट के सपने को साकार करने के लिए अपने परिवार का पूरा समर्थन मिल रहा है। आप कक्षा 11वीं में आर्ट सब्जेक्ट लेकर पढ़ रही हैं। उनके पापा ट्रक ड्राइवर हैं, मां हाउसवाइफ हैं. तीन बहन और एक भाई हैं। वह घर में सबसे छोटी हैं। बड़ी बहन पार्ट टाइम नौकरी भी करती है। आशी सोनी की बड़ी बहन खुशी सोनी बताती हैं कि, आशी ने एक दिन बोला कि उसे क्रिकेट खेलना है। हमनें कहा ठीक है प्रैक्टिस पर जाओ। आशी प्रैक्टिस पर जाने लगी। उसके कोच ने हमें बताया कि, उसका क्रिकेट के प्रति रूचि है। इसके बाद हमने उसे एकेडमी ज्वाइन करने को कहा. फैमिली ने उसके गेम के बीच पैसे की रुकावट नहीं आने दी और न आने देंगे। हम पूरी कोशिश कर रहे हैं कि आशी अपने सपने को जिए और हमें उम्मीद है कि आशी कड़ी मेहनत करके एक दिन भारतीय महिला क्रिकेट टीम में स्थान बनाएंगी। शहडोल क्रिकेट एकेडमी के कोच सोनू रॉबिंसन कहते हैं, आशी उनके पास अपनी बहन के साथ आई थी और उसने बोला कि उसे यहां ज्वाइन करना है, तो मैंने पूछा कि जयसिंहनगर से आना-जाना कैसे करोगी तो बोली कि हम मैनेज कर लेंगे. धीरे-धीरे प्रैक्टिस पर आने लगी, उसे अच्छा लगने लगा। उसका भविष्य अच्छा है, 2 साल के अभ्यास में ही उसका तीसरे साल में मध्य प्रदेश अंडर 16 वुमेन ट्रायल में सिलेक्शन हो गया। उसका गेम काफी अच्छा है। उसमें बैटिंग को लेकर एक अलग ही टैलेंट है, वह एक दिन बड़ी क्रिकेटर बनेगी।

**पूजा, पूनम हैं रोल मॉडल**

आशी की रोल मॉडल पूजा वस्त्रकर और पूनम जैसी क्रिकेटर हैं। पूनम सोनी भी अपने समय में शहडोल में क्रिकेट सीखने के लिए 60 से 70 किलोमीटर दूर चचाई से आती थीं। आशी ने भी स्कूल गेम से खेलना शुरू किया था। यहां रहकर अभ्यास करने में उनको दिक्कत आ रही थी तो अपने घर से आना जाना शुरू कर दिया। वो नियमित रूप से जय सिंहनगर से यहां आती हैं। अपने आप को इस स्तर पर तैयार करने में लगी हैं कि आने वाले एक-दो वर्षों में उनका खेल उच्च स्तर पर पहुंच जाए। आशी टैलेंटेड प्लेयर हैं और आने वाले एक दो साल में उनका खेल काफी ऊंचे स्तर पर पहुंच जाएगा।

# ऐंताझर में भिड़ेंगी क्रिकेट की टीमें, प्रीमियर लीग का शुभारंभ



**समाज जागरण**

शहडोल । समीपवर्ती गांव ऐंताझर में शुक्रवार को ऐंताझर प्रीमियर लीग (एपीएल) क्रिकेट सीजन-2 का समारोहपूर्वक शुभारंभ हुआ। शुभारंभ समारोह के मुख्य अतिथि उप पुलिस अधीक्षक डॉ. राघवेंद्र द्विवेदी रहे। जबकि अध्यक्षता भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुशील शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सोहागपुर थाना प्रभारी भूपेंद्र मणि पाण्डेय, कोतवाली थाना प्रभारी राघवेंद्र तिवारी, सिविल इंजीनियर श्रेयांश मित्तल, भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष दीपेश तिवारी और गांव के सरपंच मैकू बैगा मंचासीन रहे। क्रिकेट लीग का पहला मैच बैगिन इलेवन दूधी और हर्रा टोला के बीच खेला गया, जिसमें बैगिन इलेवन ने 30 रनों से जीत हासिल की। वहीं दो अन्य मैच मझगवां और जुगवारी तथा बैगिन और मझगवां के बीच खेला गया जिसमें मझगवां व बैगिन इलेवन की टीम विजयी रही। दीप प्रज्ज्वलन व राष्ट्रगान के साथ अतिथियों ने मैदान में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर क्रिकेट टूनामेंट का विधिवत शुभारंभ किया।

**व्यक्तित्व को आकार देता है खेल-राघवेंद्र द्विवेदी**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. राघवेंद्र द्विवेदी ने अपने संबोधन में कहा कि खेल केवल शरीर को मजबूत नहीं करता बल्कि संपूर्ण व्यक्तित्व को आकार देता है। खेल के मैदान में सीखी गई नेतृत्व क्षमता, निर्णय लेने की क्षमता, संयम और टीम भावना, जीवन के हर क्षेत्र में सफलता का आधार बनती है। आज के युवा जब खेल-मैदान में पसीना बहाते हैं, तो वे जीवन की कठिनाइयों का सामना अधिक आत्मविश्वास से कर पाते हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी अब खेलों का स्तर तेजी से बढ़ रहा है और इसी तरह के आयोजन युवा प्रतिभाओं के लिए बड़े मंच का कार्य करते हैं। विशिष्ट अतिथि सोहागपुर थाना प्रभारी भूपेंद्र मणि पाण्डेय ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल व्यक्तित्व निर्माण की सीढ़ी है। उन्होंने युवाओं को संदेश दिया कि खेल के माध्यम से जीवन की हर चुनौती को धैर्य और आत्मविश्वास के साथ पार किया जा सकता है। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि हार-जीत खेल का हिस्सा है, लेकिन सही मायने में जीत वही है जो आप खेल भावना के साथ प्राप्त करते हैं। शहडोल कोतवाली टीआई राघवेंद्र तिवारी ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि खेल से सौहार्द और भाईचारा बढ़ता है। खेल प्रतिस्पर्धा में भी एक-दूसरे के प्रति सम्मान और सहयोग की भावना समाज को जोड़ती है। टीआई राघवेंद्र तिवारी ने खिलाड़ियों से अपील की कि वे अनुशासन, नियमित अभ्यास और सकारात्मक सोच को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुशील शर्मा ने कहा कि खेल सामाजिक समरसता का सबसे सशक्त माध्यम है। खेल लोगों को एक मंच पर लाकर एकता और सहयोग की मिसाल प्रस्तुत करता है। श्री शर्मा ने कहा कि ऐंताझर प्रीमियर लीग सीजन-2 ने न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच दिया है, बल्कि सम्पूर्ण क्षेत्र में उत्साह, ऊर्जा और समरसता का वातावरण निर्मित किया है। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि सिविल इंजीनियर श्रेयांश मित्तल, भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष दीपेश तिवारी एवं सरपंच मैकू बैगा ने भी संबोधित किया। उद्घाटन मैच के अंपायर अरविन्द शर्मा व शिवम सिंह रहे, जबकि स्कोरर प्रतीक शर्मा व कामता बैगा थे। मैच का आंखों देखा हाल उग्रसेन कोल, ध्रुव गुप्ता एवं कमल बैगा ने बताया।

# एम.सी.बी. में अवैध जुआ नेटवर्क की चर्चा तेज

**समाज जागरण विजय तिवारी**

मनेन्द्रगढ़। छत्तीसगढ़ के अंतर्गत मनेन्द्रगढ़ में अवैध जुआ गति विधियों की सुगबुगाहट ने बीते दिनों अचानक ही माहौल गर्मा दिया है। गलियों से लेकर चौराहों तक, दुकानों से लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म तक जनचर्चाओं में इस विषय ने एक बार फिर जोर पकड़ लिया है कि क्या शहर में किसी व्यवस्थित तरीके से घूम-घूमकर चलने वाला जुआ नेटवर्क सक्रिय है... जगह बदल-बदल कर पुलिस की मिली भगत से लाखों रुपये का जुआ लल्ला, मोहन और अजीत के दवारा खिलवाया जा रहा है। अब देखना है कि जिस प्रकार नवीन पुलिस अधीक्षक नशे विरुद्ध के कार्यवाही की है ठीक उसी प्रकार जुआ जैसी सामाजिक बुराई पर भी कार्यवाही करके इस पर लगाम लगाने का कार्य करेंगी।और अगर हाँ, तो आखिर कब इस पर निर्णायक कदम उठाया जाएगा- क्षेत्र के नागरिकों और कई विश्वसनीय स्थानीय सूत्रों के अनुसार, शहर के कुछ हिस्सों में देर रात तक संदिग्ध गतिविधियों की बढ़ती आवृत्ति आम लोगों की चिंता का कारण बन रही है। ऐसे स्थानों पर अनियमित समय में भीड़ का जुटना, तेज बाइक आवाजाही और कुछ विशेष चेहरों का अक्सर दिखाई देना, इन आशंकाओं को और गहरा करता है कि कहीं यह अवैध जुआ संचालन का हिस्सा तो नहीं।हालाँकि अब तक इन चचाओं की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन लोगों में असंतोष और बेचैनी साफ महसूस की जा रही है। क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों का कहना है कि यदि ऐसी गतिविधियाँ सच में चल रही हैं, तो यह न केवल कानून व्यवस्था के लिए के क्या चुनौती होगी, बल्कि सामाजिक ढांचे पर भी गंभीर प्रभाव डालेगी। कई नागरिक यह भी संकेत देते हैं कि इस तरह का नेटवर्क बिना किसी अंदरूनी संरक्षण के लंबे समय तक सक्रिय नहीं रह सकता, जिससे जनचचाएँ और भी गहरी होती जा रही हैं।उधर, पुलिस कप्तान ने पदभार ग्रहण करते ही जिस तेजी और सख्ती के साथ नशा विरोधी अभियान चलाया है, उसने शहर

वासियों को एक नई उम्मीद दी है। नशे के खिलाफ लगातार कार्रवाई से प्रभावित जनता को अब विश्वास होने लगा है कि यदि इसी दृढ़ता के साथ अवैध जुआ के खिलाफ भी कदम उठाए जाएँ, तो एम.सी.बी. क्षेत्र का वातावरण काफी हद तक सुधारा जा सकता है।सामाजिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो अवैध जुआ केवल पैसा कमाने का गलत तरीका नहीं, बल्कि समाज में अपराध, कर्ज, घरेलू तनाव और युवा पीढ़ी के नैतिक पतन की शुरूआत भी है। मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि जुआ की लत इंसान को आर्थिक और मानसिक दोनों रूप से कमजोर करती है। स्थानीय महिलाओं ने भी इस विषय पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि घरों में तनाव, विवाद और आर्थिक तंगी के कई मामलों की जड़ जुए जैसी प्रवृत्तियां ही है।युवाओं के बीच जुए की ओर आकर्षण बढ़ना और भी गंभीर चिंता का विषय है। यह उनके करियर, शिक्षा और भविष्य को प्रभावित कर सकता है। स्थानीय अभिभावकों का मानना है कि जुआ का यह संभावित नेटवर्क समाज में छुपे हुए कैंसर की तरह है, जो धीरे-धीरे पूरे ताने-बाने को कमजोर कर सकता है।

# मानव वन्य प्राणी द्वंद्व को कम करने के लिए बघहीया एवं सलखनिया ग्राम में लगी प्रकृति की पाठशाला



**समाज जागरण**

उमरिया । क्षेत्र संचालक बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व उमरिया डॉक्टर अनुपम सहाय के मार्गदर्शन में इको क्लब शासकीय हाई सेकेंडरी स्कूल ताला एवं बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व उमरिया द्वारा संयुक्त रूप से पर्यावरण जागरूकता( प्रकृति की पाठशाला ) कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस अवसर पर वन परिक्षेत्र पतौर कोर एवं पनपथा बफर अंतर्गत ग्राम बघहीया एवं सलखनिया के एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों को वन एवं वन्य प्राणियों के संरक्षण हेतु जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ताला के विद्यार्थियों द्वारा बाघ संरक्षण के महत्व को मैं भी बाघ गीत पर नृत्य प्रस्तुति के माध्यम से बताया गया। इस अवसर पर गांव में जागरुकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम में उपस्थित बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के उपसंचालक श्री प्रकाश वर्मा द्वारा बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया तथा प्रकृति का संतुलन बनाए रखने में वनो के महत्व पर बच्चों के साथ चर्चा की। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम , द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि उप संचालक बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व उमरिया के द्वारा पुरस्कृत किया गया । दोनों ग्रामों के आर्थिक रूप से पिछड़े परिवारों को मानव वन्य प्राणी द्वंद्व को कम करने के लिए टॉर्च भी प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में सहायक संचालक भूरा गायकवाड़ पनपथा ,परिक्षेत्र अधिकारी पनपथा प्रतीक श्रीवास्तव , परीक्षित अधिकारी पतौर कु अंजु वर्मा,प्राचार्य नागेंद्र तिवारी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ताला, शासकीय विद्यालय सलखनिया के शिक्षक,ईको विकास समिति अध्यक्ष तथा अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# भारतीय खान ब्यूरो के अधिकारियों ने किया चूना पत्थर की खदानों का निरीक्षण

**समाज जागरण**

कटनी ।कलेक्टर श्री आशीष तिवारी द्वारा दिये गये निदेर्शों के पालन में शुक्रवार को खनिज अमले द्वारा विजयराघवगढ़ तहसील स्थित चूना पत्थर की खदानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में भारतीय खान ब्यूरो जबलपुर के क्षेत्रीय अधिकारी भी सम्मिलित हुए। निरीक्षण के दौरान संयुक्त दल द्वारा जमुवानी कला,अमेहता,हर्रिया और बड़ारी ग्राम में स्थित चूना पत्थर की लेप्स हो चुकी बंद खदानों और माइन क्लोजर प्लान का वेरिफिकेशन किया गया। इसके अलावा संचालित खनिज लीजों में व्यवस्थित खनिज उत्पादन और खनिज रॉयल्टी समय-सीमा में भुगतान करने हेतु समझाइश दी गई। इसके अलावा खदान क्षेत्रों में बरसात के बाद जमा पानी के पुख्ता इंतजाम करने हेतु निर्देशित किया गया। जांच दल में खान ब्यूरो से उप खान नियंत्रक श्री डी आर गुर्जर, श्री श्रेयस एवं उपसंचालक खनिज आर के दीक्षित उपस्थित रहे।

# बोलेरो की जोरदार टक्कर से पलटी बिक्रम टैक्सी, चालक की दबकर मौत.....

## परिजनों में मचा कोहराम, दुर्घटनाओं पर रोक को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश......

**समाज जागरण संवाददाता निगोहां**

निगोहां। लखनऊ , निगोहां कस्बे में शनिवार दोपहर दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया। बस स्टैंड के पास तेज रफ्तार बोलेरो ने सवारी के इंतजार में खड़ी एक बिक्रम टैक्सी में पीछे से इतनी जोरदार टक्कर मारी कि वह पलट गई। हादसे में टैक्सी चालक पुत्तन तिवारी (45) वाहन के नीचे दब गए और गंभीर रूप से घायल हो गए।सूचना मिलते ही निगोहां थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से घायल चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दुर्घटना कारित बोलेरो को कब्जे में लेकर उसके चालक को हिरासत में ले लिया है। परिवार का सहारा छिनने से मचा मातम......निगोहां थाना क्षेत्र



के दखिना गांव निवासी पुत्तन तिवारी अपने परिवार का भरणझपोषण बिक्रम टैक्सी चलाकर करते थे। उनकी मौत की खबर घर पहुंचते ही चीख-पुकार मच गई। पत्नी लक्ष्मी तिवारी व उनकी चार बेटियाँ–सोभा, संजना, ऋचा और अदिति–का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि पुत्तन मेहनती और शांत स्वभाव के थे, उनकी असमय मौत ने पूरे गांव को गहरे सदमे में डाल दिया है। उल्टी दिशा से चलने वाले वाहन हादसों का कारण.......स्थानीय लोगों ने बताया कि निगोहां स्टेशन मोड़ के पास बने कट से होकर प्रतिदिन सैकड़ों वाहन उल्टी दिशा में निकलते हैं। बेनीगंज समेत आसपास के करीब दो दर्जन गांवों की आवाजाही इसी मार्ग से होती है। उल्टी दिशा में चलने की वजह से यहां अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं, लेकिन अब तक किसी स्तर पर प्रभावी रोकथाम नहीं हो सकी है।ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि कट पर बैरिकेडिंग, साइनबोर्ड और नियमित पुलिसिंग की व्यवस्था की जाए, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# विद्यालयीन वाहनों पर यातायात पुलिस की कार्रवाई

**समाज जागरण**

शहडोल। माननीय सर्वोच्च न्यायालय एवं परिवहन विभाग द्वारा विद्यालयीन बच्चों के सुरक्षित आवागमन हेतु निर्धारित दिशा-निदेर्शों का पालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से आज शहडोल यातायात पुलिस द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्कूल वाहनों की चेकिंग की गई। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कुछ वाहनों में अनिवार्य सुरक्षा मानकों जैसे- वाहन पर आगे एवं पीछे स्कूल बस/वैन अंकन, सी.सी.टी.व्ही कैमरा, फर्स्ट एड बॉक्स, फायर एक्सटिंग्यूशर, निर्धारित क्षमता के अनुसार बच्चों का परिवहन, वाहन दस्तावेजों की वैधता तथा चालक द्वारा मान्य ड्राइविंग लाइसेंस धारण किए जाने जैसे प्रावधानों का पालन नहीं किया जा रहा था। इस दौरान 10 वाहनों में अनियमितता पाए जाने पर उनके विरुद्ध नियमानुसार 14,300 रुपए /- का चालान किया गया है।

शहडोल पुलिस द्वारा समस्त विद्यालय प्रबंधन, वाहन संचालकों एवं चालकों को निर्देशित किया जाता है कि विद्यालयीन बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखते हुए सभी अनिवार्य सुरक्षा प्रावधानों एवं नियमों का पालन सुनिश्चित करें।

# * गोहपारु में अवैध रेत उत्खनन *

**समाज जागरण**

शहडोल जिला इन दिनों अवैध रेत उत्खनन बड़ा केंद्र बनता जा रहा है। नदियों के घाटों से रात के अंधेरे में रेत का अवैध उत्खनन हो रहा है, जबकि दिन में ओवरलोड रेत से भरे डंपर और ट्रक बिना रोक-टोक सड़कों पर दौड़ते नजर आ रहे हैं। स्थिति यह है कि प्रशासन द्वारा की जाने वाली कार्रवाई केवल कागजों तक सीमित होकर रह गई है।

जानकारों के अनुसार शहडोल जिले की प्रमुख नदियों और आसपास के रेत घाटों पर नियमों को ताक पर रखकर उत्खनन कराया जा रहा है। उत्खनन के कारण नदी का प्राकृतिक स्वरूप बिगड़ रहा है और पर्यावरणीय संतुलन पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। अवैध उत्खनन के साथ-साथ ओवरलोड रेत परिवहन भी बड़ी समस्या बन चुका है। ग्रामीण और शहरी मार्गों पर क्षमता से कहीं अधिक रेत लादकर वाहन चलाए जा रहे हैं। इससे जहां सड़कें कम समय में जर्जर हो रही हैं, वहीं आम लोगों की जान भी खतरे में पड़ गई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि रात के समय तेज रफ्तार ओवरलोड ट्रकों की आवाजाही के कारण हादसों का डर बना रहता है, लेकिन शिकायतों के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही।

सूत्रों का आरोप है कि रेत माफिया के नेटवर्क के आगे संबंधित विभाग असहाय नजर आ रहे हैं। खनिज विभाग, परिवहन विभाग और पुलिस के बीच समन्वय की कमी के कारण अवैध कारोबार निर्बाध रूप से फल-फूल रहा है। कभी-कभार दिखावटी कार्रवाई जरूर होती है, लेकिन उसमें भी छोटे चालकों पर जुमार्ना लगाकर बड़े लोगों को छोड़ दिया जाता है।इस अवैध कारोबार का सीधा असर शासन के राजस्व पर भी पड़ रहा है। सरकार को मिलने वाला करोड़ों रुपये का राजस्व चोरी के रास्ते माफियाओं की जेब में जा रहा है। वहीं दूसरी ओर स्थानीय लोगों को महंगी रेत खरीदने पर मजबूर होना पड़ रहा है, क्योंकि वैध आपूर्ति व्यवस्था ठीक से संचालित नहीं हो रही।पर्यावरणविदों का कहना है कि यदि समय रहते अवैध रेत उत्खनन नहीं रोका गया, तो इसका असर आने वाले वर्षों में और भी गंभीर दिखाई देगा। नदी की धाराएं बदलने, भूजल स्तर गिरने और आसपास के गांवों में कटाव जैसी समस्याएं बढ़ेंगी। इसके बावजूद प्रशासनिक सख्ती का अभाव समझ से परे है। बताया जाता है कि गोहपारू क्षेत्र के मलमाथर, भूर्सी ,खैरीघाट, महुआ टोला के अलावा कई स्थानों से नदियों से रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है क्षेत्र की चुदी कुनूक के अलावा नालों से खनन किया जा रहा है। नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि अवैध रेत उत्खनन और ओवरलोड परिवहन के खिलाफ स्थायी और प्रभावी कार्रवाई की जाए। सिर्फ छापामार कार्रवाई नहीं, बल्कि दोषी अधिकारियों और माफियाओं पर सख्त कार्यवाही होनी चाहिए, ताकि कानून का भय स्थापित हो सके।

# निशुल्क पेयजल सप्लाई फिर भी नगर परिषद नाकाम 5 दिनों से लटका पंप हाउस में ताला।

## पीने के पानी को लेकर वार्ड वासी है परेशान।

**समाज जागरण**

बरगवां।नगर परिषद बरगवां वार्ड क्रमांक 01 को ओरिएंट पेपर में कागज कारखाना के द्वारा निशुल्क पेयजल की व्यवस्था लगभग 25 वर्षों से पाइपलाइन के माध्यम से प्रदत किया जा रहा है वही एसईसीएल के द्वारा 9 लाख 30 हजार की लागत से ओरिएंट पेपर मिल पाइप लाइन के माध्यम से दी जा रही पानी को भूमिगत स्टॉक टैंक बनाकर पूरे वार्ड में पाइप लाइन के माध्यम से पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई गई थी वर्तमान स्थिति में नगर परिषद के द्वारा पानी की सप्लाई एवं पंप हाउस निगरानी में है लेकिन 5 दिनों से पेयजल की व्यवस्था पूर्ण रूप से बाधित है जिसके कारण वार्ड वासियों को पीने के पानी को लेकर परेशानी हो रही है। पांच दिवस होने को आए फिर भी नगर परिषद के द्वारा पंप हाउस में लगे पंप रिपेयरिंग को लेकर लापरवाही के कारण वार्ड में रहने वाले लोगों को पीने के पानी को लेकर काफी दिक्कतेंहो रही है। पंप हाउस में ताला लटका हुआ है और बिगड़े हुए पंप को बनने के लिए दिया गया है वार्ड 01 के निवासी संजय तिवारी का कहना है कि फिर वही पुरानी स्थिति निर्मित हो गई है जो आज से 10 वर्षों पहले थी साइकिल में डिब्बे लटकाकर पानी ढोए जा रहे है। वही वार्ड के निवासी भूषण तिवारी का कहना है कि बार-बार पंप हाउस में लगे पंप का जलना और फिर उसे रिपेयरिंग के लिए भेजना और इस बीच कई दिनों तक पीने की पानी के लिए काफी मशक्कत करने पड़ते हैं। सब कुछ होते हुए भी अव्यवस्था के कारण हो रहे जल समस्या का निदान नगर परिषद के लापरवाही के कारण बढ़ रही समस्या का जिम्मेदार कौन?

# डाइवर महासंघ की बैठक संपन्न

## शासन व्दारा तय वेतन की मांग को लेकर आंदोलन की राह पकड़ेंगे चालक

**समाज जागरण**

उमरिया --- मध्यप्रदेश प्रदेश ड्राइवर महासंघ उमरिया की एक महती बैठक आयोजित की गयी इस बैठक में जिले के सैकड़ों चालकों ने भाग लिया। बैठक में चालकों की एक सूत्रीय मांग पर विचार किया गया। विदित होवे की साऊथ ईस्ट कोल कंपनी जोहिला एरिया के कंचन ओपन कास्ट में चल रहे भारी वाहनों में कार्यरत चालकों का भारी शोषण किया जा रहा है। मालूम होवे की शासन व्दारा चालकों की दैनिक मजदूरी 1350=00 रुपए तय की गयी है लेकिन चालकों से आधी अधूरी मजदूरी देकर काम कराया जा रहा है जिसके विरोध में मध्यप्रदेश डाइवर महासंघ ने आज बैठक आयोजित कर चरण बद्ध आंदोलन का निर्णय लिया है। पहले चरण में शासन -प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर मध्यप्रदेश शासन के व्दारा तय वेतन की मांग की जायेंगी, और मांग पूरी नहीं होने की स्थिति में महासंघ उग्र आंदोलन छेडते हुए काम बन्द हड़ताल की जायेगी। मालुम हो की एस ई सी एल सेमी गर्वनमेन्ट कंपनी होने के बाबजूद ठेका कंपनियों के व्दारा श्रमिकों का बददस्तूर शोषण किया जा रहा है जबकि प्रिसिंपल एम्पलाइज होने के नाते एस ई सी एल की जिम्मेदारी होती है कि किसी भी श्रमिक का शोषण ठेकेदार या वाहन मालिकों के व्दारा न किया जाये फिर भी ठेका श्रमिकों, वाहन चालकों के शोषण अनवरत रूप से जारी है। देखना होगा की श्रमिक शोषण के इस संवेदनशील मामले मे प्रबंधन और प्रशासन क्या कदम उठाती है।

**सुखद संकल्प**

वही आज की बैठक में मध्यप्रदेश ड्राइवर महासंघ ने संकल्प लिया है कि नशे की हालत में गाड़ी नहीं चलाएंगे नशा मुक्ति अभियान चलाएंगे ' उक्ताशय का संकल्प राजू रैदास के नेतृत्व में संपंन हुई।

# पुश्तैनी जमीन पर दबंगों का कब्जे का प्रयास

## भयभीत किसान ने तहसील दिवस में लगाई न्याय की गुहार

**समाज जागरण संवाददाता निगोहा**

निगोहां थाना क्षेत्र के कुर्मिनखेड़ा मजरा उतरावा में एक गरीब किसान की पुश्तैनी भूमि पर दबंगई के बल पर कब्जा करने का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। पीड़ित रामकुमार पुत्र स्वर्गीय राधेलाल ने शनिवार को आयोजित तहसील समाधान दिवस में पहुंचकर अधिकारियों को शिकायतपत्र सौंपा और पूरा घटनाक्रम सामने रखा। पीड़ित के अनुसार, कृषि भूमि के सामने स्थित आबादी की जमीन पर उनका परिवार पिछले 30 वर्षों से कब्जे में है और उनके पिता का अंतिम संस्कार भी इसी भूमि पर किया गया था, जो परिवार की भावनाओं से गहराई से जुड़ी है।बताया गया कि डीह गांव के सगीर अली, शब्बीर अली और नफीस अली पुत्रगण सादिक अली पहले भी मौरंग डालकर कब्जा करने का प्रयास कर चुके हैं। शिकायत के बाद पुलिस द्वारा चेतावनी देने के बावजूद दबंगों ने दोबारा मौरंग गिरवाकर कब्जे की कोशिश शुरू कर दी है।रामकुमार ने बताया कि 29 नवंबर को निगोहां थाना में पहली शिकायत तथा 2 दिसंबर को दूसरी बार प्रार्थना पत्र दिया, परंतु कोई ठोस कार्रवाई न होने से विपक्षियों का मनोबल बढ़ गया है। गरीब किसान ने कहा कि वह असहाय है जबकि विपक्षी अत्यधिक प्रभावशाली होकर लगातार धमकियां दे रहे हैं, जिससे परिवार डर के साए में जी रहा है।तहसील दिवस में दिए गए प्रार्थना पत्र में पीड़ित ने मांग की कि मौके पर पैमाइश कराकर जमीन का सत्यापन कराया जाए तथा दबंगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर अवैध कब्जा रोकने हेतु कड़ी कार्रवाई की जाए। अधिकारियों ने मामले की जांच कर विधिक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# कानपुर में जारी मौत को गले लगाने का सिलसिला, तीन और लोगों ने दुनिया को कहा अलविदा

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**

कानपुर। यहां विभिन्न कारणों से मौत को गले लगाने का सिलसिला लगातार जारी है जिसके क्रम में तीन और लोगों ने दुनिया को अलविदा कह दिया। उनके परिवार में कोहरा मचा हुआ है। वहीं पुलिस लाशों को पोस्टमार्टम भेज कर घटनाओं की जांच कर रही है। पहली घटना बर्रा की है, जहां अपने ममेरे भाई की शादी में जमकर डांस करने के बाद घर लौटे एक वेल्डर बर्रा 2 ईडब्ल्यूएस डबल स्टोरी कॉलोनी निवासी ई-रिक्शा कंपनी में वेल्डर आशीष दीक्षित (47) ने कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। दो माह पहले मां की मौत होने के बाद से वेल्डर मानसिक तनाव में थे। दूसरी घटना कल्याणपुर, श्यामा विहार, नई बस्ती मिजार्पुर की है। यहां के निवासी दुर्गेश ने बताया कि उसके पिता राकेश कुमार (55) शराब के लती थे। वह कल दोपहर करीब एक बजे राकेश ने पत्नी मिथलेश को छत पर गेहूं सुखाने के लिए भेज दिया, इसके बाद कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। दोपहर करीब 3:30 बजे उनके भाई उन्नाव निवासी राजेश कुमार तेहरवीं संस्कार में राकेश को ले जाने के लिए घर पहुंचे थे। जिस पर मिथलेश ने कमरे का दरवाजा खटखटाया, दरवाजा न खुलने पर उन्होंने कमरे में झांक कर देखा तो शव फंदे से लटकता मिला। आत्महत्या की तीसरी घटना योगेंद्र विहार की है। यहां के निवासी अक्षय तिवारी (40) पत्नी रुचि, बेटी समृद्धि व 9 माह के बेटे के साथ अनीता वर्मा के मकान में किराए पर रहते थे। मौके पर पहुंची पुलिस को परिजनों ने बताया कि अक्षय दिहाड़ी मजदूरी पर करते थे। काफी समय से काम न मिलने पर के कारण परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। शुक्रवार को उन्होंने पत्नी व बच्चों को बारादेवी स्थित मायके भेज दिया। इसके बाद कमरे में पंखे से फंदा लगाकर जान दे दी। घटना से तीनों परिवारों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने बताया की लाशों को पोस्टमार्टम के लिए भेज करघटना की जांच की जा रही है।

# थाना रायपुर पुलिस को मिली बड़ी सफलता, 5000/- रुपये के इनामिया गो-तस्कर को किया गिरफ्तार

**ब्यूरो समाज जागरण**

खलियारी/ सोनभद्र। थाना रायपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 145/2025, धारा 3/5ए/5बी/8 गोवध निवारण अधिनियम व धारा 11 पशु क्रूरता अधिनियम से संबंधित वांछित अभियुक्त शिवाजी निषाद उर्फ कर्नल पुत्र प्रभाकर उर्फ दिवाकर निषाद, निवासी ग्राम कुचमरवा (ककराही), थाना करमा, जनपद सोनभद्र, उम्र लगभग 33 वर्ष, काफी समय से फरार चल रहा था। अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु अभिषेक वर्मा, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा ₹5000/- का पुरस्कार घोषित किया गया था। अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा पुलिस टीम को विशेष दिशा-निर्देश जारी किए गए। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में, थाना रायपुर पुलिस टीम द्वारा सतत प्रयास किए जा रहे थे। दिनांक 05. 12.2025 को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना रायपुर पुलिस टीम ने अभियुक्त के घर के सामने से घेराबंदी कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया।




गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राम स्वरूप वर्मा, का0 मुकेश कुमार, का0 अखिलेश कुमार, थाना रायपुर, सोनभद्र रहे।

# विश्व हिन्दू रक्षा परिषद ने निकाली वीर हनुमत आशीर्वाद एवं शौर्य यात्रा

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

चोपन/ सोनभद्र। विश्व हिन्दू रक्षा परिषद के सौजन्य से शनिवार को नगर में वीर हनुमत आशीर्वाद एवं शौर्य यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा चोपन बैरियर स्थित रामलीला मैदान से प्रारंभ होकर जय श्री राम के नारों के साथ मुख्य मार्ग से होते हुए कैलाश मंदिर परिसर तक पहुंची, जहाँ विधि-विधान से हनुमान जी का पूजन-अर्चन तथा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ संपन्न हुआ। पाठ समापन के उपरांत आरती की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विश्व हिन्दू रक्षा परिषद के प्रदेश सचिव डॉ. बृजेश सिंह, जिला अध्यक्ष राकेश पाण्डेय बिंदु वरिष्ठ भाजपा नेता राजा मिश्रा,, जिला प्रभारी मनीष सिंह, जिला मीडिया प्रभारी मनोज चौबे,






जिला महामंत्री अमरनाथ सिंह, कमल किशोर सिंह, एडवोकेट दिनेश पाण्डेय , मंडल अध्यक्ष संजय केसरी , नागेश्वर प्रसाद गोंड़, श्यामसुंदर मिश्रा,सहित दर्जनों कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी के साथ निकाली गई यह विशाल विजय शौर्य यात्रा नगर में आकर्षण का केंद्र रही। यात्रा को संबोधित करते हुए प्रदेश सचिव डॉ. बृजेश सिंह ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है, जब राम भक्तों ने हिंदुत्व के लिए गौरवशाली परंपरा स्थापित की थी। आगे कहा कि हनुमान जी के चरणों में नमन करते हुए हम हिंदुत्व की अलख जगाने का संकल्प लेते हैं। जागो हिंदू जागो अभियान के तहत प्रत्येक हिंदू को जागृत करने का लक्ष्य है, जिससे देश को हिंदू राष्ट्र बनाने की परिकल्पना तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय के परिश्रम को सफल बनाया जा सके। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रभारी निरीक्षक कुमुद शेखर सिंह, कस्बा इंचार्ज आर एस शर्मा पुलिस बल के साथ चाक चौबंद रहे।

# जिलाधिकारी ने खनन पट्टा धारकों के साथ की बैठक

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ सोनभद्र।**

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में खनन पट्टा धारकों के साथ बैठक किये, खान सुरक्षा निदेशक, वाराणसी क्षेत्र वाराणसी द्वारा खनन पट्टों पर लगाये गये प्रतिबन्ध के सम्बन्ध में पट्टा धारकों के साथ बैठक की गयी, बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने खनन व्यवसायियों से सीधा संवाद कर डी0जी0एम0एस0 द्वारा खनन पट्टों



पर लगाये गये प्रतिबन्ध के सम्बन्ध में किये जा रहे सुधारात्मक कार्य की प्रगति की स्थिति के सम्बन्ध मे जानकारी प्राप्त की। बैठक में जिलाधिकारी ने सम्बन्धित खनन पट्टा धारको को खान सुरक्षा निदेशालय द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन यथा शीघ्र कराते हुए खनन पट्टों पर डी0जी0एम0एस0 द्वारा लगाये गये प्रतिबन्ध को हटाने की कार्यवाही डी0जी0एम0एस0 से करायें, जिससे कि आम जनमानस को सुलभता से खनिजों की आपूर्ति उचित दर पर प्राप्त हो सकें और लोगों को रोजगार मिल सकें। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0) वागीश कुमार शुक्ला, ज्येष्ठ खान अधिकारी कमल कश्यप, खनन व्यवसाय संगठन के अध्यक्ष, पदाधिकारीगण सहित व्यवसायिकगण उपस्थित रहें।

# दोषी सिंटू उर्फ सुरेंद्र कुमार को 10 वर्ष की कठोर कैद

## -एक लाख रुपये अर्थदंड, न देने पर छह माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ सोनभद्र।**

सोनभद्र। छह वर्ष पूर्व शादी का झांसा देकर 21 वर्षीय लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने व उसके साथ बलात्कार करने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी/ सीएडब्लू , सोनभद्र अर्चना रानी की अदालत ने शनिवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी सिंटू उर्फ सुरेंद्र कुमार को 10 वर्ष की कठोर कैद व एक लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर छह माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित होगी। वहीं अर्थदंड की सम्पूर्ण धनराशि एक लाख रुपये पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक जुगैल थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता ने 28 फरवरी 2020 को जुगैल थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया था कि 17 सितंबर 2019 को शादी का झांसा देकर उसे बहला फुसलाकर सिंटू उर्फ सुरेंद्र कुमार पुत्र रामबचन खरवार निवासी



खेवन्धा, थाना जुगैल, जिला सोनभद्र भगा ले गया और उसके साथ करीब 5 माह तक बलात्कर करता रहा। जब उसने कोर्ट मैरिज कराने के लिए कहने लगी तो उसने इनकार कर दिया। इस बात को लेकर पंचायत भी हुई थी, लेकिन रखने को तैयार नहीं हुआ और उसे भगा दिया। आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा करें। इस तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने विवेचना किया। पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने चार्जशीट दाखिल किया था।

मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान और पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी सिंटू उर्फ सुरेंद्र कुमार को 10 वर्ष की कठोर कैद व एक लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर छह माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित होगी। वहीं अर्थदंड की सम्पूर्ण धनराशि एक लाख रुपये पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील सत्य प्रकाश त्रिपाठी ने बहस की।

# राहगीर महिलाओं से अश्लील शब्द बोलने वाले एक अभियुक्त को थाना शाहगंज पुलिस ने किया गिरफ्तार

**ब्यूरो समाज जागरण**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक (ऑ0) तथा क्षेत्राधिकारी घोरावल के मार्गदर्शन में



मिशन शक्ति फेज-5 के तहत महिला सुरक्षा हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना शाहगंज पुलिस द्वारा एक सराहनीय कार्यवाही की गई। राहगीर महिलाओं को देखकर अश्लील गाने, छिटाकशी व फब्तिया कस रहा था, जिससे आने जाने वाली महिलाये शरमा कर भाग रही थी और आने जाने वाले आम जनमानस में गलत संदेश जा रहा है। मौके पर एक व्यक्ति अश्लील गाना गाते हुए मौके पर मिला रोककर नाम पता पूछा गया तो अपना नाम सूरज पुत्र संजय निवासी ग्राम सहुआर थाना शाहगंज सोनभद्र उम्र लगभग 24 वर्ष बताया। उक्त व्यक्ति को थाना शाहगंज पुलिस द्वारा मौके से पुलिस हिरासत में लेकर थाना शाहगंज पर क्राइम नंबर- 140/2025 धारा 296 बी.एन.एस. का अभियोग पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के शांति भंग में निरोधात्मक कार्रवाई की गयी है।

# सपा जिला कार्यालय पर बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस मनाया गया एवं संगोष्ठी का किया गया आयोजन

**विजय कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

सोनभद्र। जिला कार्यालय पर समाजवादी पार्टी की संगोष्ठी को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी सांसद छोटेलाल सिंह खरवार ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी ने संविधान बनाकर गरीबों एवं पिछड़ों को दलदल से बचने का काम किया था। आज उन्हीं की देन है कि हर समाज अपने हक की लड़ाई लड़ने का काम कर रहा है और हर वर्ग का गरीब तबके का विकास हो रहा है। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि आज हम लोग ऐसे महान संविधान रचयिता का परिनिर्माण दिवस मना रहे हैं जो हर वर्ग को अपने अधिकार की लड़ने का अधिकार मिला हुआ है। आज उन्हीं की देन है कि सदन से लेकर ग्राम पंचायत तक हर वर्ग अपनी लड़ाई लड़ रहा है और संविधान को बचाने के लिए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ रहे हैं और हमेशा लड़ते रहेंगे। समाजवादी पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी




है कि गांव गांव जाकर एस आई आर फॉर्म को भरवाने का काम करें और इसी के साथ स्नातक एवं शिक्षक के एमएलसी मतदाताओं का भी नाम बढ़ाने का काम करें। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए समाजवादी अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व्यास जी गौड ने कहा कि गरीबों की यदि कोई हितैषी पार्टी है तो वह समाजवादी पार्टी है जो गरीबों का भला कर सकती है । संगोष्ठी को संबोधित करने वालों में मुख्य रूप से श्याम बिहारी यादव विजय यादव चौधरी यशवंत सिंह पटेल मुनीर अहमद राम भरोसे सिंह पटेल मोहम्मद सईद कुरैशी लाल बहादुर पाल त्रिपुरारी गौड़ रमेश सिंह यादव अनिल प्रधान डॉक्टर लोकपति सिंह पटेल रमेश कुमार वर्मा रवि कुमार गौड़ शिवनारायण चौहान राजेश विश्वकर्मा बाबूलाल यादव रामेश्वर भाई पटेल विजय शंकर जायसवाल बुद्धि नारायण अवध नारायण यादव प्रमोद बाबू हाशमी गीता गौर लालव्रत राम लखन जगत पटेल दीपक केसरी रामविलास योगेंद्र चंद्रवंशी हिदायतुल्ला खान राजेश अमरेश पटेल दशरथ मन्नू पांडेय विवेक सूरज मिश्रा पीयूष प्रदीप सत्यम पांडेय फारूक अली जिलानी कृपा शंकर चौहान अजीत मौर्य प्रदीप कनौजिया विष्णु कुशवाहा संतोष पासवान दयाराम मौर्य अमृतलाल अवधनाथ वासुदेव के साथ सैकड़ो पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# थाना पन्नूगंज पुलिस ने फरार चल रहे 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**ब्यूरो समाज जागरण**

खलियारी/ सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे प्रभावी अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन श्री त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी के कुशल निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी सदर श्री राज सोनकर के पर्यवेक्षण में, थाना पन्नूगंज पुलिस




द्वारा दिनांक 26.11.2025 को थाना पन्नूगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0 208/2025, धारा 108, 85, 115(2), 352, 351(2) बी.एन.एस. एवं धारा 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम से संबंधित मुकदमे में वांछित अभियुक्त लल्लू तिवारी पुत्र रामेश्वर तिवारी निवासी ग्राम पड़रीकला थाना पन्नूगंज जनपद सोनभद्र उम्र करीब 37 वर्ष को उसके घर ग्राम पड़रीकला से घेराबंदी कर नियमानुसार गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

# चाइल्ड हेल्प लाइन के सक्रियता से नाबालिग लड़की का विवाह रोकने में सफलता

**समाज जागरण/ब्यूरो चीफ सोनभद्र**

सोनभद्र। शुक्रवार दिनांक 5 दिसंबर 2025 की रात्रि, सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर, पुलिस चौकी सुकृत स्थित ग्राम बट बनतरा में एक नाबालिग लड़की का विवाह किया जा रहा था। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए, चाइल्ड हेल्प लाइन के जिला समन्वयक मुकेश कुमार सिंह ने संबंधित चौकी को सूचित किया और सुधा गिरी, धर्मवीर, तथा सुरक्षा बल के साथ मौके पर पहुंचकर बालिका को संरक्षित किया गया।

कार्रवाई में शामिलः मुकेश कुमार सिंह (जिला समन्वयक, चाइल्ड




हेल्प लाइन), सुधा गिरी, धर्मवीर, सुरक्षा बल टीम शामिल रहे।

संपर्क : यदि आपको ऐसी किसी घटना की जानकारी मिलती है, तो तुरंत चाइल्ड हेल्प लाइन (1098) या स्थानीय पुलिस से संपर्क करें। आपकी सूचना किसी की जिंदगी बदल सकती है।

# बिछियारी गांव के समीप पिकअप ने बाइक सवार को मारी टक्कर, दो घायल

**समाज जागरण/ सुभाष चंद्र यादव**

बभनी/ सोनभद्र। थाना क्षेत्र के बिछियारी गांव में बाइक सवार दो लोगों को अनियंत्रित पिंक अप ने टक्कर मार दी जिससे मोटरसाइकिल पर सवार दोनो भाई घायल हो गए घायलों को बभनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है जहां उपचार चल रहा था। थाना क्षेत्र के बिछियारी गांव में शनिवार की सुबह दो भाई मोटरसाइकिल से चपकी से छत्तीसगढ़ के शंकरपुर घर जा रहे थे कि बिछियारी गांव के समीप सामने से आ रही पिंक अप की चपेट में आ गए। जिससे 60 वर्षीय अंजनी कुमार जायसवाल पुत्र



शिव शंकर जायसवाल व 55 वर्षीय अशोक कुमार पुत्र शिवशंकर निवासी गण शंकरपुर छत्तीसगढ़ गम्भीर रूप से घायल हो गये ।घायलों में अंजनी का पेट फट गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार चल रहा था। सुचना पर पहुंचे उपनिरीक्षक मक्खन लाल ने घटना की जानकारी ली बताया कि पिकअप को पकड़ लिया गया है।

# युवा समाजसेवी अजय यादव ने दो बाइकों के टक्कर में घायल सभी 05 लोगों को एंबुलेंस द्वारा दुद्धी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ सोनभद्र**

सोनभद्र/ दुद्धी। कोतवाली क्षेत्र के दुम्हान गांव में शनिवार शाम लगभग 4 बजे दुम्हान चौराहा से कुछ दूर पहले दो बाइकों के आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। दुर्घटना में पांच लोग घायल हो गए, जिन्हें तुरंत एम्बुलेंस के माध्यम से युवा समाजसेवी विधानसभा अध्यक्ष समाजवादी पार्टी छात्रसभा अजय यादव ने सभी को दुद्धी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) दुद्धी मे प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक डॉ. विनोद सिंह ने तीन गंभीर रूप से घायल मरीजों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्प्लेंडर और लूना बाइक की टक्कर इतनी तेज थी, कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर गए और चीखने-चिल्लाने लगे। उसी रास्ते से



गुजर रहे अजय यादव ने एम्बुलेंस को सूचना दिए और एंबुलेंस द्वारा सभी घायलों को सीएचसी दुद्धी पहुंचाया गया। स्प्लेंडर बाइक पर सवार तीन लोग जोरुखाड़ गांव के निवासी हैं, जो गोहड़ा रिश्तेदारी से अपने गांव जोरुखाड़ जा रहे थे। इनमें महेंद्र (40) पुत्र मुन्नालाल को गंभीर चोटें आईं हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। वहीं, राजेंद्र (38) पुत्र सुग्रीव और अभिषेक (10) पुत्र स्व. पन्ना लाल को मामूली चोटें आई हैं जिनका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। दूसरी बाइक लूना पर सवार दो लोग रामजतन (45) पुत्र मखन निवासी कादल और अवधेश (30) पुत्र सुनील कन्नौजिया निवासी मझौली थे। वे नल संबंधी सामान लेने के लिए अवधेश के घर मझौली से दुम्हान चौराहा आए थे। सामान लेकर वापस लौटते समय चौराहा से कुछ आगे टक्कर हो गई। रामजतन और अवधेश के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं, जिन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है। चिकित्सक डॉ. विनोद सिंह ने बताया कि पांच घायलों में तीन लोगों की स्थिति गंभीर है और उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया है।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने विशेष प्रगाढ़ पनुरीक्षण- बी0एल0ओ व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ सोनभद्र**

सोनभद्र ।जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी बी0एन0 सिंह ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में अर्हता तिथि 01 जनवरी,2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पनुरीक्षण अभियान के सम्बन्ध में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक किये। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियो को सम्बोधित करते हुए कहा कि बी०एल०ओ द्वारा बूथ पर 08 दिसम्बर,2025 या 09 दिसम्बर ,2025 को बी०एल०ए० के साथ बैठक कराना सुनिश्चित करेंगें, इस दौरान जिन मतदाताओं के नाम अनुपस्थित, शिफ्टेड, मृतक एवं डुप्लीकेट निर्वाचकों के रूप में चिन्हित किये गये हैं उन मतदाताओं के फार्मों पर बी०एल०ओ अपनी रिपोर्ट लगाते हुए उक्त फार्मों को




बी०एल०ओ ऐप पर 02 दिवस के अन्दर डिजिटाइजेशन पूर्ण करेंगें, बी०एल०ओ अपने-अपने बूथ पर 08 व 09 दिसम्बर, 2025 को बी०एल०ए० के साथ बैठक करेंगे, बैठक की सूचना बी०एल०ओ नोटिस के माध्यम से बी०एल०ए० को सूचित करेंगें तथा नोटिस तामीला की प्राप्ति रसीद बी०एल०ओ अपने पास सुरक्षित रखेंगे। बी०एल०ओ बैठक से पूर्व अनुपस्थित, शिफ्टेड, मृतक एवं डुप्लीकेट निर्वाचकों की सूची तैयार करेंगे एवं उक्त सूची बी०एल०ए० को उपलब्ध करा देंगे तथा प्राप्ति स्वरूप बी०एल०ए० का हस्ताक्षर भी उक्त सूची में प्राप्त करेंगे। बैठक मे उन्होंने कहा कि निर्गत संशोधित समय सारिणी के माध्यम से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अर्हता तिथि 01 जनवरी,2026 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एस0 आई0आर0) की विभिन्न गति विधियां सम्पन्न करायी जा रही है। जिसमें बी०एल०ओ० द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्र उपलब्ध कराना, एकत्रीकरण एवं डिजिटा इजेशन का कार्य 04 नवम्बर , 2025 से 11 दिसम्बर, 2025 तक, निर्वाचक नामावली का आलेख्य प्रकाशन 16 दिसम्बर, 2025 को, दावे एवं आपत्तियां दाखिल किये जाने की अवधि 16 दिसम्बर, 2025 से 15 जनवरी, 2026 तक, नोटिस जारी किये जाने, सुनवाई एवं सत्यापन व दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण एवं गणना प्रपत्रों पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा निर्णय किये जाने की अवधि 16 दिवम्बर, 2025 से 07 फरवरी, 2026 तक तथा निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 14 फरवरी, 2026 को किया जाना निर्धारित है। उन्होंने कहा कि 04 नवम्बर,2025 से 11 दिसम्बर, 2025 तक बी०एल०ओ० घर-घर जाकर गणना पत्रकों का एकत्रीकरण तथा उनके डिजिटा इजेशन की कार्यवाही सम्पन्न करायी जायेगी।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि/रा0) वागीश कुमार शुक्ला, सहायक निर्वाचन अधिकारी जगरूप सिंह पटेल, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, भाजपा के जिला मंत्री सुनील सिंह, सपा के जिला कार्यालय प्रभारी अनिल यादव, अपना दल (एस) के जिलाध्यक्ष युवा मंच अंशु तिवारी, आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष रमेश गौतम, सी0पी0आई0 (एम0) के जिला मंत्री नन्दलाल आर्य, बसपा के मण्डल प्रभारी रामअवतार चैहान, कांग्रेज पार्टी के जिला सचिव/प्रभारी कन्ट्रोल रूम आशीष कुमार सिंह, कांग्रेस पार्टी के प्रभारी शहर कन्ट्रोल रूम श्री शिव प्रसाद सहित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# डीसीएम व बोलेरो की टक्कर में बोलेरो चालक की हुई मौत, पिता के तहरीर पर मुकदमा हुआ दर्ज।

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**

डाला/ सोनभद्र। चोपन थाना के जवारीडाड़ क्षेत्र में हाईवे पर डीसीएम की टक्कर से बोलेरो चालक की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। मिली जानकारी मुताबिक मृतक के पिता रामऔतार यादव निवासी डडीहरा थाना म्योरपूर ने चोपन थाने में तहरीर देकर बताया कि शनिवार की सुबह साढे पांच बजे मेरा लड़का 24 वर्षीय सतवन यादव अपने बोलेरो से वाराणसी से घर जा रहा था कि जवारीडाड़ क्षेत्र में वाराणसी शक्तिनगर राज्य मार्ग पर एक डीसीएम चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बोलेरो को टक्कर मार दिया जिससे बोलेरो को चला रहे मेरा बेटा गंभीर रुप से घायल हो गया, दुर्घटना के बाद आनन फानन में इलाज के लिए सतवन को रेणुकूट स्थित हिन्डालको अस्पताल ले जाया गया जहा चिकित्सकों ने बेटे को मृत घोषित कर दिया। घटना के दौरान बोलेरो पर कुल तीन लोग सवार थे जिसमें बोलेरो चालक सतवन की मौत हो गई और बाकी दो लोग सुरक्षित है। इस संबंध में थाना प्रभारी चोपन कुमुद शेखर सिंह ने बताया कि पिता रामऔतार की तहरीर पर डीसीएम चालक नाम पता अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है, डीसीएम को पकड़ लिया गया है। मृतक सतवन के शव का पंचायतनामा करके पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

# जनपद के बेरोजगार अभ्यर्थियों के लिए रोजगार हेतु मेला का आयोजन 08 दिसम्बर को

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ सोनभद्र**

सोनभद्र। जिला सेवायोजन अधिकारी , सोनभद्र ने अवगत कराया है कि रोजगार मेला कार्यालय जिला सेवायोजन कार्यालय, सोनभद्र द्वारा जनपद के बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार देने के लिए 08 दिसम्बर,2025 को प्रातः 10.00 बजे से जिला सेवायोजन कार्यालय, खुशबू बाग नर्सरी रोड (जिला अस्पताल के सामने) लोढ़ी, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र के परिसर में रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें निजी क्षेत्र की लगभग 13 कम्पनियां प्रतिभाग करेंगी जिसमें कैनवील एवियेशन, नई दिल्ली. डीसेट्स, फरीदाबाद, बजाज ऑटो लि०, औरंगाबाद, मीडलैण्ड माइक्रोफीन, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र, एमॉस स्कील ग्रुप, गुड़गाँव, शिव शक्ति एग्रीटेक लि०, वाराणसी, उमोजा मार्केट प्लेस कम्पनी, वाराणसी, कैस्पर माईक्रो क्रेडिट, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र, उ० प्र० परिवहन, सोनभद्र डिपो, रावर्ट्सगंज, सोनभद्र में संविदा पर चालक की भर्ती, फ्लीफकार्ट, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र, सोलेरा इण्डस्ट्रीज प्रा० लि०, मधुपुर, सोनभद्र, क्रेडिट एक्सेस ग्रामीण लि०, रावर्ट्सगंज, सोनभद्र एवं श्रीराम फाईनेन्स, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र इत्यादि कम्पनियां द्वारा विभिन्न पदों पर भर्तियां की जाएगी। समस्त इच्छुक एवं योग्य बेरोजगार अभ्यर्थियों का साक्षात्कार नियोजकों द्वारा जिला सेवायोजन कार्यालय, खुशबू बाग नर्सरी रोड (जिला अस्पताल के सामने) लोढ़ी, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र के परिसर में लिया जायेगा। यह रोजगार मेला पूर्णतः निःशुल्क है। इस हेतु कोई यात्रा व्यय देय नहीं होगा।

# साजिश के तहत फंसाने के लिए मुकदमा करवाया दर्ज: कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



किशनगंज क्षेत्र के कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष तौसीफ अंजर ने प्रेस वार्ता कर कहा की राजनीतिक प्रभाव और व्यक्तिगत प्रतिशोध में झूठी मुकदमा दर्ज कराई गई है। उन्होंने कहा 10 दिन पूर्व किशनगंज सदर थाना में सनहा (962/25) दर्ज कराते हुए यह आशंका व्यक्त की थी कि मेरे खिलाफ झूठा और फर्जी मुकदमा दर्ज कराया जा सकता है, क्योंकि वार्ड ईकाई में किए गए कार्यों व नामांकन के समय दिए गए दस्तावेज की मांग की थी। सनहा दर्ज होने के मात्र 10 दिन बाद वार्ड पार्षद अंजार आलम द्वारा रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा 662/2025 दर्ज कराया है। तौसीफ अंजर कहा कि साजिश के तहत फंसाने की कोशिश हो रही है। मेरे खिलाफ लगाए गए सभी आरोप बेबुनियाद है और निराधार है। उन्होंने कहा कि जो प्राथमिकी वार्ड पार्षद द्वारा दर्ज करवाई गई है, उसकी जांच की मांग को लेकर एसपी सागर कुमार व सदर थाना को एक आवेदन सौंपा गया है, इसकी जांच डीएसपी रैंक के अधिकारी से होनी चाहिए ताकि सत्य सामने आ सके। उन्होंने कहा जो आरोप लगाया गया है कि शहर के होटल में उनके द्वारा धमकी दी गई है जबकि पुलिस के द्वारा सीसीटीवी फुटेज खंगालने से सच्चाई सामने आजाएगी। राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित होकर प्राथमिकी दर्ज करवाई गई है। उन्होंने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक किशनगंज एवं पुलिस महानिरीक्षक को लिखित आवेदन देकर निष्पक्ष जांच की मांग की है।

# सदर विधायक ने राजस्व कर्मचारी पर रिश्वत लेने का लगाया आरोप

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



किशनगंज सदर कांग्रेस विधायक कमरुल हुडा ने पोठिया के एक राजस्व कर्मचारी पर दाखिल खारिज के नाम पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है। रिश्वत मांगने का एक ऑडियो भी मीडिया पर वायरल हो रहा है। इधर विधायक ने डीएम से मिलकर राजस्व कर्मचारी के खिलाफ ज्ञापन सौंपा है। डीएम ने जांच कर कार्रवाई करने का भरोसा दिया है। विधायक ने दिए ज्ञापन में कहां है कि उनके विधानसभा क्षेत्र के पोठिया अंचल के बुधरा हल्का के राजस्व कर्मचारी मिथलेश कुमार झा के द्वारा है दाखिल खारिज के नाम पर दस हजार रुपए रिश्वत की मांग की गई।

विधायक ने यह भी उल्लेख किया कि यह भ्रष्टाचार केवल पोठिया अंचल तक सीमित नहीं है, बल्कि जिले के सभी अंचलों में फैला हुआ है। गत दिनों ही निगरानी विभाग ने किशनगंज प्रखंड के राजस्व कर्मचारी राजदीप पासवान को ढाई लाख रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया था, जो इस भ्रष्टाचार की गहराई को दशार्ता है।

जिलाधिकारी विशाल राज ने विधायक का आवेदन प्राप्त कर लिया है और आश्वासन दिया है कि मामले की जांच कराकर नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी।

# महिला सुरक्षा और जागरूकता: महिला कॉलेज में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

कुटुंबा (बिहार) औरंगाबाद जिले के कुटुंबा थाना क्षेत्र के महिला कालेज मुरिला में महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महिला सुरक्षा, सतर्कता, जागरूकता, शिक्षा और पुलिस के प्रति विश्वास की भावना को



लेकर चर्चा की गई।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को महिला सुरक्षा के महत्व के बारे में बताया गया और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस विभाग के अधिकारियों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया और महिलाओं को सुरक्षा के टिप्स दिए।इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें सुरक्षित महसूस कराना था। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने महिला सुरक्षा के लिए काम करने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में थानाध्यक्ष इमरान आलम, एस आई अंजलि कुमारी, ए एस आई कुंदन कुमार, ए एस आई पंकज कुमार,सहित कालेज कर्मी एवं छात्राएं मौजूद थी।

# पटना में सड़क हादसे के दौरान छह घायल

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के फतुहा थाना क्षेत्र में शुक्रवार की देर रात बारातियों से भरी एक स्कॉर्पियो सड़क किनारे खड़े ट्रक से जोरदार टक्कर मार दिया। इस हादसे में गाड़ी के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए और कार में सवार छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा फतुहा के सोनारू मोड़ के पास उस समय हुआ जब स्कॉर्पियो बारातियों को लेकर हाजीपुर से खुसरूपुर लौट रही थी। सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि गाड़ी तेज रफ्तार में थी और अचानक सड़क पर डगमगाने लगी। चालक ने नियंत्रण खो दिया और वाहन सीधे सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि आसपास रहने वाले लोग घरों से बाहर निकल आए। गाड़ी की स्पीड और नियंत्रण खोने की वजह से ये हादसा गंभीर रूप ले लिया। फुटेज में टक्कर की तीव्रता देखकर भी यह अनुमान लगाया जा सकता है कि स्थिति कितनी खतरनाक रही होगी। टक्कर की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के लोगों की नींद खुल गई। वे तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों की मदद की। स्थानीय लोगों ने फौरन फतुहा पुलिस को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल सभी लोगों को फतुहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। कुछ घायलों की हालत बेहद गंभीर थी इसलिए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें पटना रेफर कर दिया। सीएचसी फतुहा के डॉक्टर मंजीत प्रताप ने बताया कि सभी घायलों को उपचार के बाद पटना रेफर किया गया है। इनमें साहिल कुमार और अतुल कुमार की हालत बेहद चिंताजनक बनी हुई है। फतुहा थानाध्यक्ष सदानंद साह ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो को कब्जे में लेकर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस हादसे के कारणों का पता लगाने में जुटी है और यह भी जांच की जा रही है कि क्या चालक शराब के नशे में था या गाड़ी की स्पीड ने हादसे को जन्म दिया।

# पटना में फूड प्वाइजनिंग से सैकड़ो लोग बीमार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के मोकामा प्रखंड के औंटा गांव में आयोजित एक शादी के रिसेप्शन भोज ने बड़ी संख्या में मेहमानों की सेहत पर गंभीर असर डाला। पिछले सप्ताह हुए इस बहू भोज में भोजन करने के बाद 500 से अधिक लोग फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गए थे। शुरूआत में घटना का कारण स्पष्ट नहीं था, लेकिन अब खाद्य विभाग की जांच रिपोर्ट में इसका कारण सामने आ गया है। रिपोर्ट में पनीर और रसगुल्ले को दूषित पाया गया है, जिनमें बैक्टीरिया और फंगस का स्तर खतरनाक सीमा तक पहुंचा हुआ था। खाद्य विभाग द्वारा लिए गए सैंपलों की लैब जांच में पता चला कि पनीर और रसगुल्ला दोनों की गुणवत्ता पूरी तरह खराब थी। फूड इंस्पेक्टर अजय कुमार ने बताया कि परीक्षण में इन खाद्य पदार्थों में बैक्टीरिया और फंगस का स्तर अनुमन्य सीमा से कई गुना अधिक पाया गया। सामान्य तौर पर खाद्य पदार्थों में सूक्ष्म जीवों की संख्या डेढ़ से साढ़े तीन लाख तक स्वीकार्य मानी जाती है, लेकिन जब्त किए गए सैंपलों में यह संख्या 88 लाख से भी अधिक थी। यह आंकड़ा यह स्पष्ट करने के लिए काफी है कि भोजन में मौजूद जीवाणु कितनी मात्रा में थे और उन्होंने लोगों को कितनी तेजी से बीमारी की चपेट में ले लिया। रिपोर्ट में यह भी पाया गया कि हल्दी की गुणवत्ता भी खराब थी, हालांकि इससे इतनी बड़ी संख्या में लोगों के बीमार पड़ने की संभावना कम है। औंटा गांव में बजरंग बली चौक के पास शादी समारोह के अगले दिन बहू भोज आयोजित किया गया था। भोज में 500 से अधिक लोग शामिल हुए थे और सभी ने वहीं पर परोसा गया खाना खाया। रात तक कोई समस्या नहीं हुई, लेकिन अगले दिन सुबह से अधिकांश लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी। लोगों को पेट दर्द, उलटी, दस्त और तेज बुखार जैसी शिकायतें होने लगीं। कुछ ही घंटों में हालत इतनी गंभीर हो गई कि पूरे गांव में अफरातफरी का माहौल बन गया। कई लोग सीधे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और निजी क्लिनिकों की ओर भागे। मरांची पीएचसी, रेफरल अस्पताल और आसपास के निजी अस्पतालों में अचानक भारी भीड़ उमड़ पड़ी। घटना की जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम औंटा गांव पहुंची। वहां टीम ने बीमार लोगों का उपचार शुरू किया और स्थिति पर कड़ी निगरानी रखी। कई मरीजों को गंभीर लक्षणों के कारण रेफी११' अस्पताल भेजा गया। खाद्य विभाग ने तुरंत कार्रवाई करते हुए भोज में उपयोग किए गए पनीर, रसगुल्ले, हल्दी, मसाले और अन्य सामग्रियों के नमूने जब्त किए और उन्हें जांच के लिए भेजा। जांच रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट हो गया कि सड़ा हुआ पनीर और खराब रसगुल्ला ही फूड प्वाइजनिंग की मुख्य वजह थे। विशेषज्ञों का मानना है कि भोजन तैयार करने या उसे सुरक्षित रखने के दौरान स्वच्छता के नियमों का पालन नहीं किया गया। भोज में बड़ी संख्या में मेहमानों को भोजन परोसा जाने वाला था, ऐसे में भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता थी। अक्सर देखा जाता है कि बड़ी मात्रा में पनीर और मिठाइयाँ एक दिन पहले ही खरीद ली जाती हैं और यदि उन्हें ठीक से संरक्षित न किया जाए, तो उनमें फंगस और बैक्टीरिया तेजी से बढ़ जाते हैं। यही कारण यहां भी माना जा रहा है।

# पटना में तेल एजेंसी के मालिक से सवा पांच लाख रुपये की लूट

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के बेऊर थाना क्षेत्र में स्थित आईओसी डिपो (पड़ि) के समीप इतवारपुर गांव जाने वाले मार्ग पर बाइक सवार हथियारबंद बदमाशों ने एक तेल एजेंसी संचालक से 5 लाख 25 हजार रुपये लूटकर फरार हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। पीड़ित बोरिंग रोड के रहने वाले मनोज कुमार ने बताया कि वह बेऊर क्षेत्र में सरसों तेल और रिफाइंड तेल का कारोबार करते हैं। रविवार को वे कलेक्शन का पैसा लेकर इतवारपुर प्रसाद रोड से होते हुए आईओसी डिपो की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सुधा बूथ के पास अचानक यामाहा एफजेड बाइक पर आए दो बदमाशों



ने उन्हें रोक लिया। मनोज के मुताबिक, बदमाशों ने सबसे पहले उन्हें पिस्तौल दिखाकर धमकाया। विरोध का मौका दिए बिना अपराधियों ने रुपए से भरा बैग झपट लिया और रफ्तार से बाइक चलाते हुए मौके से फरार हो गए। कुछ ही क्षण में दोनों बदमाश आंखों से ओझल हो गए। लूट की वारदात होते ही आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल बेऊर थाना पुलिस को खबर दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने पीड़ित से प्रारंभिक पूछताछ की और आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटनास्थल के आसपास कई प्रतिष्ठानों और घरों में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। फुटेज की मदद से अपराधियों की पहचान की कोशिश की जा रही है। थानाध्यक्ष ने यह भी कहा कि आसपास के इलाकों में चेकिंग बढ़ा दी गई है, और अपराधियों की गिरफ्तारी जल्द की जाएगी। स्थानीय दुकानदारों ने कहा कि बेऊर थाना क्षेत्र में पिछले कुछ समय से अपराधियों के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। आए दिन चोरी, छिनतई और लूट की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे व्यापारियों में असुरक्षा की भावना बढ़ती जा रही है। उनका कहना है कि पुलिस की गश्ती और निगरानी और अधिक सख्त होनी चाहिए। पुलिस ने पूरे इलाके में नाकेबंदी कर दी है और अपराधियों के संभावित रास्तों पर नजर रखी जा रही है। अधिकारियों ने दावा किया है कि फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर लुटेरों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# श्रमजीवी पत्रकार यूनियन ने बिहार विधानसभा अध्यक्ष को सौंपा मांगपत्र

- ईपीएफ की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग
- मीडिया संस्थानों से जुड़े निचले स्तर के पत्रकारों को भी दिया जाए पेंशन

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के सदस्यों ने पत्रकार पेंशन योजनाझ2019 में शिथिलता प्रदान करने की मांग को लेकर बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार को एक ज्ञापन सौंपा। इस दौरान यूनियन महासचिव मुकुंद कुमार, उपाध्यक्ष आकाश कुमार, पटना जिला महासचिव प्रेम कुमार, गया जिला कमिटी के अध्यक्ष रंजन सिन्हा और सदाय आर्यन रंजन ने उन्हें विधानसभा अध्यक्ष बनने पर बधाई दी तथा पत्रकारों की समस्याओं से अवगत कराया। ज्ञापन में बताया गया कि राज्य सरकार द्वारा पत्रकारों की मासिक पेंशन राशि छह हजार रुपये से बढ़ाकर पंद्रह हजार रुपये करना सराहनीय कदम है। इसके लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और विधानसभा अध्यक्ष को धन्यवाद दिया गया। लेकिन पेंशन योजना की नियमावली इतनी कड़ी कर दी गई है कि राज्य के लगभग 95 प्रतिशत पत्रकार इसके दायरे से बाहर हो गए हैं। यूनियन ने अपने ज्ञापन में कहा कि पेंशन नियमावलीझ2019 में ईपीएफ (कर्मचारी भविष्य निधि) की अनिवार्यता का कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है। इसके बावजूद कई मामलों में ईपीएफ को अनिवार्य शर्त के रूप में लागू किया जा रहा है। इससे छोटे और क्षेत्रीय मीडिया संस्थानों में काम करने वाले पत्रकार, जिन्हें न तो ईपीएफ मिलता है और न ही नियमित वेतन पर्ची, पेंशन से वंचित रह जाते हैं। जबकि सबसे अधिक जरूरत इन्हीं पत्रकारों को है, जो सीमित संसाधनों और कम मानदेय में भी अपनी जिम्मेदारी ईमानदारी से निभा रहे हैं। इसी आधार पर यूनियन ने मांग की कि ईपीएफ शर्त में शिथिलता दी जाए और सेवा अवधि के प्रमाण के रूप में मानदेय भुगतान पर्ची, एक्रिडेशन कार्ड या बिहार डायरी में अंकित नाम को स्वीकार किया जाए। ज्ञापन प्राप्त करने के बाद विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने आश्वासन दिया कि वह शीघ्र ही इस विषय पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से बातचीत करेंगे और पत्रकारों के हित में आवश्यक निर्णय के लिए प्रयास करेंगे। उनके इस आश्वासन से पत्रकार समुदाय में नई उम्मीद जगी है। वहीं विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने कहा कि वे श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के साथ हमेशा खड़े रहेंगे। उन्होंने बताया कि पत्रकारों की मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार किया जाएगा और सभी मामलों के निष्पादन के लिए अथक प्रयास किया जाएगा।

# पटना जंक्शन से रेल पुलिस ने किया तीन चोरों को गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ राजधानी के पटना जंक्शन पर रेल पुलिस ने शुक्रवार की देर रात एक महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए तीन चोरों को गिरफ्तार किया। भीड़भाड़ वाले प्लेटफॉर्म नंबर दो से पकड़े गए इन युवकों के पास से चोरी किए गए तीन मोबाइल फोन भी बरामद किए गए। जानकारी के अनुसार पिछले कई दिनों से रेल थाने की पुलिस को सूचना मिल रही थी कि कुछ युवक पटना जंक्शन पर घूम-घूमकर यात्रियों का मोबाइल और बैग चोरी कर रहे हैं। शुक्रवार की रात गश्त के दौरान पुलिस ने प्लेटफॉर्म नंबर दो पर तीन संदिग्ध युवकों को देखा। पुलिस को देखते ही वे घबराहट में इधर-उधर देखने लगे और भागने का प्रयास करने लगे। जिसके बाद पुलिस ने तुरंत उन्हें पकड़ लिया। तलाशी में तीन मोबाइल फोन मिले। जिनके बारे में युवकों ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया। जब कड़ाई से पूछताछ की गई तो उन्होंने चोरी की घटनाओं में शामिल होने की बात स्वीकार कर ली। पुलिस ने जिन युवकों को पकड़ा है उनकी पहचान बेगूसराय निवासी रूपेश कुमार, गर्दनीबाग निवासी उमेश और नालंदा निवासी प्रतीक के रूप में हुई है। ये सभी युवक अक्सर पटना जंक्शन पर घूमते रहते थे और भीड़ का फायदा उठाकर चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। पूछताछ में उन्होंने बताया कि चोरी के बाद मोबाइल फोन बेहद कम दाम पर बेच दिए जाते हैं और उससे मिलने वाले पैसों का उपयोग वे नशे के सेवन में करते हैं। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे सिर्फ अकेले नहीं, बल्कि एक संगठित गिरोह के सदस्य हैं। युवकों के बयान के बाद पुलिस को अब इस बात का पता लगाना है कि गिरोह का संचालक कौन है और यह नेटवर्क कितने लोगों तक फैला हुआ है। रेल पुलिस ने बताया कि आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां हो सकती हैं। विशेष गश्ती दल तैयार किया जा रहा है, जो प्लेटफॉर्म, एंट्री गेट और टिकट काउंटर के आसपास संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखेगा।

# बाबरी मस्जिद विध्वंस की घटना को लेकर पुलिस द्वारा चलाया गया विशेष सतर्कता अभियान

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

कुटुंबा (बिहार) औरंगाबाद जिले के कुटुंबा थाना क्षेत्र में 6 दिसंबर 1992 को बाबरी मस्जिद के विध्वंस की घटना को लेकर पुलिस ने विशेष सतर्कता



अभियान चलाया है। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा शोक दिवस मनाया जा रहा है। इसको लेकर अलर्ट जारी किया गया है और थाना क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया जा रहा है ।थानाध्यक्ष ने कहा कि ने शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए सभी संवेदनशील जगहों पर पुलिस की व्यवस्था किया गया है और पेट्रोलिंग की गई और सभी से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई है।

# हजारीबाग में निकली शौर्य यात्रा, पदमा इकाई के बजरंग दल कार्यकताओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

**पंकज कुमार पाठक, संवाददाता — दैनिक समाज जागरण**



पदमा-हजारीबाग में बजरंग दल द्वारा शनिवार को निकाली गई शौर्य यात्रा में जिलेभर के कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा की शुरूआत बड़ा अखाड़ा मंदिर से हुई और यह झंडा चौक, गोविंद सिंह रोड, नवाबगंज रोड, छठ तालाब स्थित पानी टंकी तथा पैगोडा चौक होते हुए पुनः बड़ा अखाड़ा मंदिर में संपन्न हुई। पूरे मार्ग में रामभक्तों का जोश देखने लायक था, जहां कार्यकर्ता डीजे की धुनों पर झूमते नजर आए।

इस शौर्य यात्रा में बजरंग दल पदमा के प्रमुख कार्यकताओं में प्रशांत सिंह, प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता, मंत्री ऋषिकेश मेहता, अखाड़ा प्रमुख विशाल सोनी, प्रखंड संयोजक पंकज मेहता, उज्ज्वल पांडेय, राहुल कुमार, रोहित कुमार, आकाश कुमार सहित कई सदस्य शामिल थे।

# नेट हाउस से मिलेंगे खेती के फायदे

## बेड़ाहरियारा में होंगे अच्छी गुणवत्ता के खेती

**राहुल कुमार गुप्ता, संवादाता विष्णुगढ़, दैनिक समाज जागरण**

विष्णुगढ़। प्रखंड के बेड़ाहरियारा



पंचायत में उड्डयन विभाग के द्वारा नेट हाउस का निर्माण किया गया जिससे किसानों को नेट हाउस में खेती के कई फायदे होंगे जिससे किसानों को अच्छी खेती के साथ साथ अच्छी खासी आमदनी की भी उम्मीद है।बताते है नेट हाउस में खेती के कई फायदे है सीधी धूप और तेज बारिश से फसलों की सुरक्षा,फसलों में कीट और संक्रमण फैलने की संभावना कम,हर मौसम में खेती संभव साथ ही फसलों की गुणवत्ता भी बेहतर होती है।विभाग से नेट हाउस की सुविधा मिलने पर दोनों लाभुकों ने खुशी जाहिर करते हुए विभाग का आभार व्यक्त किया।

क्या कहते है लाभुक



राखी देवी, निवासी बेड़ाहरियारा

उन्होंने बताया नेट हाउस की सुविधा मिलने से हर मौसम में खेती संभव है टमाटर,खीरा,शिमला मिर्च,पत्तेदार सब्जियों में धनिया,पालक,मेथी और नर्सरी पौधे तैयार कर अच्छी खासी आमदनी होने की संभावना है।



सबिता देवी,निवासी बेड़ाहरियारा

सबिता देवी ने बताया सब्जियां के साथ साथ गुलाब,जरबेरा और गेंदा जैसे फूल तैयार कर सकते है नेट हाउस में उगाई गई फसलों से मिलने वाले उत्पादों की गुणवत्ता बेहतर होती है।उम्मीद है नेट हाउस में खेती कर जीवन यापन कर सकते है।

# बाबरी मस्जिद नाम से शिलान्यास पत्थर रखे जाने पर राजनीति तेज, बीजेपी नेता लकीट चटर्जी का टीएमसी पर बड़ा हमला

**कोलकाता/बेलदांगा, पश्चिम बंगाल।** बेलदांगा में निलंबित टीएमसी विधायक हुमायूं कबीर द्वारा ह्यबाबरी मस्जिदह्व नाम से शिलान्यास पत्थर रखने के मामले ने राजनीतिक माहौल गरमा दिया है। इस घटना पर बीजेपी नेता लकीट चटर्जी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है और इसे संवेदनशील विषय के साथ खिलवाड़ बताया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि हुमायूं कबीर इतिहास को तोड़ने-मरोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। चटर्जी ने दावा किया कि टीएमसी सरकार और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा किया गया उनका निलंबन केवल दिखावा है ताकि राजनीतिक लाभ लिया जा सके।

# हजारीबाग में विहिप-बजरंग दल की शौर्य यात्रा निकली, शहर में रहा उत्साहपूर्ण माहौल

**पंकज कुमार पाठक, संवाददाता दैनिक समाज जागरण**



हजारीबाग- विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल द्वारा शनिवार को हजारीबाग नगर में शौर्य यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा बड़ा अखाड़ा परिसर से प्रारंभ हुई और निर्धारित मार्गों से गुजरते हुए शांतिपूर्वक संपन्न हुई। आयोजन के दौरान बड़ी संख्या में सहभागी उपस्थित रहे तथा पूरे मार्ग में उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला।

यात्रा से पूर्व बड़ा अखाड़ा परिसर में एक सभा आयोजित की गई। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी एवं भाजपा नेता श्रद्धानंद सिंह, मुख्य वक्ता विहिप के प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, बड़ा अखाड़ा के महंत विजयानंद दास, विहिप के जिला मंत्री अरविंद मेहता, बजरंग दल के विभाग संयोजक प्रशांत सिंह, जिला संयोजक जय सोनी, विहिप के रवि पांडेय, भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

सभा का संचालन अरविंद मेहता ने किया। स्वागत भाषण में प्रशांत सिंह ने यात्रा की रूपरेखा साझा करते हुए शांतिपूर्ण सहभागिता की अपील की। वक्ताओं ने धार्मिक परंपराओं, आस्था, इतिहास और सामाजिक समरसता पर अपने विचार व्यक्त किए।

सभा के बाद शौर्य यात्रा बड़े अखाड़ा से प्रारंभ हुई। यात्रा की अगुवाई भगवान श्रीराम की प्रतिमा से सजाए गए रथ द्वारा की गई। जुलूस कुआं चौक, झंडा चौक, पैगोडा चौक, गुरु गोविंद सिंह रोड, अन्नदा चौक, छठ तालाब चौक होते हुए मुख्य मार्ग से वापस बड़ा अखाड़ा पहुंचकर संपन्न हुआ। मार्ग में शामिल प्रतिभागियों द्वारा नृत्य, पारंपरिक कला और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी दी गईं।यात्रा के दौरान शहर का वातावरण उत्साहपूर्ण रहा और कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने स्वागत भी किया। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस-प्रशासन की तैनाती पूरे मार्ग में की गई, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।

# बोकारो थर्मल बैंक ऑफ इंडिया शाखा में 1 करोड़ के ऋण वितरित

## जोनल अधिकारी दुर्गेश कुमार मिश्रा ने ग्राहकों को वित्तीय जागरूकता का दिया संदेश।

**भुनेश्वर कुमार महातो,**
**संवाददाता – समाज जागरण**



बेरमो / डुमरी : बोकारो जोनल अनुपालन अधिकारी दुर्गेश कुमार मिश्रा ने शनिवार को बेरमो अनुमण्डल क्षेत्र स्थित बोकारो थर्मल बैंक ऑफ इंडिया शाखा का औपचारिक दौरा किया। इस दौरान बोकारो थर्मल बैंक ऑफ इंडिया शाखा प्रबंधक रामरतन प्रताप के साथ मिलकर उन्होंने विभिन्न ऋण योजनाओं के अंतर्गत चयनित लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर कुल 1 करोड़ के ऋण वितरित किए गए। जिनमें दो एर्टिगा, एसएमई ऋण तथा दो कृषि ऋण शामिल थे। इस दौरान दुर्गेश कुमार मिश्रा ने उपस्थित ग्राहकों को बैंक की विभिन्न सुविधाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दिया और अपने जोनल प्रबंधक अश्वनी कुमार मित्तल को सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा ऐसे ग्राहक सम्मेलन से वित्तीय जागरूकता बढ़ती है। तथा सभी समस्याओं का बैंक संबंधित खाताधारकों के सहयोग से संभव है। उन्होंने बैंक कर्मियों से मित्रता व्यवहार बनाए रखने की भी अपील की। मौके पर प्रबंधक सुजीत कुमार, लोन ऋण गौरव कुमार सिंह, हीना परवेज,शालिनी शर्मा, अभिषेक कुमार, रवि रंजन पाठक, महेंद्र कुमार, अमित कुमार सिंह, शिवचरण हेंब्रम आदि लोग उपस्थित थे।

# कोल्हान के युवाओं के विदेश सपनों को मिला नया उड़ानस्काई वर्ल्ड कंसल्टेंसी में इंटरव्यू राउंड संपन्न

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण,ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**



सरायकेला खरसावां (झारखंड) 06 दिसंबर 2025: कोल्हान के युवाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर करियर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्काई वर्ल्ड कंसल्टेंसी द्वारा आज विशेष इंटरव्यू सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में सरायकेला-खरसावां, पश्चिम सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम और कोल्हान के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए।

कंसल्टेंसी के विशेषज्ञ पैनल ने तकनीकी एवं नॉन-टेक्निकल दोनों क्षेत्रों के अभ्यर्थियों का इंटरव्यू लिया। जिन उम्मीदवारों का चयन हुआ, उनके पासपोर्ट तुरंत जमा कर लिए गए हैं और विदेश भेजने की औपचारिक प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।कंसल्टेंसी के प्रतिनिधियों ने बताया कि कोल्हान के प्रतिभाशाली युवाओं को वैश्विक रोजगार बाजार से जोड़ने की दिशा में यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

इंटरव्यू ड्राइव में युवाओं की भारी भागीदारी और उत्साह ने आयोजन को सफल बनाया। इस पहल के माध्यम से कोल्हान के कई युवाओं के अंतरराष्ट्रीय करियर के सपनों को नई दिशा और मजबूत आधार मिला है।

# ऊपरघाट के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरई में हुई शिक्षकों की कमी

**भुनेश्वर कुमार महातो , संवाददाता – समाज जागरण**

बेरमो / ऊपरघाट : बेरमो अनुमण्डल क्षेत्र के ऊपरघाट स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरई के 2 शिक्षक संतोष सर और परमेश्वर सर का सरकारी स्कूल में चयन होने से पठन पाठन में दिक्कत हो रही है । विद्यालय की छात्र - छात्रा अंशु पांडेय, लक्ष्मी कुमारी, पूजा कुमारी, साँवी कुमारी, सिखा कुमारी निखिल महतो लालचंद महतो, मोनिका कुमारी, सबनम खातून,



पूनम कुमारी, सोनाली कुमारी ने शिक्षकों की कमी की नाराजगी चेहरे पे साफ दिखाई। वही खाली समय में सांसद प्रतिनिधि दीपू अग्रवाल ने 6, 7 ओर 8 के बच्चों के बीच प्रखंड के अंचल अधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारि, थाना प्रभारी के बारे में जानकारी दिया और उनके द्वारा होने वाले कार्यों के बारे में जानकारी दिया। बच्चों को खुले मिजाज से अनेकों प्रकार की दैनिक जानकारियां दी गई। जिसे बच्चों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। साथ ही सांसद प्रतिनिधि ने बच्चों को जल्द ही उपायुक्त से बात कर शिक्षक की कमी को दूर करने का आश्वासन दिया । उन्होंने बताया की पहले इस विद्यालय पे 4 शिक्षक थे जिसमें 2 शिक्षक की चयन सरकारी में हो गया है जिससे बच्चों को दिक्कत हो रही है । राजेश महतो, लक्ष्मी कुमारी, नैतिक मंडल, मनीष महतो, गणेश मंडल, सुमन कुमारी, सिखा कुमारी, निखिल महतो, लालचंद महतो, पूजा कुमारी, अंशू पांडेय, आदि छात्र छात्र-छात्राओं ने संवाददाता को बताया कि शिक्षकों की कमी से पठन-पाठन में कठिनाइयां आ रही है।

# स्थलीय परीक्षण के बाद सरयू राय ने आमबागान की खस्ताहालत पर उपायुक्त को लिखा पत्र

## कारों-बसों की अवैध पार्किंग का अड्डा बन गया है नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आमबागान मैदान : सरयू राय

**समाज जागरण 06.12.2025**
**चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**
**पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने शनिवार को पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त को पत्र लिख कर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आमबागान मैदान की स्थिति सुधारने के संबंध में आग्रह किया है। उन्होंने लिखा है कि आमबागान मैदान कार-बसों की अवैध पार्किंग और अवैध गैरेज का अड्डा बन गया है।

सरयू राय ने उपायुक्त को लिखे पत्र में कहा है कि साकची स्थित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आमबागान मैदान में स्थापित नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की प्रतिमा को संरक्षित करने और प्रतिमा स्थल का सौंदर्यीकरण करने के लिए उनकी अनुशंसा पर विधायक निधि से कार्य हो रहा है। कार्य का अवलोकन करने के लिए शनिवार को वह जब लोगों के साथ आमबागान मैदान पहुंचे तो उन्हें यह देख कर आश्चर्य हुआ कि यह मैदान पूरी तरह से कारों-बसों की अवैध पार्किंग का अड्डा बन गया है। इतना ही नहीं, यह अवैध गैरेज का भी अड्डा बन गया है।

सरयू राय ने लिखा कि मैदान में घुमन्तु किस्म के लोगों ने भी प्लास्टिक का झोपड़ीनुमा घर बनाकर रहना शुरू कर दिया है। मैदान के अंदर अस्थायी दुकानें बना दी हैं, अतिक्रमण कर लिया है। मैदान के एक कोने में कश्मीरी उलैन मेला लगा हुआ है। कुल मिलाकर यह मैदान अवैध गतिविधियों का अड्डा बन कर रह गया है।

श्री राय ने लिखा कि 2014 से 2019 तक वह जमशेदपुर पश्चिम क्षेत्र से विधायक थे। उस समय टाटा स्टील की इकाई जुस्को द्वारा मैदान की घेराबंदी और सौंदर्यीकरण का कार्य आरंभ किया था। यह कार्य किसी कारणवश पूरा नहीं हो सका। उस समय बंगाल क्लब, नेताजी



सुभाष परिषद् एवं अन्य संगठनों की मांग पर इस मैदान का नाम नेताजी सुभाष चेन्द्र बोस आमबागान मैदान रखने की पहल हुई थी। मैदान में जमशेदपुर पश्चिम के पूर्व विधायक स्वर्गीय मृगेन्द्र प्रताप सिंह की विधायक निधि से नेताजी की एक छोटी सी प्रतिमा स्थापित की गई थी, जिसके ऊपर छतरी लगाने और घेराबंदी करने का काम विधायक निधि से उनकी (श्री राय) अनुशंसा पर हुई है।

श्री राय ने लिखा है कि उन्होंने प्रतिमा स्थल के पास एक पट्ट लगाकर उस पर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की महान स्वतंत्रता अभियान का रूट चाट भी अंकित करवाया। इससे पता चलता है कि नेताजी किस तरह अपने कोलकाता स्थित घर से वेश बदलकर गोमो आए और वहां से रेलयात्रा कर कई कठिनाइयों का सामना करते हुए जर्मनी गये। फिर वह वहां से पनडुब्बी से सिंगापुर पहुँचे और सिंगापुर से जापान पहुंचकर उन्होंने अजाद हिंद फौज की स्थापना की। यह मैदान नेताजी सुभाष चन्द्र बोस का स्मृति स्थान है, स्वतंत्रता संग्राम की एक धरोहर है। इस मैदान को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के स्मृति स्थल के रूप में विकसित करने का पूर्व में दिया गया उनका प्रस्ताव विचाराधीन है। इस मैदान का नामकरण विधिसम्मत तरीके से नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आमबागान मैदान करने, मैदान की घेराबंदी करने, इसका सौंदर्यीकरण करने तथा इसे सुरम्य स्थल के रूप में विकसित करने की कार्य योजना को अंतिम रूप देना आवश्यक प्रतीत हो रहा है। इस बारे में टाटा स्टील लिमिटेड के सहयोग की भी अपेक्षा है।

सरडू राय ने उपायुक्त से अनुरोध किया कि जिला प्रशासन, जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति तथा टाटा स्टील लिमिटेड के परस्पर सहयोग से इस मैदान का सौंदर्यीकरण करने तथा इसे नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के स्मृति स्थल के रूप में विकसित करने के संबंध में आवश्यक कारवाई करें।

श्री राय के साथ स्थलीय भ्रमण के दौरान राजा चौधरी, भागवत मुखर्जी, सोमियो सेन, सुबोध श्रीवास्तव, अजय कुमार, परमिंदर सिंह पन्नू, दुर्गा राव, अमृता मिश्रा, नीरज सिंह, तारक मुखर्जी, संजीव मुखर्जी, पप्पू सिंह, पवन सिंह, शेषनाथ पाठक, पिंटू सिंह, संतोष भगत, अशोक सिंह, विनोद सिंह, ममता सिंह, मृत्युंजय कुमार सिंह, प्रवीण सिंह, विवेक पांडेय, शंकर कर्मकार, बबलू कुमार, मुश्ताक अहमद, टुनटुन सिंह, राघवेंद्र प्रताप सिंह, अर्जुन यादव, विजय सिंह, आकाश शाह, रविशंकर सिंह, त्रिलोचन सिंह, दिनेश कुमार, महुआ चक्रवर्ती, ममता ठाकुर, रीना डे, पूजा महानंद, मंजू सिन्हा, सुष्मिता सरकार, जया देवी, माधव सिंह, नानू राव, राजीव सिंह, मनोज सिंह आदि मौजूद रहे।

# मण्डल कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर का पुण्य तिथि आयोजित हुआ।

**दैनिक समाज जागरण 06.12.2025 चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

जमशेदपुर टाटानगर मण्डल, बागबेड़ा मण्डल, करनडीह-घाघीडीह मण्डल कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर जी का पुण्य तिथि तीनों मण्डल कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में मण्डल अध्यक्ष टाटानगर मुन्ना मिश्रा, बागबेड़ा मण्डल अध्यक्ष राजनारायण यादव, करनडीह-घाघीडीह



मण्डल अध्यक्ष रंजन सिंह के नेतृत्व में पुण्य तिथि के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष परविंदर सिंह एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने नमन किया। इस अवसर छात्रों के बीच पाठ्य सामग्री में कांपी, पेन, पेंसिल का वितरण जिलाध्यक्ष परविंदर सिंह के करकमलो से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्रखण्ड अध्यक्ष आशीष ठाकुर, प्रखण्ड संगठन प्रभारीगण राजा सिंह राजपूत, सुल्तान अहमद, राजेन्द्र सिंह, अमरजीत नाथ मिश्रा, संजय झा संत, चिन्ना राव, भवनाथ सिंह, केडी मुंडा, रवि यादव, विक्की ओझा, लखन सिंह, सविता कच्छप, सोनी कुमारी, एवं और भी लोग उपस्थित थे।

# जबलपुर में स्वदेशी रथ यात्रा का भव्य आयोजन–व्यापारियों, सामाजिक संगठनों, एवं नागरिकों की ऐतिहासिक सहभागिता

**समाज जागरण**

कॉन्फिडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) (भारतीय व्यापारी संघ) एवं स्वदेशी जागरण मंच द्वारा मध्य प्रदेश में चल रहे स्वदेशी अभियान के अंतर्गत आज जबलपुर में आयोजित स्वदेशी रथ यात्रा अत्यंत उत्साहपूर्ण एवं ऐतिहासिक रही। शहर भर में स्वदेशी उत्पादों के उपयोग, स्थानीय व्यापार को बढ़ावा एवं आत्मनिर्भर भारत के संदेश का व्यापक प्रसार हुआ।

स्वदेशी रथ यात्रा का शुभारंभ माननीय सांसद श्री आशीष दुबे जी द्वारा भगवा ध्वज दिखाकर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज में उपस्थित होकर स्वदेशी अपनाओ, मेड इन इंडिया के तहत करे खरीदी पर संबोधन दिया, स्वदेशी मेला, गोल बाजार से ढोल धमाके एवं भारतीय पोशाक नृत्य के साथ प्रारंभ हुई स्वदेशी रथ यात्रा का मार्ग भर नागरिकों, व्यापारियों, दुकानदारों, युवाओं और सामाजिक संस्थाओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

वहां से होते हुए मालवीय चौक पर व्यापारी संघ में फूल वर्ष से इस यात्रा का स्वागत अभिनंदन किया, जिसमें वहां के व्यापारी का समूह एकत्रित होकर इस रैली में शामिल होता गया, रथ यात्रा के आगे चलते हुए सुपर मार्केट में व्यापारियों द्वारा पुष्पवर्षा से सभी का स्वागत अभिनंदन किया गया, इसी तरह आगे गंजीपुरा व्यापारी, लाडगंज व्यापारी संघ से होते हुए कमरिया गेट, कोतवाली की तरफ इस यात्रा ने अपना भव्य रूप ले लिया, इस यात्रा में व्यापारी के साथ जन - जन अपनी सहभागिता से जुड़ते चले गए,

सराफा बाजार चौक में सामूहिक शपथ ग्रहण में – हजारों लोगों की भागीदारी देखी गई, सराफा बाजार में आयोजित स्वदेशी शपथ ग्रहण कार्यक्रम में मध्य प्रदेश सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष राजा सराफ एवं जबलपुर सराफा बाजार एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय बख्तावर, सुरेश सराफ, एवं अमित अग्रवाल,ओम सोनी, नवीन सराफ, सतेन्द्र सोनी, के साथ पूरे संगठन के सभी कार्यकारिणी सदस्य ने उपस्थित जनसमूह को ‰स्वदेशी अपनाओ‰देश बनाओ‰ का संकल्प दिलाया। इस कार्यक्रम में कैट एवं स्वदेशी जागरण मंच के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य एवं सराफा बाजार एसोसिएशन के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य, गोल बाजार, लाडगंज, बड़ा फव्वारा और अन्य व्यापारिक क्षेत्रों के संगठनों ने बड़ी संख्या में भागीदारी की। यह स्वदेशी रथ यात्रा अपने विशाल रूप के साथ मिलोनी गंज होते हुए दमोह नाका से होते हुए अधारताल बिरसामुंडा चौक से इंडस्ट्रियल एरिया से होते हुए शोभापुर, गोकलपुर मैन बाजार से गुजरते हुए रांझी मैंन रोड पहुंची , वहां स्वदेशी रथ यात्रा का भव्य समापन – राँझी, मोनी डेरी तिराहा पर माननीय विधायक श्री अशोक रोहाणी की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ।

समापन समारोह में रथ यात्रा की सफलता पर नागरिकों एवं संगठनों को धन्यवाद दिया गया। कैट जबलपुर अध्यक्ष राजीव बड़ेरिया ने सभी को स्वदेशी अपनाओ शपथ ग्रहण करवाया, कैट प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र पचौरी ने स्वदेशी समान की शुरूआत अपने घर से करनी चाहिये ,इस यात्रा में कैट के प्रदेश नेतृत्व से पदाधिकारी भी शामिल रहे–

श्री राजीव खंडेलवाल, प्रदेश महामंत्री, कैट (खंडवा),श्री गोविंददास असाटी, प्रदेश प्रभारी, स्वदेशी संकल्प यात्रा (छतरपुर), स्वदेशी जागरण मंच के कार्यकारिणी सदस्य राघवेन्द्र प्रताप सिंह उपस्थित हुए,

कैट एवं संघ से एवं स्वदेशी जागरण मंच के कई पदाधिकारी एवं सदस्य जिसमें की कैट प्रदेश संरक्षक संदेश जैन, संभागीय अध्यक्ष दीपक सेठी, प्रदेश मंत्री रोहित खटवानी, जबलपुर महामंत्री संजय चड्ढा, संगठन मंत्री मनोज जसाठी, कोषाध्यक्ष एडवोकेट राजीव नेमा, उपाध्यक्ष निखिल पावा, पिंकी जैन, मनु शरत तिवारी, मुकेश अग्रवाल,राधे श्याम अग्रवाल, आशु इंदुरखाया, धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, राजेश ढींगरा, जानू जैन, राजा नागदेव, विक्की कौशल, मेवालाल घिरोलिया, राजीव गुप्ता (आईटी पार्क), आशु अग्रवाल, एवं महिला विंग से सीमा सिंह चौहान, कुसुम चौबे, प्रतिभा जैन, नम्रता भाटिया, वंदना आनंद, एडवोकेट शलिनी, श्रीवास्तव, उपस्थित रहे,इस यात्रा की विशिष्टता रहा कि कई धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं एवं जबलपुर के कई प्रतिनिधियों ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी की, जिनमें प्रमुख रूप से–

व्यवसायी समुदाय के प्रतिनिधि, इन्होंने स्वदेशी‰आत्मनिर्भर भारत संदेश का समर्थन करते हुए यात्रा के दौरान स्वागत, मेजबानी और सहभागिता निभाई। इसके अलावा निम्न प्रमुख संस्थाओं का उल्लेखनीय सहयोग देखा गया,सभी संगठनों ने मिलकर इस यात्रा को शहरव्यापी जनआंदोलन का रूप दिया।

इस पर नागरिकों के लिए धन्यवाद संदेशकैट, एवं स्वदेशी जागरण मंच जबलपुर ने समस्त व्यापारियों, सामाजिक संगठनों, एवं स्कूल कॉलेज के युवाओं और नागरिकों का आभार व्यक्त किया है, जिन्होंने मौसम, समय और व्यस्तताओं के बावजूद जबलपुर की सड़कों पर उतरकर स्वदेशी का समर्थन किया।

आज की यात्रा ने यह सिद्ध किया कि जबलपुर स्वदेशी‰आत्मनिर्भर भारत अभियान का मजबूत केंद्र है।

# श्रीभूमि जिले के रामकृष्णनगर में करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास

## विधायक विजय मालाकार ने जनसभा में दिए त्वरित समाधान के आश्वासन

**श्रीभूमि संवाददाता,**
**दैनिक समाज जागरण**

रामकृष्णनगर (श्रीभूमि)। जिले के नवगठित रामकृष्णनगर विधानसभा क्षेत्र में शुक्रवार को करोड़ों रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया गया। लोकप्रिय विधायक विजय मालाकार ने क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेते हुए स्वास्थ्य, शिक्षा और पोषण से संबंधित महत्वपूर्ण योजनाओं का शुभारम्भ किया।

वर्तमान सरकार द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के नेतृत्व में चलाए जा रहे सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। इसी कड़ी में रामकृष्णनगर में लगभग 1 करोड़ रुपये से अधिक की समूह परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया।




**देवद्वार में नए सब सेंटर का उद्घाटन**

विधायक विजय मालाकार ने देवद्वार इलाके में 50 लाख 94 हजार रुपये की लागत से बने नए सब सेंटर का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर स्थानीय महिलाओं ने स्वास्थ्य सुविधाओं में हुए सुधार पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि उन्होंने पहली बार किसी विधायक को इतने सक्रिय रूप में कार्य करते देखा है।

**दो मॉडल आंगनवाड़ी केंद्रों का शिलान्यास**

देवद्वार इलाके में दो मॉडल आंगनवाड़ी केंद्रों की आधारशिला रखी गई, जिन पर लगभग 50 लाख रुपये व्यय किए जाएंगे। स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई कि ये आंगनवाड़ी केंद्र बच्चों और माताओं के स्वास्थ्य व पोषण सुधार में बड़ी भूमिका निभाएंगे।

**गर्ल्स हाई स्कूल में नए कक्षा भवन की आधारशिला**

इसके बाद विधायक मालाकार गर्ल्स हाई स्कूल, कॉलेज रोड पहुंचे, जहां उन्होंने 18 लाख 97 हजार रुपये की लागत से नए कक्षा भवन एवं गणित तथा विज्ञान प्रयोगशालाओं की आधारशिला रखी। यह सुविधा लंबे समय से छात्रों की मांग थी।

**विशाल जनसभा में समस्याओं के समाधान का आश्वासन**

देवद्वार शिव मंदिर परिसर में आयोजित एक विशाल जनसभा में विशेषज्ञों और पंचायत प्रतिनिधियों ने क्षेत्र की समस्याओं को साझा किया। विधायक विजय मालाकार ने सभी समस्याओं के त्वरित समाधान का आश्वासन देते हुए कहा कि विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

कार्यक्रम में श्रीभूमि जिला भाजपा के सह-अध्यक्ष विश्वतोष सेन, वार्ड कमिश्नर संदीप दत्त, स्थानीय गणमान्य लोगों सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लीला फाउंडेशन में मुख्य अतिथि तेजपाल सिंह सहरावत को रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया आठवाले का राष्ट्रीय सचिव ने दीप जलाकर कार्यक्रम आरम्भ किया

**अश्विनी वालिया**

आज रामदास आठवले मंत्री सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार व राष्ट्रीय अध्यक्ष रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इण्डिया आठवाले के निवास स्थान पर अध्यक्ष जी ने तेजपाल सिंह सहरावत को राष्ट्रीय सचिव रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले) तेजपाल सिंह सहरावत ने आज दिल्ली में आंध्र भवन में महान तेलुगू सिने गायक ने गायक ने गायक स्व घाटशाला जी की मूर्ति आयोजन में छत्तीसगढ़ तेलुगू महासंगम की ओर से कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर तेज पाल सिंह सहरावत राष्ट्रीय सचिव और तेलगाना से अप्ला नायडू काली सेटी लोकसभा सांसद आंध्रप्रदेश टीडीपी और डॉ रविन्द्र पुजारिया हाई कोर्ट जज दिल्ली श्री रतनलाल एसीपी दिल्ली पुलिस संयोजक, डॉ आदित्य नारायण राष्ट्रीय अध्यक्ष आदित्य लीला फाउंडेशन, मुख्य अतिथि तेजपाल सिंह सहरावत ने दीप जलाकर कार्यक्रम को आरंभ किया ओर प्रतिभाशाली लोगों को अवॉर्ड देकर सम्मानित किया।

श्री रामदास आठवले मंत्री सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इण्डिया आठवाले के अश्विनी कुमार वालिया प्रदेश मीडिया प्रभारी हरियाणा ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री तेज पाल सिंह सहरावत जी पिछले करीबन 32 वर्षों से राजनीतिक में सामाजिक संस्थाओं के सरंक्षक और अध्यक्ष के रूप में समाज की सेवा कर रहे है । इसके अलावा कई भारत सरकार मंत्रालय के सदस्य के रूप में काम किया और उन्होंने अपनी पार्टी बनाई जिसका नाम था इसको बीजेपी में विलय कर दिया था । राष्ट्रीय सेवा पार्टी चुनाव चिन्ह कलम दवात ओर कांग्रेस पार्टी में भी ब्लॉक स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक काम करते हुए भारतीय जनता पार्टी बरिष्ट नेता तेजपाल सिंह सहरावत जी दलित, पिछला, महिलाओं और जुर्रतमंद लोगो के हित के लिए काम कर रहे है और समाज की सेवा कर रहे है रामदास आठवले मंत्री सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार व राष्ट्रीय अध्यक्ष रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इण्डिया आठवाले के मंत्री जी ने उनको बड़ी जिम्मेदारी दी उसे पूरी श्रद्धा और निष्ठा से निभा रहे है।





इस अवसर पर मुख्य तौर पर बधाई देने वालो में श्री रामदास आठवले मंत्री सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार व राष्ट्रीय अध्यक्ष रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इण्डिया आठवाले हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष रवि कुंडली (सोनू) जी, डॉ आदित्य नरवान,फूड डायरेक्टर बीजेपी श्री निवास, मानता फिल्म डायरेक्टर आंध्र प्रदेश, रवि कुमार नायडू तेलगांना , डॉ विजय गुप्त अपोलो हॉस्पिटल नोएडा उत्तर प्रदेश एसीपी रतन लाल जी, दिल्ली पुलिस कैप्टन इंदिरा, दीपक कुमार बैंक मैनेजर, दिल्ली, जगबिन्दर जोली जिला पार्षद बीजेपी हरियाणा एडवोकेट मुकेश रंगा रेवाड़ी हरियाणा अजय रंगा, भाजपा नेता हरियाणा सतीश कुमार पजापति, डॉ आशा बीजेपी छत्तीसगढ़ विकास उत्तराखंड देवेंद्र मध्यप्रदेश एस एच ओ पी मीना सिमरन राष्ट्रीय अध्यक्ष बेटी एक लक्ष्य फाउंडेशन, प्रवीण कुमार महाराष्ट्र निगरानी समिति सदस्य वेद प्रकाश दिल्ली योगराज सिंह, राजस्थान पूर्व सदस्य, होम मिनिस्ट्री भारत सरकार हाजी अब्दुल गफार शामली उत्तर प्रदेश, आजाद शर्मा विहार, मुखितयार सिंह सेवली, हरियाणा सोनपाल खेकड़ा, रवि कुंडली प्रदेश अध्यक्ष रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इण्डिया आठवाले , हरियाणा से राजिंदर सिंह रंगा, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इण्डिया आठवाले , हरियाणा पंचकूला से रमेश चौधरी एस मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष, डूर अंत में श्री तेज पाल सिंह सहरावत जी ने आए हुए हजारो लोगों का तहदिल से धन्यवाद किया।

# कबीर रचनाएं समाज में व्यापक बुराईयों को दूर करने में सहायक सिद्ध हुई हैं

**समाज जागरण अश्विनी वालिया कुरुक्षेत्र**

इस युग में (1398-1518) में प्रकट होना एक बहुत बड़ी घटना है। इस युग में प्रकट हुए कबीर साहेब एकमात्र ऐसे कवि एवं समाज सुधारक, विचारक, पाखंड के आलोचक, मानव अधिकारों के प्रबल समर्थक महान संत हैं, जिनकी वाणी आज तक सर्वथा सार्थक है। उक्त विचार सतगुरु कबीर प्रदर्शनी के प्रभारी श्री जय नारायण खटक (कुराड़) प्रधान श्री कबीर धाणक समाज धर्मशाला एवं छात्रावास सभा कुरुक्षेत्र ने अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव बह्लमसरोवर पर बूथ नंबर 565 पर व्यक्त किये। प्रधान जी



ने कबीर साहेब जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन के बारे में बताया कि कबीर साहेब जी ने कैसे किताबी शिक्षा के रहस्यों को पढ़ा भी नहीं फिर भी उसने परमात्मा के रहस्य को कैसे जाना? यह भी सच है की कबीर जैसा अध्ययन या अध्यापन का परिणाम नहीं होते वरना इस युग विशेष में ऐसा महानायक युगपुरुष, महामानव जिसने अपने समकालीन युग में न केवल जनता की इच्छाओं का केवल आदर किया बल्कि उस समय व्याप्त पाखंड पर अपने शब्दों से, अपने दोहो से करारा प्रहार भी किया। उन्होंने कबीर जी के दोहों की चर्चा करते हुए हुए कहा कि उनकी ये रचनाएं समाज में व्यापक बुराईयों को दूर करने में सहायक सिद्ध हुई। माला फेरत जुग भया, फिरा न मन का फेर। कर का मन का डार दे, मन का मनका फेर॥, पानी केरा बुदबुदा, अस मानुस की जात। एक दिना छिप जाएगा, ज्यों तारा परभात॥, दुर्लभ मानुष जन्म है, देह न बारम्बार, तरुवर ज्यों पत्ता झड़े, बहुरि न लागे डार। जैसे दोहे आज भी लोगों को उनकी रचनाओं की याद दिलाते हैं। उन्होंने कहा कि संत कबीर भक्तिकाल के एक मात्र ऐसे कवि थे जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समाज सुधार के कार्यों में लगा दिया। समाज को उनके दिखाए गए आर्दशों पर चलकर अपना जीवन सफल बनाना चाहिए।

# घर में चोरी की वारदात का खुलासा, यूपी पुलिस ने दो आरोपी गिरफ्तार किए, 30 लाख के जेवर बरामद

इटावा। उत्तर प्रदेश पुलिस की अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति के तहत एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना बकेवर क्षेत्र में 21 नवंबर 2025 को हुई योजनाबद्ध चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

इटावा पुलिस की टीम ने दोनों अभियुक्तों को पकड़ते हुए उनके कब्जे से लगभग 30 लाख मूल्य के चोरी किए गए स्वर्ण आभूषण बरामद किए हैं। पुलिस का कहना है कि दोनों आरोपी घटना की प्लानिंग कर लंबे समय से इलाके में सक्रिय थे और पुलिस उनकी गतिविधियों पर नजर बनाए हुए थी। अभियुक्तों के गिरफ्तारी के बाद पुलिस अब मामले में शामिल अन्य लोगों और संभावित गिरोह नेटवर्क की जांच कर रही है। बरामद किए गए आभूषणों की पहचान की प्रक्रिया जारी है, जिसे जल्द ही पीड़ित परिवार को सुपुर्द किए जाने की संभावना है।पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि प्रदेश में संगठित अपराध, चोरी, लूट जैसे मामलों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।

# ऐसे 5 फर्मेंटेड फूड जिनसे मजबूत होती है गट हेल्थ, डाइट में करें शामिल

**हमारी सेहत का सीधा रिश्ता पेट से जुड़ा होता है. अगर पेट सही न हो तो शरीर में समस्याएं आने लगती हैं. लेकिन वहीं, अगर पाचन तंत्र सही तरीके से काम कर रहा हो तो जरूरी पोषक तत्व भी मिल जाते हैं और इम्यूनिटी सिस्टम भी मजबूत रहता है. इसके अलावा एनर्जी और मूड भी बेहतर रहता है. लेकिन आज कल लोगों की डाइट काफी अनहेल्दी हो गई है. बाहर का जंक फूड खा-खाकर लोगों ने अपनी गट हेल्थ बिगाड़ ली है, जिससे गैस, कब्ज और ब्लोटिंग की समस्या होना आम हो गया है.**




गट हेल्थ को बेहतर बनाने के लिए कई ऐसी चीजें हैं जिन्हें आप अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं, जिनमें सबसे असरदार हैं फर्मेंटेड फूड्स. ये ऐसे फूड्स है जिनमें नेचुरली बैक्टीरिया ( प्रोबायोटिक्स) की संख्या बढ़ती है. जो पाचन को सुधारने में मदद करते हैं. चलिए जानते हैं किन फर्मेंटेड फूड को आप अपनी डाइट में शामिल करके गट हेल्थ को बेहतर बना सकते हैं.

### चेडर चीज़ का करें सेवन

चेडर चीज़ स्वाद में तो लाजवाब होती ही है, साथ ही पोषक तत्वों से भरपूर भी होती है. इसमें प्रोटीन, फैट, कैल्शियम, फास्फोरस और विटामिन के2 भी पाया जाता है. इसमें कैल्शियम होने की वजह से हड्डियों और दांतों को मजबूत बनाता है. वहीं, विटामिन के5 हार्ट हेल्थ को हेल्दी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. इतना ही नहीं, ये आंतो के कामकाज को भी बेहतर बनाने में हेल्प करता है, जिससे पाचन बेहतर रहता है.

### प्रोबायोटिक अचार भी है लिस्ट में

गट हेल्थ को बेहतर बनाने के लिए प्रोबायोटिक अचार भी काफी फायदेमंद होता है. इसमें बैक्टीरिया ( प्रोबायोटिक) होता है जो अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाने का काम करता है. हालांकि, ध्यान रखें कि सिर्फ फर्मेंटेड और नमक के पानी में बने अचार ही प्रोबायोटिक्स प्रदान करते हैं और गट हेल्थ को बेहतर बनाने में हेल्पफुल हैं.



### किमची भी है अच्छा ऑप्शन

किमची पत्ता गोभी के पत्ते से बनी कोरिया की एक बेहद पॉपुलर डिश है. इसे भी फर्मेंट करके बनाया जाता है, जिसकी वजह से इसमें प्रोबायोटिक्स होते हैं जो आंत में अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाते हैं और पाचन को बेहतर करते हैं. इसका सेवन करने से कब्ज , गैस और पेट से जुड़ी कई समस्याओं से राहत मिलती है.



### दही भी है फायदेमंद

NCBI की रिसर्च के मुताबिक, दही भी गट हेल्थ को बेहतर बनाने में मददगार है. इसमें मौजूद प्रोबायोटिक अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाते हैं. इससे पाचन दुरुस्त होता है और गट माइक्रोबायोम को बैलेंस करता है. दही में मौजूद Lactobacillus और Bifidobacterium इम्यून सिस्टम को मजबूत करने में हेल्प करते हैं.

### गट हेल्थ के लिए कांजी

कांजी भी गट हेल्थ के लिए एक बेनिफिशियल ड्रिंक है. इसमें नेचुरली प्रोबायोटिक पाए जाते हैं, जो आंत में अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाते हैं और पाचन को दुरुस्त करने में मदद करते हैं. इससे पेट से जुड़ी कई समस्याओं से राहत मिलती है. ये ड्रिंक एंटीऑक्सीडेंट और फाइबर से भरपूर होती है, जो आंत को हेल्दी बनाए रखने में मदद करते हैं.

# फेस्टिव सीजन में मिठाई बनाते समय अपनाएं ये टिप्स

**फेस्टिवल सीजन यानी घर में खुशियां, रौनक और सबसे जरूरी मिठाइयों की मिठास. दिवाली से लेकर भाई दूज सभी त्यौहार या किसी खास अवसर पर कुछ लोग घर पर मिठाई बनाते हैं. हालांकि कई बार मिठाइयों का स्वाद या टेक्सचर सही नहीं आता, जिससे पूरी मेहनत पर पानी फिर जाता है. ऐसे में मिठाई बनाते समय आपको इन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए.**

धनतेरस से फेस्टिव सीजन की शुरुआत हो जाएगी और भाई दूज तर देशभर में इसकी धूम देखने को मिलेगी. इस दौरान सभी अपनों घरों को डेकोरेट करते हैं. हर खुशी, सौभाग्य और फेस्टिवल के मौके पर लोग एक दूसरे का मुंह मीठा करवाते हैं. सभी तरह के त्यौहार और पूजा में भी मिठाइयों को भाग भगवान को लगाया जाता है और प्रसाद के रूप में यह बहुत महत्वपूर्ण होती है. इसी तरह दिवाली पर भी लोग एक दूसरे से घर मिठाइयां और गिफ्ट्स देने जाते हैं. मिठाइयों की दुकानों में इस दौरान बहुत भीड़ देखने को मिलती है, उसी तरह कई जगहों से मिलावट की खबरें में सामने आती हैं.

मिठाई बनाते समय कुछ मिलावटखोर अपने फायदे के लिए इसमें मिलावट करते हैं. जिसे खाने के बाद व्यक्ति की सेहत पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है. ऐसे में कई लोग घर पर मिठाई बनाने के बारे में सोचते हैं. लेकिन मिठाई का टेस्ट सही नहीं आ पाता है. दरअसल कई बार छोटी-छोटी गलतियों की वजह से स्वाद या बनावट खराब हो जाती है. इसलिए मिठाई बनाते समय आपको इन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए.




### सही क्वालिटि के इंग्रीडिएंट्स

सबसे जरूरी बात कि मिठाई बनाने में उपयोग किए जाने वाले इंग्रीडिएंट्स जैसे कि दूध, खोया, मावा, घी, बेसन, चीनी और ड्राई फ्रूट्स यह सभी अच्छी क्वालिटि के हों. बासी या फिर खराब इंग्रीडिएंट्स मिठाई का स्वाद बिगड़ सकते हैं. ताजा दूध और मावा, ताजा देसी घी और साफ चीनी का उपयोग करें. आप बिना मसाले वाले गुड़ का भी उपयोग कर सकते हैं.

### सही क्वांटिटी

मिठाई या फिर कोई भी खाने की चीज बनाते समय इंग्रीडिएंट्स को नाप तौल कर डालना बहुत मायने रखता है. सभी को देखकर रेसिपी के अनुसार माप कर ही डालें. कोई चीज ज्यादा या कम होने से स्वाद खराब हो सकता है. जैसे कि लड्डू बनाते समय घी कम डाला को वह सख्त बनेंगे और ज्यादा डालने से वह बहुत ज्यादा सॉफ्ट बन सकते हैं.

### चीनी की चाशनी का सही टेक्सचर

रसगुल्ला, बर्फी, गुलाब जामुन और जलेबी जैसी मिठाइयों के लिए चाशनी जरूर बनाई जाती है. ऐसे में पहले इसे बनाने की विधि को सही से समझें. 1 तार वाली चाशनी का उपयोग गुलाब जामुन, जलेबी और इमरती और मीठी बूंदी के लिए किया जाता है, तो मिठाई चाशनी को एब्जॉर्ब कर लेती है. वहीं 2 तार चाशनी यूज , गुझिया, मठरी और शकर पारे में डाला जाते हीं, जो परोसते समय ऊपर चढ़ाई जाती है. 3 तार चाशनी का उपयोग बूरा, बर्फी या बताशे बनाने के लिए किया जाता है.

### खोया या मावा घर पर बनाएं

अगर संभल हो तो खोया या मावा बाजार से लाने की बजाय घर पर बनाएं. यह ज्यादा ताजा और शुद्ध होता है और इससे मिठाई का स्वाद भी बेहतर होगा. दूध को धीमी आंच पर लगातार चलाते हुए गाढ़ा करें. जब तक वह मावे जैसा गाढ़ा न हो जाए, पकाते रहें. ध्यान रखें दूध कढ़ाई पर न चिपके.

### ज्यादा मात्रा में न बनाएं

अगर आप पहली बार कोई मिठाई बना रहे हैं, तो कम मात्रा में बनाएं. इसका स्वाद और टेस्चर चेक करें. इससे इंग्रीडिएंट्स खराब नहीं होंगे और आप उसमें सुधार भी कर सकेंगे. मिठाई को एयरटाइट कंटेनर में रखें. मिठाई बनाते समय बर्तन और किचन की सफाई का विशेष ध्यान रखें.

### अपनाएं ये टिप्स

ज्यादातर मिठाइयों धीमी आंच पर पकाई जाती हैं. जिससे कि उनका स्वाद खराब न हो. खोया या बेसन को भूनते समय आंच कम रखें, वरना यह जल सकता है. घी में तले वाली मिठाइयां जैसे कि गुलाब जामुन को धीमी आंच पर ही तलें, ताकि वो अंदर तक ठीक से पक जाए. इसके साथ ही सही बर्तन का उपयोग करें.